जबलपुर
सोमवार, 18 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-09
वर्ष : 20, अंक : 111
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 32
न्यून. 24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

रात भर हुई भारी बारिश के बीच राजबाग और जंगलोट के जोध घाटी गांव में यह आपदा आई

# किश्तवाड़ के बाद अब कठुआ में फटा बादल, सात लोगों की मौत, 5 घायल



## अधिकांश जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ा, उझ नदी खतरे के निशान के पास

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू के कठुआ जिले में रविवार तड़के बादल फटने और भूस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। जिले में रात भर हुई भारी बारिश के बीच राजबाग और जंगलोट के जोध घाटी गांव में यह आपदा आई। कठुआ के जिला विकास आयुक्त राजेश शर्मा वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बचाव और राहत अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए।



### गृहमंत्री शाह को उपराज्यपाल ने हालात की जानकारी दी

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल कार्यालय ने पोस्ट किया कि कठुआ के कई इलाकों में बारिश के कारण हुए विनाशकारी भूस्खलन में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ है। यह त्रासदी मन को स्तब्ध कर देने वाली है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे बचाव और राहत कार्यों की जानकारी दी। शाह ने आश्वासन दिया कि मोदी सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

## शुभांशु शुक्ला की वतन वापसी



### ढोल-नगाड़ों व भारत माता के जयकारों से भव्य स्वागत

◀ पीएम नरेंद्र मोदी से करेंगे मुलाकात

◀ सीएम रेखा गुप्ता और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने अगवानी की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराने वाले भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की वतन वापसी हो गई है। रविवार तड़के उनका विमान ने दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर लैंड किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह, इसरो के वैज्ञानिक, छात्रों का समूह और बड़ी संख्या में लोगों ने उनका स्वागत किया।

*शुभांशु नासा के एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन के पायलट रहे, 18 दिन अंतरिक्ष में बिताए*

**शुभांशु की भारत वापसी के उपलक्ष्य में भी होगी विशेष चर्चा**

सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की भारत वापसी के उपलक्ष्य में सोमवार को लोकसभा में 'अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री - 2047 तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका' विषय पर विशेष चर्चा का प्रस्ताव रखा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155
airtel चैनल न. 366


## खबर संक्षेप

### महावतार नरसिम्हा 200 करोड़ क्लब में शामिल




**नई दिल्ली।** 'महावतार नरसिम्हा' ने भारत में कमाई के मामले में 200 करोड़ क्लब में एंट्री करते हुए 202.35 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर चुकी है। इस क्लब में शामिल होने वाली यह पहली इंडियन एनिमेटेड फिल्म साबित हुई है। यह फिल्म हर दिन करिश्मा कर रही है। हर दिन 6-7 करोड़ कमा रही है। वहीं, 'सैयारा' की कमाई लाखों में सिमट गई है।

### सिंहस्थ के लिए जमीन अधिग्रहण का विरोध



**उज्जैन।** सिंहस्थ महापर्व के लिए स्थायी कुंभ नगरी बनाने का विरोध तेज हो गया है। किसानों ने रविवार को चक्रतीर्थ श्मशान घाट में पानी में खड़े होकर प्रदर्शन किया। आगर रोड पर चक्काजाम भी किया। उन्होंने कहा कि वे सिंहस्थ के लिए स्थायी रूप से जमीन देने को तैयार नहीं है। प्रशासन की समझाइश के बाद वे माने।

### खंडवा में टला बड़ा रेल हादसा, टूटी थी पटरी



**खंडवा।** जिले में एक बड़ा रेल हादसा होते-होते बचा। यहां भोपाल रेल डिविजन के बरुड छनेरा में रेलवे पटरी एक जगह से दो हिस्सों में टूट गई थी। कीमैन ने पटरी पर क्रेक देखकर उस पर से गुजर रही ट्रेन को रुकवा दिया। इसके बाद उसने ट्रैक से जा रही 04159 हॉलिडे स्पेशल ट्रेन को रुकवा दिया। यह ट्रेन इटारसी से भुसावल की ओर जा रही थी।

**सीईसी की राहुल गांधी को चेतावनी:** हलफनामा दें या देश से माफी मांगें, तीसरा कोई रास्ता नहीं

# न तो चुनाव आयोग और न ही मतदाता झूठे आरोपों से डरते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए वोट चोरी के विपक्ष के दावों का खंडन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही मतदाता ऐसे झूठे आरोपों से डरते हैं। बिहार एसआईआर के बाद संवैधानिक निकाय की ओर से आयोजित यह पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। विपक्षी नेताओं ने बिहार में एसआईआर और 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान वोट चोरी के आरोप लगाए थे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी बड़ा हमला बोला है।

सीईसी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ पीपीटी दिखाने से, वो भी जिसमें आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं, झूठ सच नहीं हो जाता। आपको सबूत देना होगा। उन्होंने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए चेतावनी दी कि हलफनामा दें या देश से माफी मांगें? तीसरा कोई रास्ता नहीं है।

- ▶▶ सात दिन में राहुल गांधी ने हलफनामा नहीं दिया तो आरोप निराधार मान लिए जाएंगे
- ▶▶ आयोग के लिए न कोई पक्ष, न विपक्ष, सभी समकक्ष

*मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ पीपीटी दिखाने से, वो भी जिसमें आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं, झूठ सच नहीं हो जाता। आपको सबूत देना होगा।*



*»* ***आयोग का कहना- हमारे कंधे पर बंदूक रखकर राजनीति की जा रही है***

*»* ***चाहे कितने ही और कैसे भी आरोप हम पर लगें पर हम अपने कर्तव्य से नहीं हटेंगे***

*»* ***चुनाव आयोग मतदाताओं के साथ चट्टान की तरह खड़ा***

### मतदाता सूची को चुनाव से पहले दुरुस्त करना चाहिए या बाद में?

ज्ञानेश कुमार ने बिहार एसआईआर की कवायद में जल्दबाजी के आरोप पर कहा कि कुछ लोग गुमराह कर रहे हैं कि एसआईआर की कवायद इतनी जल्दी क्यों की जा रही है? आप बताइए कि मतदाता सूची को चुनाव से पहले दुरुस्त करना चाहिए या बाद में? जनप्रतिनिधित्व कानून कहता है कि आपको हर चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करना होगा। यह चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। फिर सवाल उठा कि क्या चुनाव समिति बिहार केसात करोड़ से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंच पाएगी?

**उधर, राहुल ने बोलना जारी रखा**

### भाजपा की साजिश सर कराने और बिहार के चुनाव भी चुराने की



**सासाराम।** रविवार से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की सर प्रक्रिया को लेकर बिहार के सासाराम से 'मतदाता अधिकार यात्रा' की शुरुआत कर दी है। इस यात्रा के कार्यक्रम में महागठबंधन के नेताओं का भी जुटान हुआ। यात्रा बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

### भाजपा ने कहा- यह झूठ की बुनियाद पर कहानी गढ़ने की कोशिश

बिहार के सासाराम से शुरू हुई राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा पर भाजपा ने तंज कसा है। भाजपा नेता सीआर केसवन ने इसे संविधान बदनाम यात्रा करार दिया। वहीं भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि राहुल गांधी झूठ की नींव कहानी गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं।



विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी, कहा

# सिर पर संविधान रखकर नाचने वाले लोग ही उसे 'कुचलते' थे

*»* ***अब जीएसटी में नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म होने जा रहा***

*»* ***ताकि जीवन भी और बिजनेस भी, सब-कुछ और आसान हो***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 और द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली भाग का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने उद्घाटन के बाद जनसभा को भी संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में हमारे जो स्वच्छता मित्र हैं, वो सभी बहुत बड़ा दायित्व निभाते हैं। लेकिन पहले की सरकारों ने इन्हें भी जैसे अपना गुलाम समझ रखा था। ये जो लोग सर पर संविधान रखकर नाचते हैं, ये संविधान को कैसे कुचलते थे, ये बाबा साहेब की भावनाओं को कैसे दगा देते थे।

### देशवासियों को डबल बोनस मिलने वाला है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे लिए रिफॉर्म का मतलब है सुशासन का विस्तार। इसलिए हम निरंतर रिफॉर्म पर बल दे रहे हैं। आने वाले समय में हम अनेक बड़े-बड़े रिफॉर्म करने वाले हैं। ताकि जीवन भी और बिजनेस भी, सब-कुछ और आसान हो। अब जीएसटी में नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म होने जा रहा है। इस दिवाली। जीएसटी रिफॉर्म से डबल बोनस देशवासियों कोमिलने वाला है।

जबलपुर बैंक लूट केस

### बिहार में छिपाया 14 करोड़ का सोना, दमोह से चार गिरफ्तार



■ कट्टा दिखाकर 15 मिनट में की थी वारदात

**जबलपुर।** 11 अगस्त को सिहोरा में इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में 14 करोड़ का सोना और 5 लाख कैश लूटने के मामले का खुलासा हो गया। रविवार को पुलिस ने 4 आरोपियों को दमोह से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने 11 अगस्त को 15 मिनट में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। अभी तक लूट में लिप्त आरोपियों में से रहीस लोधी, सोनू वर्मन, हेमराज और विकास चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया गया है।

भगवान महाकाल की अंतिम सवारी आज

### 7 किमी लंबा होगा मार्ग रामघाट पर होगी आरती



■ शाम 4 बजे से शुरुआत, रात को वापसी

**उज्जैन।** भगवान महाकाल की भाद्रपद माह की दूसरी और अंतिम राजसी सवारी सोमवार को शाम 4 बजे निकाली जाएगी। इस सवारी में छह मुखारबिंद शामिल होंगे और इसका मार्ग लगभग 7 किलोमीटर लंबा होगा। इस सवारी में रजत पालकी में श्री चंद्रमोलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर श्री शिवतांडव, नंदी रथ पर श्री उमा-महेश, डोल रथ पर होल्कर स्टेट का मुखारबिंद और रथ पर सप्त धान मुखारबिंद शामिल रहेंगे।

उमरिया के हॉस्टल से 5 छात्राएं गायब

### कमरे में मिला नोट, लिखा अब कुछ बनकर ही लौटेंगी



■ सभी छात्राएं नाबालिग, नाश्ते के वक्त भागीं

**उमरिया।** जिले में पाली नगर थाना क्षेत्र के गिंजरी स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास से एक साथ 5 छात्राएं लापता हो गईं। यह छात्राएं कक्षा 8वीं की बताई जा रही हैं। परिजनों का आरोप है कि छात्रावास प्रबंधन की लापरवाही के कारण ही यह घटना हुई। हॉस्टल में बाउंड्रीवाल तक नहीं है। एसपी निवेदिता नायडू ने बताया कि लापता सभी छात्राएं नाबालिग हैं और वे अपने कमरे में नोट रखकर गई हैं।

संसदीय बोर्ड की बैठक में लगी मुहर

# सीपी राधाकृष्णन होंगे एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार

जेपी नड्डा ने ऐलान किया, अभी महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सीपी राधाकृष्णन

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की बैठक में इस पर सहमति बनी। नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका ऐलान किया। राधाकृष्णन 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था।




**आरोपी पर सख्त कार्रवाई** होने तक नगर बंद का विरोध प्रदर्शन होगा

# लव जिहाद घटना के विरोध में बंद रहा नगर मांग:आरोपी के घर को जमींदोज किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इछावर

पिछले दिनों नगर में हुई लव जिहाद की घटना के विरोध में हिंदू संगठनों के आह्वान पर रविवार को नगर बंद रखा गया। दोपहर में हिंदू समुदाय के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होकर रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्वाई करने एवं उसके मकान को जमींदोज करने की मांग की।

» आरोपी मोहसिन पिता सईद बाबा पर दुष्कर्म और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मामला दर्ज

### सीहोर में धर्मांतरण की सूचना पर छापेमारी



इधर, सीहोर में कथित धर्मांतरण की सूचना पर रविवार को पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित एक मकान पर छापेमारी की। यह सूचना सबसे पहले बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को दी थी। मकान के अंदर एक पुलिसकर्मी समेत विभिन्न धर्मों के लोग प्रार्थना सभा मेंशामिल थे और वहां बाइबिल भी बरामद हुई।

**फिल्म शोले 50 बरस की :** शोले फिल्म का निर्माण 1973 में कर्नाटक में शुरू हुआ था

15 अगस्त 1975 को यह फिल्म रिलीज हुई थी


# हरिराम नाई का पात्र इंदौर के सैलून का था, सलीम खान यहीं कराते थे कटिंग, जय-वीरू भी उनके दोस्तों के नाम थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

अलग खबर

भारतीय इतिहास में कई फिल्में यादगार और चर्चित हैं। इनमें शोले का नाम भी अग्रणी है। इसे अब 50 साल पूरे हो गए हैं। शोले जब सिनेमाघरों में लगी तब देश में आपातकाल लागू था। इस कारण अनेक कठोर प्रतिबंध लागू थे, पर शोले के डॉयलॉग उस दौर में भी आसानी से सुने जा सकते थे। शोले फिल्म का निर्माण 1973 में कर्नाटक में शुरू हुआ था और 15 अगस्त 1975 को यह फिल्म रिलीज हुई थी। एक संयोग है कि इस फिल्म के लेखक सलीम खान इंदौर से और सह लेखक जावेद अख्तर ग्वालियर से जुड़े हैं।

इस फिल्म के लेखक सलीम खान इंदौर से और सह लेखक जावेद अख्तर ग्वालियर से जुड़े हैं




एक रुपए साठ पैसे का बालकनी का टिकट 10 रुपए तक ब्लैक में बिकता था

### पलासिया में लिखी गई पटकथा

फिल्म के पटकथा लेखक और अभिनेता सलमान खान के पिता सलीम खान इंदौर के पलासिया में रहते थे। वे अक्सर कटिंग बनवाने के लिए हरिराम आमेरिया की पलासिया स्थित सैलून में जाते थे। जब उन्होंने शोले की पटकथा लिखी तो उन्होंने हरिराम नामका भी उल्लेख फिल्म डायलॉग में किया।

### टॉकीज में दरी बिछाकर देखते थे शोले

शोले देखने के लिए टॉकीजों में इतनी भीड़ रहती थी कि लोग दरी बिछा कर फिल्म देखते थे। प्रसिद्ध फिल्म लेखक सलीम खान के स्कूल के खास मित्र थे जयसिंह और वीरेंद्र। उन्हें सलीम खान जय और वीरू नाम से संबोधित करते थे। जब उन्होंने शोले फिल्म की पटकथा लिखी तो उसमें उन्होंने जय और वीरू नाम का उपयोग किया।

# हमारे लिए सभी दल समान, विपक्ष कर रहा अपमान

बिहार एसआईआर विवाद के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त की खरी-खरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने रविवार को नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदाता बनना चाहिए और मतदान भी करना चाहिए। कानून के अनुसार प्रत्येक राजनीतिक दल का जन्म चुनाव आयोग में पंजीकरण के माध्यम से होता है। फिर चुनाव आयोग समान राजनीतिक दलों के बीच भेदभाव कैसे कर सकता है? चुनाव आयोग के लिए न तो कोई विपक्ष है और न ही कोई पक्ष। सभी समान हैं। चाहे कोई किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित हो, चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा।

## हम संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेंगे, पारदर्शिता रख रहे

मसौदा सूची में सभी दलों से हस्ताक्षर कर सत्यापित कराया



भेदभाव करने की बातें निर्मूल निराधार

### 1.6 लाख बीएलए ने मसौदा सूची तैयार की, प्रक्रिया पारदर्शी

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पिछले दो दशकों से लगभग सभी राजनीतिक दल मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए चुनाव आयोग ने बिहार से एक विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत की है।एसआईआर की प्रक्रिया में सभी मतदाताओं, बूथ स्तर के अधिकारियों और सभी राजनीतिक दलों द्वारा नामित 1.6 लाख बीएलए ने मिलकर एक मसौदा सूची तैयार की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया में एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारी, 10 लाख से ज्यादा बूथ लेवल एजेंट, उम्मीदवारों के 20 लाख से ज्यादा पोलिंग एजेंट काम करते हैं। इतने सारे लोगों के सामने इतनी पारदर्शी प्रक्रिया में क्या कोई मतदाता वोट चुरा सकता है?

### त्रुटियों को सुधारने 15 दिन का समय बाकी

सीईसी ने कहा कि बिहार में मसौदा सूची जब से तैयार की जा रही थी, तभी से इसे सभी राजनीतिक दलों के बीएलए से हस्ताक्षर करा सत्यापित कराया गया। इसमें आने वाली त्रुटि को ठीक करने के लिए सभी राजनीतिक दल और मतदाता अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर में त्रुटि हटाने के लिए अभी भी 15 दिन का समय बाकी है।

### विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाना पूरी तरह से गलत

ईसी ने कहा कि आयोग के दरवाजे सभी के लिए समान रूप से सदैव खुले हैं। सभी मतदाता, राजनीतिक दल और बूथ स्तरीय अधिकारी मिलकर पारदर्शी तरीके से काम कर रहे हैं। सत्यापन कर रहे हैं। हस्ताक्षर कर रहे हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है कि राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों और उनकी ओर से नामित बीएलओ के सत्यापित दस्तावेज, प्रशंसापत्र या तो उनके अपने राज्य स्तरीय या राष्ट्रीय स्तर के नेताओं तक नहीं पहुंच रहे हैं।

### मशीन-पठनीय सूची मतदाता की निजता का उल्लंघन

उन्होंने कहा कि जहां तक मशीन-पठनीय मतदाता सूची का सवाल है तो सुप्रीम कोर्ट 2019 में ही कह चुका है कि यह मतदाता की निजता का उल्लंघन हो सकता है।

किसी बहू-बेटी की फुटेज जारी करनी चाहिए?

## ईसी का राहुल गांधी को जवाब

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि न तो मेरे के लिए कोई पक्ष है, ना ही विपक्ष। मेरे लिए सभी एक समान है। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से लगाए गए वोट चोरी के आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया। साथ ही मां-बेटी की तस्वीरों पर भी सवाल उठाए और पूछा कि क्या ऐसा करना चाहिए?

### कांग्रेस ने कहा- मुझसे हलफनामा क्यों मांग रहे?

कांग्रेस के आधिकारिक एक्स अकाउंट के वीडियो कोलाज पोस्ट करते हुए लिखा गया कि आयोग ने फिर झूठ बोला। इसमें पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि हमारे लिए न तो कोई पक्ष है, न कोई विपक्ष है, सब समकक्ष है। इसके बाद राहुल का वीडियो प्ले होता है, जिसमें वो यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि कुछ दिनों पहले भाजपा के लोग प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं, उनसे कोई एफिडेविट नहीं मांगा। उन्हीं का डेटा है।

## खबर संक्षेप

### पीएमके में डॉ. रामदास संस्थापक-अध्यक्ष घोषित



**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीतिक दल पट्टाली मक्कल कच्ची (पीएमके) में खींचतान के बीच पार्टी की विशेष महासभा की बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि पार्टी के संस्थापक डॉ. एस. रामदास आगे भी संस्थापक अध्यक्ष बने रहेंगे। डॉ. रामदास और उनके बेटे डॉ. अंबुमणि रामदास में विवाद था।

### रनौत ने अब डेटिंग एप्स के खिलाफ खोला मोर्चा



**मुंबई।** कंगना रनौत अक्सर ही अपने बयानों की वजह से चर्चा में रहती हैं। लिव इन को महिलाओं के लिए नुकसानदायक बताने के बाद अब उन्होंने डेटिंगएप्स के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एक्ट्रेस ने कहा इस तरह के एप पर समाज के सबसे फ्रस्टेटेड लोग रहते हैं। ये एप समाज की गंदगी हैं और कुछ नहीं।

### पंजाब में ड्रग्स तस्करों की संपत्ति होगी फ्रीज



**चंडीगढ़।** पंजाब में ड्रग्स मनी से बनी तस्करों की संपत्तियों को फ्रीज करना आसान हो गया है। केंद्र सरकार के केंद्रीकृत आनलाइन पोर्टल ने इसे सरल बना दिया है। इसके जरिए अब एनडीपीएस अधिनियम के तहत संपत्तियों को फ्रीज करना कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के लिए आसान हो गया है। प्रक्रिया एक हफ्ते में पूरी होगी।

### शिवकुमार बनेंगे सीएम विधायक को नोटिस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की राज्य अनुशासन समिति ने चन्नगिरी के विधायक बसवराजू वी शिवगंगा को उनके बयान के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने दावा किया था कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री होंगे। इसने नेतृत्व परिवर्तन को हवा दी है।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली में 11,000 करोड़ की 2 प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं का तोहफा दिया

# पहले कागजों में ही होता था विकास और आज जमीन पर दिखाई दे रहा

द्वारका एक्सप्रेसवे यूईआर-2 का किया उद्घाटन



सड़क परिवहन मंत्री गडकरी भी कार्यक्रम में शामिल रहे

*आज विकास की क्रांति की साक्षी बन रही दिल्ली, राजधानी और एनसीआर में लोगों का अवागमन होगा और आसान*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली में 11,000 करोड़ रुपए की दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं का तोहफा दिया है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने दिल्ली के रोहिणी से यूईआर-2 (अर्बन एक्सटेंशन रोड-2) के दिल्ली सेक्शन और द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने बक्करवाला गांव टोल प्लाजा इलाके में रोड शो करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। गुप्ता और सैनी ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का स्वागत किया। द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड और शहरी विस्तार सड़क-2 (यूईआर-2) राजधानी को भीड़भाड़ से मुक्त करने की सरकार की व्यापक योजना के तहत विकसित की गई है। इसका उद्देश्य कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार, समय में कमी और आसपास के क्षेत्रों में यातायात में कमी लाना है। पीएम ने कहा कि पहले कागजों में काम होता था, आज धरातल पर दिखाई दे रहा है।

### मजदूरों से मिले मोदी, रोड शो किया

कार्यक्रम में पहुंचने से पहले पीएम मोदी द्वारका एक्सप्रेसवे पर पहुंचे। वहां उन्होंने मजदूरों से बात कर उनके अनुभव जाने। इसके बाद अधिकारियों से प्रोजेक्ट की जानकारी ली। इसके बाद रोहिणी से लेकर बक्करवाला तक रोड शो किया।

### 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने को कहा



पीएम ने कहा कि हाल ही में स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले से उन्होंने आत्मनिर्भर भारत और मजबूत अर्थव्यवस्था की बात की थी और आज दिल्ली उसी दिशा में तेजी से बढ़ते भारत की गवाह बन रही है। उन्होंने लोगों से 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने को कहा। आज मेट्रो नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े नेटवर्क क्षेत्रों में से एक है। नमो भारत जैसी रैपिड रेल सेवा की शुरुआत हो चुकी है। इससे दिल्ली-एनसीआर में आना-जाना पहले की तुलना में काफी आसान हो गया है।

### दिल्ली विकास की क्रांति की साक्षी बनी

पीएम मोदी ने कहा कि इससे दिल्ली के, गुरुग्राम के और पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। दफ्तर आना-जाना, फैक्ट्री आना-जाना और आसान होगा, सभी का समय बचेगा। हमारे व्यापारी, कारोबारी और किसानों को विशेष लाभ होने वाला है। नए एक्सप्रेसवे का सभी को लाभ मिलेगा। पूरे एनसीआर के लोगों को फायदा होगा। दिल्ली विकास की क्रांति की साक्षी बनी। आज का भारत क्या सोच रहा है, उसके सपने और संकल्प क्या हैं? ये सबकुछ आज पूरी दुनिया अनुभव कर रही है।

### सैनी ने प्रधानमंत्री को दिया धन्यवाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज का दिन हरियाणा के साथ-साथ पूरे उत्तर भारत के लिए ऐतिहासिक और यादगार दिन है। यह दिन हरियाणा और विशेषकर एनसीआर के विकास के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों द्वारा दिल्ली और हरियाणा में 11,000 करोड़ रुपए की लागत की 6 सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन हो रहा है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इन परियोजनाओं के लिए धन्यवाद करता हूं।

### कुछ लोग जनता के आशीर्वाद को अभी भी पचा नहीं पा रहे

पीएम मोदी ने कहा कि ये संयोग भी पहली बार बना है कि दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में चारों तरफ भाजपा सरकार है। ये दिखाता है कि इस पूरे क्षेत्र का कितना आशीर्वाद भाजपा पर और हम सभी पर है। हालांकि, कुछ राजनीतिक दल हैं, जो जनता के इस आशीर्वाद को अभी भी पचा नहीं पा रहे हैं।

### सीएम रेखा ने पीएम को सच्चाई के धरातल पर विकास पुरुष बताया

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी की नेतृत्व क्षमता और देशहित में लिए गए फैसलों की सराहना की। गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि सिर्फ नारों और जयकारों में नहीं, आप सच्चाई के धरातल पर इस देश के विकास पुरुष हैं। आप एक ऐसे नेता हैं, जिन्होंने विपक्ष की घटिया राजनीति के बावजूद दिल्ली की जनता को कभी भी ओछी राजनीति का शिकार नहीं बनने दिया। आप ऐसे दूरदर्शी नेता हैं जिनकी सोच में भारत का हर नागरिक शामिल है, जिनकी नीतियों में हर राज्य की समान भागीदारी है, और जिनके संकल्प में हर व्यक्ति खुद को सुरक्षित महसूस करता है। आपकी नीति में भारत का हर प्रदेश बराबरी का हिस्सेदार है। जिनके संकल्प में भारत का हर नागरिक अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है। आप वह शक्ति हैं जिसने राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखा।

प्रियांक ने आंबेडकर के बयान का दिया हवाला

## जिन्ना से पहले सावरकर ने दिया था द्वि-राष्ट्र विचार



आज के भारत को एकात्मक और समरूप राष्ट्र नहीं माना जा सकता

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे ने दावा किया है कि द्वि-राष्ट्र सिद्धांत की अवधारणा मोहम्मद अली जिन्ना और मुस्लिम लीग द्वारा दिए जाने से पहले विनायक दामोदर सावरकर द्वारा दी गई थी। एक्स पर साझा एक पोस्ट में, सूचना प्रौद्योगिकी और जैव प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि द्वि-राष्ट्र का विचार सबसे पहले वीर सावरकर ने रखा था और उनके टुकड़े-टुकड़े गिरोह ने इसका समर्थन किया था।प्रियांक खरगे ने सावरकर के लेखों और भाषणों का हवाला देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में बताया 'एसेंशियल्स ऑफ हिंदुत्व (1922 में लिखी गई) में, सावरकर हिंदुत्व को धर्म से नहीं, बल्कि मातृभूमि से परिभाषित करते हैं, भारत को 'पितृभूमि और पवित्रभूमि' दोनों के रूप में परिभाषित करते हैं। खरगे ने बताया कि 1937 में अहमदाबाद में हिंदू महासभा के 19वें अधिवेशन के दौरान, सावरकर ने कहा था, भारत में दो विरोधी राष्ट्र एक साथ रह रहे हैं। आज के भारत को एकात्मक और समरूप राष्ट्र नहीं माना जा सकता। बल्कि भारत में मुख्य तौर पर दो देश हैं, जिनमें हिंदू और मुसलमान हैं।

### आंबेडकर ने भी दिया था बयान

प्रियांकने 1943 में सावरकर द्वारा नागपुर में की गई टिप्पणी का हवाला दिया। मुझे जिन्ना के द्वि-राष्ट्र सिद्धांत से कोई आपत्ति नहीं है। हम हिंदू, अपने आप में एक राष्ट्र हैं, और यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि हिंदू और मुसलमान दो राष्ट्र हैं। खरगे ने अपने दावे के समर्थन में संविधान निर्माता डॉ. बीआर आंबेडकर की टिप्पणी का हवाला भी दिया, जिसमें आंबेडकर ने कहा था कि यह अजीब लग सकता है, लेकिन सावरकर और जिन्ना एक राष्ट्र बनाम दो राष्ट्र के मुद्दे पर एक-दूसरे के विरोधी होने के बजाय, इस पर पूरी तरह सहमत हैं। दोनों न केवल सहमत हैं, बल्कि इस बात पर जोर देते हैं कि भारत में दो राष्ट्र हैं-एक मुस्लिम राष्ट्र और दूसरा हिंदू राष्ट्र। उनके बीच केवल उन शर्तों और नियमों को लेकर मतभेद है। प्रियांक की इस पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर्स जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## बांकेबिहारी मंदिर में मंगला आरती



महिला की बिगड़ी तबीयत, भीड़ में फंसीं

**वृंदावन।** मथुरा के वृंदावन में बांकेबिहारी मंदिर में जन्माष्टमी के पर्व पर वर्ष में एक बार होने वाली मंगला आरती में इस बार कुछ अलग ही नजारा था। आरती में केवल 600 लोगों को अनुमति दी गई थी। इस दौरान पुलिसकर्मियों की भीड़ रही। भीड़ में एडीजी आगरा जोन और उनके साथ आए लोग बमुश्किल निकल पाए। एक महिला श्रद्धालु की तबीयत अचानक बिगड़ गई। आरती के समय ऐसे हालात हो गए थे कि एडीजी आगरा जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ भी भीड़ में फंस गईं तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें निकाला।

## सीएम योगी से मिलीं पूजा पाल, सियासी हलचल बढ़ने लगी



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी से निष्कासित होने के बाद यूपी की चायल सीट से विधायक पूजा पाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इसके बाद प्रदेश की सियासत में हलचल तेज हो गई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि वह जल्द ही भाजपा का दामन थाम सकती हैं। बीते कुछ समय से पूजा पाल लगातार योगी सरकार की जमकर तारीफ कर रही हैं।

*सीएम धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट में फैसला*

## प्रदेश में होगा उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन, मदरसा बोर्ड होंगे निरस्त

### सभी धर्मों को समान सुविधा मिलेगी

एजेंसी ▶▶ देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में राज्य सचिवालय में उत्तराखंड कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 19 अगस्त से भराड़ीसैंण विधानसभा में आयोजित मानसून सत्र में पेश होने वाले विधेयक व अध्यादेश के प्रस्ताव रखे गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। इसके लिए उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान अधिनियम, 2025 विधेयक लाया जाएगा। अभी तक अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा केवल मुस्लिम समुदाय को मिलता था। अब अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को लाभ मिलेगा।



### सिख-जैन धर्म के स्कूलों को मिलेगा अल्पसंख्यक होने का फायदा

धामी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़े क्रांतिकारी बदलाव करने का फैसला किया है। कैबिनेट की एक विशेष बैठक में धामी सरकार ने कांग्रेस के सरकार के दौरान बनाए गए मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम को समाप्त करने का बड़ा फैसला लिया है। इसके स्थान पर उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान कानून बनाया जाएगा। इस अब तक केवल मुस्लिम समुदाय के मदरसों को मिल रहे अल्पसंख्यक संस्थान होने का लाभ सिख, जैन सहित अन्य धर्मों से जुड़े शिक्षण संस्थानों को मिलेगा।

*आईआईटी दिल्ली के छात्रों से मिले शिक्षा मंत्री प्रधान*

## संस्थान 'स्वदेशी और आत्मनिर्भर' भविष्य की नींव, 2047 तक भारत बनेगा विकसित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को आईआईटी दिल्ली का दौरा किया, जहां उन्होंने छात्रों के साथ नाश्ता किया और उनसे संवाद किया और उनके विचारों को सराहा। इस दौरान उन्होंने भारत के भविष्य को लेकर गहरा विश्वास जताया। इस दौरान उन्होंने युवाओं के महत्व पर भी जोर दिया। प्रधान ने कहा कि इन छात्रों से मिलकर मुझे पूरा भरोसा हो गया है कि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। आने वाले 20-25 वर्षों में ही युवाओं के कंधों पर भारत का सुनहरा भविष्य बनता देख सकता हूं।

### युवाओं को भारत का भविष्य और महत्व भी बताया

#### स्वदेशी और आत्मनिर्भर' भविष्य की नींव



उन्होंने आईआईटी को भारत के 'स्वदेशी और आत्मनिर्भर' भविष्य की नींव बताया। प्रधान ने कहा कि देश के प्रतिभाशाली युवा तकनीक, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि आईआईटी केवल अकादमिक उत्कृष्टता के केंद्र नहीं हैं, बल्कि भारत की नवाचार इकोसिस्टम के प्रमुख स्तंभ भी हैं। यहां आत्मनिर्भर भारत के शिल्पकार होंगे।

#### विकास व शिक्षा सरकार की प्राथमिकता

प्रधान ने संदेश दिया कि युवाओं द्वारा संचालित विकास और शिक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। समृद्ध भारत योजना में युवाओं को सक्षम बनाने का बड़ा लक्ष्य निहित है, ताकि भारत अपने दम पर खड़ा हो और विश्व में अपनी पहचान बनाए।

महाराष्ट्र की राजनीति में नए गठजोड़ की आहट

## शिवसेना यूबीटी और मनसे निश्चित तौर पर करेंगे गठबंधन

### सांसद राउत ने दी हवा पर मनसे ने नहीं दिया कुछ भी संकेत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और मनसे महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए निश्चित तौर पर गठबंधन करेंगे। हालांकि, इस पर अंतिम फैसला चुनाव के करीब आने पर हो सकता है। दोनों ही दलों के नेताओं का ऐसा मानना है।

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे इस संभावित गठबंधन के बारे में ज्यादा मुखर रहे हैं, जबकि उनके चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे इस बारे में ज्यादा कुछ कहने से बचते नजर आए हैं।

### नगर निगम चुनाव में कुछ सीटों पर साथ लड़ेंगे



सांसद संजय राउत ने कहा कि उनकी पार्टी मुंबई, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, नासिक और छत्रपति संभाजीनगर में होने वाले नगर निगम चुनावों के लिए मनसे के साथ गठबंधन करेगी। हालांकि, मनसे की ओर से अभी तक इस बारे में कोई बयान नहीं आया।

### राज ठाकरें करेंगे अंतिम फैसला

मनसे के एक पदाधिकारी ने बताया कि 5 जुलाई की रैली के बाद हम उस मुकाम पर पहुंच गए हैं, जहां जनता के भारी दबाव के कारण शिवसेना (यूबीटी) के साथ गठबंधन न करना एक मुश्किल काम होगा। अब राज इस पर अंतिम फैसला लेंगे।

अपहरण की आरोपी महिला को जमानत

## बच्ची को मां के स्नेह से वंचित नहीं किया जा सकता: कोर्ट

महाराष्ट्र की एक अदालत ने अपहरण जैसे गंभीर आरोप का सामना कर रही महिला को उसकी 7 वर्षीय बच्ची की देखभाल के लिए जमानत दे दी।



अदालत ने कहा कि किसी भी बच्चे को अपने प्राकृतिक अभिभावक के स्नेह से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। यह मामला 2013 में 7 साल की बच्ची के अपहरण से जुड़ा है। बच्ची लगभग एक दशक बाद मिली। 2022 में आरोपी महिला और उसके पति को गिरफ्तार किया गया. डिंडोशी के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस एम ताकालिकर ने 5 अगस्त 2022 को महिला को जमानत दी थी।

### ट्रंप की नीतियों का अमेरिका में हो रहा जमकर विरोध, ट्रंप पर लग रहे चुनावी धांधलियों के आरोप, लोगों ने कहा हम लोकतंत्र चाहते हैं

# दुनिया को घेरने चले ट्रंप अपने ही घर में घिरे, जगह-जगह 'ट्रंप टेकओवर' के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक तरफ रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग को खत्म कराने में लगे हैं तो दूसरी ओर भारत समेत कई देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगा रहे हैं। इस टैरिफ की आड़ में ट्रंप समूची दुनिया को घेरने चले थे लेकिन अमेरिका के भीतर ही लोकतंत्र समर्थकों ने राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ मोर्चा खोलकर उनकी घेराबंदी कर दी।

अमेरिका में अब रिपब्लिकन पार्टी की नीतियों को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। अमेरिका में शनिवार को श्रमिक समूहों और लोकतंत्र समर्थकों की तरफ से सैकड़ों रैलियां और कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें ट्रंप प्रशासन की तरफ से टेक्सास में रिपब्लिकन के पक्ष में कांग्रेस का नक्शा बदलने की कोशिशों का विरोध किया गया। ह्यूस्टन फेडरेशन टीचर्स के अध्यक्ष जैकी एंडरसन ने टेक्सास में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा, हम निश्चित रूप से नहीं चाहते कि राष्ट्रपति हमारे राज्य पर कब्ज़ा करें और हमारे राज्य के प्रतिनिधियों का इस्तेमाल करके, सीटों पर कब्ज़ा करके चुनावों में धांधली करें।

### ऑकलैंड, कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क सिटी जैसे शहरों में ट्रंप के खिलाफ हुए प्रदर्शन




**सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश**

*इंडिविजिबल, मूवऑन और प्लान्ड पेरेंटहुड जैसे कार्यकर्ता समूह भी इन प्रदर्शनों में शामिल हैं. इंडिविजिबल के एज़्रा लेविन ने बताया कि तानाशाही के खिलाफ लड़ाई में, हर एक विरोध प्रदर्शन का पैमाना पहले वाले विरोध प्रदर्शन जितना होना जरूरी नहीं है। दबाव बनाए रखना ही मायने रखता है। टेक्सास फॉर ऑल की ड्रूसिला टिग्नर ने कहा कि यह लड़ाई टेक्सास में शुरू हुई थी।*

**रिपब्लिकन को होगा 5 सीटों का फायदा**

फाइट द ट्रंप टेकओवर के बैनर तले आयोजित ये प्रदर्शन कम से कम 34 राज्यों में हुए हैं। सबसे बड़ा प्रदर्शन ऑस्टिन, टेक्सास में हुआ, जहां ट्रंप ने दशक के बीच में शुरू हुई डिलिमिटेशन प्लान का समर्थन किया है जिससे रिपब्लिकन को कांग्रेस में पांच अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं। इस महीने की शुरुआत में टेक्सास के डेमोक्रेट्स ने रिपब्लिकन को कोरम पूरा न करने देकर नक्शों पर वोटिंग रोकने के लिए राज्य छोड़ दिया था। समर्थकों से बात करते हुए, टेक्सास फॉर ऑल एलायंस ने कहा कि ट्रंप अमेरिकी लोगों से डरे हुए हैं। उन्हें पता है कि वे अपने विचारों से नहीं जीत सकते, इसलिए वे किसी भी तरह से कांग्रेस पर कब्ज़ा करने की कोशिश कर रहे हैं और वे ऐसा अश्वेत समुदायों की आवाज़ों को दबाकर कर रहे हैं।

### राष्ट्रपति बोले थे- राजधानी में हालात बेकाबू, 3 राज्यों में तैनात किए 7 सैनिक



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप राजधानी वॉशिंगटन डीसी में और ज्यादा गार्ड तैनात करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके आदेश पर वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना और ओहियो के गवर्नरों ने शनिवार को अपने राज्यों के नेशनल गार्ड्स को वॉशिंगटन भेजने की घोषणा की है। वेस्ट वर्जीनिया से 300-400, साउथ कैरोलिना से 200 और ओहियो से करीब 150 नेशनल गार्ड आएंगे। अभी वॉशिंगटन में 800 नेशनल गार्ड्स तैनात हैं। इन्हें सीधा ट्रंप कंट्रोल करते हैं। इन तीन राज्यों से लगभग 700 एक्स्ट्रा सैनिकों के आने से वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी। हालांकि नेशनल गार्ड्स की तैनाती को लेकर शनिवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।



**नया नक्शा बनाने की तैयारी**

*यह हमारे लोकतंत्र के भविष्य का मामला है। दरअसल टेक्सास में रिपब्लिकन लीडर्स राष्ट्रपति ट्रंप को इशारों में कांग्रेस का नक्शा बदलने की कोशिश में जुटे हैं। इसके तहत राज्य की सीटों का नया नक्शा बनाने की तैयारी हो रही है।*

---


## खबर संक्षेप

### न्यूयॉर्क में गोलीबारी, 3 की मौत, 8 घायल



**न्यूयार्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में रविवार को कई बंदूकधारियों ने ब्रुकलिन के एक होटल में लोगों पर गोलीबारी कर दी, जिसमें 3 लोग मारे गए और 8 घायल हो गए। ब्रुकलिन पुलिस कमिश्नर के मुताबिक, आपसी विवाद के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया। मरने वाले तीनों पुरुष हैं। घायलों को फौरन पास के अस्पतालों में एडमिट किया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### इंडोनेशिया में 5.8 तीव्रता के झटके, 29 घायल



**जकार्ता।** इंडोनेशिया में रविवार सुबह समुद्र के नीचे आए 5.8 तीव्रता वाले भूकंप के झटके देश के पूर्वी भागों में महसूस किए गए। इसमें 29 लोग घायल हो गए जिनमें से दो की हालत गंभीर है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप मध्य सुलावेसी प्रांत में पोसो जिले से 15 किलोमीटर उत्तर में आया तथा इसके बाद कम से कम 15 झटके महसूस किए गए। इंडोनेशियाई प्राधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की गई है।

---

### यूरोपीय नेताओं ने कहा-जेलेंस्की को दबाव में लाने की कोशिश न करें

# जेलेंस्की को ट्रंप के सामने अकेला नहीं छोड़ेंगे इटली और फिनलैंड के बाद जर्मनी भी साथ

एजेंसी ▶▶ कीव

युक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की सोमवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ शांति वार्ता में शामिल होंगे। इस बैठक में उन्हें यूरोपीय नेताओं का भरपूर समर्थन मिलेगा। यूरोपीय आयोग की प्रमुख युरसुला वॉन डेर लेयेन के साथ-साथ जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्क, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और नैटो महासचिव मार्क रुटे इस मीटिंग में जेलेंस्की के साथ होंगे। इस बैठक में फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टुब्ब और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की भी उपस्थिति की संभावना है। हालांकि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अपनी पुष्टि अभी नहीं की है, लेकिन एक प्रमुख सहयोगी के तौर पर उनकी उम्मीद व्यक्त की जा रही है।

जर्मन सरकार ने बताया कि इस बैठक में मुख्य रूप से सुरक्षा गारंटी, क्षेत्रीय मुद्दों और रूस की आक्रामकता के खिलाफ यूक्रेन के समर्थन के जारी रखने पर चर्चा होगी। यूरोपीय नेताओं का उद्देश्य है कि किसी भी तरह के समझौते में जेलेंस्की को दबाव में न लाया जाए और शांति समाधान में यूरोप की भूमिका सुनिश्चित हो। इस कदम से यह स्पष्ट हुआ है कि यूरोपीय नेता जेलेंस्की को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की नीति से संभावित असंतुलन या बाहरी दबाव से बचाने के लिए सामूहिक रूप से समर्थन प्रदान कर रहे हैं। यह उनकी एकजुटता और युक्रेन की संप्रभुता की रक्षा का संकेत भी है। खासतौर पर ट्रंप ने हाल ही में रूस के साथ हुई वार्ता में युक्रेन के पूर्वी क्षेत्रों को लेकर समझौतों के संकेत दिए हैं, जिसके बाद यूरोपीय देशों की चिंता और बढ़ गई है।

**आज व्हाइट हाउस में होगी ट्रंप और जेलेंस्की के बीच वार्ता**

**जेलेंस्की किसी भी सूरत में इसे स्वीकारना नहीं चाहते**

**रूस, यूक्रेन के कुछ इलाकों में कब्जा चाहता है**



**रूस क्या चाहता है?**

डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई पुतिन की मीटिंग के बाद जो डिटेल सामने आई है, उसके मुताबिक वे डोनेत्स्क और लुहांस्क के इलाकों पर कब्जा चाहते हैं। वहीं यूक्रेन इन इलाकों को बिल्कुल देना नहीं चाहता क्योंकि इससे उसकी सामरिक और आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ेगा। परेशानी तब बढ़ गई है कि जब ट्रंप भी इस पर समर्थन जताते नजर आए लेकिन जेलेंस्की ने साफ कह दिया है कि वे किसी भी हाल में अपनी जमीन नहीं देंगे, खासतौर पर जब उनकी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं लेता।

**वार्ता में बिंदुवार रखे जाएंगे सभी मुद्दे**

*यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने रविवार को कहा कि यूरोपीय नेता यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगे। यह बैठक आज सोमवार को व्हाइट हाउस में होगी। यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा प्रमुख वॉन डेर लेयेन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि राष्ट्रपति जेलेंस्की के अनुरोध पर, मैं कल व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप और अन्य यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक में शामिल होऊंगी। इस बीच यहां यह भी बता दें कि, शिखर सम्मेलन के बाद एक साक्षात्कार में जब ट्रंप से पूछा गया कि यूक्रेन में युद्ध कैसे समाप्त हो सकता है और क्या भूमि की अदला-बदली होगी, तो ट्रंप ने कहा ये वो बिंदु हैं जिन पर हम काफी हद तक सहमत हैं। यूक्रेन से क्षेत्रीय रियायतें हासिल करना लंबे समय से शांति समझौते पर किसी भी वार्ता के लिए मॉस्को की पूर्व शर्तों में से एक रहा है।*

**जेलेंस्की ने साफ किया है रुख**

*यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, जिन्हें अलास्का शिखर सम्मेलन से बाहर रखा गया था, ने कहा है कि कीव क्षेत्रीय रियायतों पर सहमत नहीं होगा। ऐसा कदम यूक्रेन के संविधान के तहत अवैध होगा, जिसमें देश की क्षेत्रीय सीमाओं में परिवर्तन को मंजूरी देने के लिए राष्ट्रव्यापी जनमत संग्रह की आवश्यकता होती है।*

**जमीन से जुड़े फैसले केवल कीव ही करेगा**

*यूरोपीय नेताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी शांति समझौते में यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा को "मजबूत गारंटी" के साथ शामिल किया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि यूक्रेन के भविष्य, उसके गठबंधनों और उसकी जमीन से जुड़े फैसले केवल कीव ही करेगा। यूरोपीय नेताओं ने साफ किया कि रूस को यूक्रेन के नाटो और यूरोपीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया पर कोई वीटो अधिकार नहीं होगा। नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक युद्ध चलता रहेगा, यूरोपीय देश यूक्रेन को सैन्य, राजनीतिक और आर्थिक मदद देते रहेंगे। अगर रूस अपनी आक्रामकता नहीं रोकता, तो उस पर और कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे और उसकी युद्ध-आर्थिक व्यवस्था पर दबाव और बढ़ेगा।*

---

### नेपाल दौरे पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी

# पीएम ओली, राष्ट्रपति और पौडेल से की 'गहन' चर्चा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने रविवार को नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। मिसरी नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर सुबह काठमांडू पहुंचे। प्रधानमंत्री कार्यालय में ओली के साथ मिसरी की बैठक के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए आपसी हितों के मामलों पर चर्चा की गई। भारतीय दूतावास ने यहां 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मिसरी ने गहरे सभ्यतागत संबंधों और मजबूत भारत-नेपाल साझेदारी की पुष्टि की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।

**आज स्वदेश लौटेंगे मिसरी**

**पड़ोसी प्रथम के प्रति प्रतिबद्धता**

यहां भारतीय दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मिसरी की यात्रा भारत और नेपाल के बीच नियमित उच्चस्तरीय संवाद की परंपरा को दर्शाती है और भारत की 'पड़ोसी प्रथम' की नीति के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराती है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उनकी यात्रा के दौरान संपर्क, विकास सहयोग और अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। मिसरी अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद सोमवार (18 अगस्त, 2025) को स्वदेश लौटेंगे। काठमांडू में मिसरी की बैठकों का मुख्य उद्देश्य नेपाल के प्रधानमंत्री ओली की अगले माह नई दिल्ली यात्रा की तैयारी करना है। राजनयिक ओली 16 सितंबर के आसपास भारत आ सकते हैं। इस संबंध में आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

**शीर्ष नेताओं से मिलेंगे मिसरी**

दूतावास ने एक अलग पोस्ट में कहा कि विदेश सचिव ने राष्ट्रपति पौडेल से अलग से मुलाकात की और भारतीय नेतृत्व की ओर से शुभकामनाएं दीं, साथ ही राष्ट्रपति को द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति के बारे में जानकारी दी। मिसरी विदेश मंत्री आरज़ू राणा देउबा से भी मुलाकात करेंगे। वह नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी सेंटर चेयरमैन पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' सहित प्रमुख राजनीतिक दलों के आज शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।

---

### 10,000 से ज्यादा लोग कर चुके हैं सफर

# आईआईटी हैदराबाद में एआई से चलने वाली ड्राइवरलेस बसें भी हो गईं शुरू

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) हैदराबाद ने अपने कैंपस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से चलने वाली ड्राइवरलेस बस सेवा शुरू की है। इन बसों को टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब ऑन ऑटोनॉमस नेविगेशन (तिहान) ने तैयार किया है। ये सेवा न सिर्फ कैंपस के अंदर सफर को आसान बनाएगी, बल्कि भारत में स्मार्ट मोबिलिटी की दिशा में एक बड़ा कदम है। तिहान की टीम, प्रोफेसर पी. राजलक्ष्मी की अगुवाई में, इन सेल्फ-ड्राइविंग इलेक्ट्रिक शटल्स को सफलतापूर्वक डिजाइन और तैनात कर चुकी है। अब तक ये बसें 10,000 से ज्यादा यात्रियों को सफर करा चुकी हैं और 90% संतुष्टि रेटिंग हासिल कर चुकी हैं।



**जरूरत के मुताबिक गति**

*ये फीचर बस को रास्ते में आने वाली रुकावट पहचानने, पैदल चलने वालों और अन्य गाड़ियों से सुरक्षित दूरी रखने और जरूरत के हिसाब से स्पीड बदलने में मदद करते हैं। इनकी तकनीक को टीआरएल-9 स्तर पर प्रमाणित किया गया है, यानी इन्हें असली सड़क पर सफलतापूर्वक टेस्ट किया जा चुका है। आईआईटी हैदराबाद के अलावा, तिहान का काम भारत के ट्रांसपोर्ट सेक्टर में भी बदलाव ला सकता है।*

---

### चीन के डबल गेम का पर्दाफाश!

# भारत की तरफ दोस्ती का हाथ इधर पाक को थमा दी पनडुब्बी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन की ओर से पाकिस्तान की सैन्य ताकत को लगातार मजबूत बनाने की कोशिश की जा रही है। चीन ने एलान किया है कि पाकिस्तान को आठ हंगोर-श्रेणी की पनडुब्बियां देना वाला है। आठ में से तीन पनडुब्बियां चीन ने पाकिस्तान को सौंप दिया है।

ड्रैगन लगातार पाकिस्तान नौसेनिक ताकत बढ़ा रहा है। इससे पहले पाकिस्तान के लिए बनाई जा रही आठ पनडुब्बियों में से दूसरी पनडुब्बी इस वर्ष मार्च में सौंपी गई थी।

**हंगोर उन्नत श्रेणी की हाईटेक पनडुब्बी**

इन पनडुब्बियों को पाकिस्तान ने बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह के साथ-साथ हिंद महासागर में तैनात किया है। पाकिस्तान के उप नौसेना प्रमुख परियोजना-2 वाइस एडमिरल अब्दुल समद ने कहा कि हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी के अत्याधुनिक हथियार और उन्नत सेंसर क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को बनाए रखने और समुद्री स्थिरता सुनिश्चित करने में सहायक होंगे।



---

### हथियार फैक्ट्रियों का करेंगे दौरा, भारत की बढ़ेगी टेंशन!

# बांग्लादेशी सेना के अफसर चुपचाप पहुंचे पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶ ढाका

पाकिस्तान के साथ रक्षा संबंधों को सुधारने में लगी बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने एक और कदम उठाया है। बांग्लादेश सेना के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल जनरल लेफ्टिनेंट जनरल फैजुर्रहमान के नेतृत्व में पाकिस्तान पहुंचा है। 16 अगस्त को ये अफसर इस्लामाबाद पहुंचे, जिनके दौरे को काफी हद तक सीक्रेट रखा गया है। लेफ्टिनेंट जनरल फैजुर्रहमान और उनके सहयोगी 24 अगस्त को ढाका लौटेंगे।

रिपोर्ट में बताया है कि फैजुर्रहमान का इस्लामाबाद दौरा बांग्लादेश के सेना प्रमुख वकार उज जमां के चीन की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से ठीक पहले हुआ है।

**हथियार खरीदी पर होगा निर्णय?**

*जनरल जमां 22 से 25 अगस्त के बीच बीजिंग में रहेंगे। इससे पहले उनका एक दल पाकिस्तान में हैं। ये बांग्लादेश के भारत से दूरी बनाकर चीन-पाकिस्तान के करीब जाने को दिखा रहा है। बांग्लेदेशी सेना के डेलीगेशन की पाकिस्तान यात्रा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बांग्लादेश-पाकिस्तान रक्षा सहयोग नई ऊंचाई पर जाए। ये दल पाकिस्तानी सेना के हथियार कारखानों और संवेदनशील प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे। इसके बाद पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच हथियार खरीद पर भी कोई फैसला हो सकता है। इस साल जनवरी में लेफ्टिनेंट जनरल कमरुल हसन के नेतृत्व में बांग्लादेशी सेना दल ने पाकिस्तान का दौरा किया था। इस दल ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से मुलाकात की थी।*

---

### यहां से सभी सैन्य विमानों की निगरानी की जा सकती है: सैन्य अधिकारी

**द्वीप उत्तर से दक्षिण तक लगभग 750 किलोमीटर तक फैले हैं**

# अंडमान निकोबार से भारत को मिल गया बड़ा सामरिक फायदा, कई क्षेत्रीय बल कर रहे यहां घुसपैठ की कोशिश

एजेंसी ▶▶ पोर्ट ब्लेयर

अंडमान निकोबार द्वीप समूह का भारत के लिए बड़ा सामरिक महत्व है। यही वजह है कि अब कई क्षेत्रीय बलों की भी इस क्षेत्र पर नजर है। अंडमान निकोबार कमान के कमांडर इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश सिंह राणा ने कहा है कि कई क्षेत्रीय बल अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के सामरिक महत्व को समझते हुए इलाके में घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं।

**अंडमान निकोबार द्वीप समूह में 836 द्वीप और टापू हैं**



उन्होंने आतंकवाद सहित किसी भी पारंपरिक या गैर-पारंपरिक खतरे को विफल करने के लिए अंडमान के द्वीपों की चौबीसों घंटे निगरानी करने की बात कही। बातचीत में कमांडर इन चीफ ने कहा कि अंडमान और निकोबार कमान (एएनसी) अब सिर्फ द्वीपीय चौकी से आगे बढ़कर एक अहम रणनीतिक केंद्र बन गई है और जरूरत पड़ने पर यहां से सभी सैन्य विमानों की निगरानी की जा सकती है। राणा ने कहा कि कई रिसर्च जहाज हैं, जो अंडमान के निकट आसपास लगातार अपनी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि अंडमान निकोबार में बड़ी संख्या में पॉली-मेटेलिक मॉड्यूल्स पाए जाते हैं और साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र से आने वाले कई समुद्री केबल भी अंडमान निकोबार से होकर गुजरते हैं, जो दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को जोड़ते हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश सिंह राणा ने बताया कि 'ये क्षेत्र समुद्र के भीतर निगरानी सेंसर और पनडुब्बियों की तैनाती के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि इसलिए, जलमग्न क्षेत्र के बारे में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सामरिक महत्व पर दिनेश राणा ने कहा कि यह जरूरी है कि सैन्य क्षमताओं को भी राष्ट्रीय फोकस के अनुसार बनाया जाए।

**मलक्का स्ट्रेट पर निगरानी के लिहाज से अहम**


*अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में 836 द्वीप और टापू हैं, जो उत्तर से दक्षिण तक लगभग 750 किलोमीटर तक फैले हैं। अंडमान निकोबार से मलक्का जलडमरूमध्य पर नियंत्रण रखा जा सकता है और मलक्का से ही दुनिया का 30 प्रतिशत वैश्विक व्यापार होता है। उन्होंने कहा कि एएनसी, विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) सहित तटीय सुरक्षा के लिए जम्मेदार है और यह कमान क्षेत्र में गंभीर गैर-पारंपरिक खतरों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।*



## चिंतन

# परवान नहीं चढ़ रहीं रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध विराम की कोशिशें

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़बोलापन अमेरिका को ही भारी पड़ रहा है। टैरिफ वार की सनक के चलते जहां अमेरिका की वैश्विक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है, वहीं अमेरिकियों को महंगाई की आंच सहन करनी पड़ रही है। ब्याज के मुद्दे पर ट्रंप की अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेड रिजर्व से ठनी हुई है, तो रूस व यूक्रेन के बीच जारी जंग को खत्म कराने के उनके वादे खोखले साबित हो रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात पर दुनिया की नजरें थीं, लेकिन इस मुलाकात से कुछ निकला नहीं। रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध विराम को लेकर कोई समझौता नहीं हो सका। बैठक से पहले ट्रंप अपने सोशल मीडिया टूथ सोशल अकाउंट पर बड़े दावे कर रहे थे कि वह यूक्रेन में युद्धविराम देखना चाहते हैं और यदि इस पर सहमति नहीं बनी तो वह खुश नहीं होंगे, लेकिन मंझे हुए नेता पुतिन के साथ उनकी दाल नहीं गली। यूक्रेन का भूगोल बदलने की रूसी मंशा किसी भी नतीजे पर पहुंचने की राह में सबसे बड़ी बाधा है। इस बैठक को लेकर यूक्रेन पहले से सशंकित था और चाहता था कि उनकी उपस्थिति के बिना रूस के साथ कोई निर्णायक बात न हो और ट्रंप कुछ भी एकतरफा वादा न करें। ऐसे में ट्रंप व पुतिन की अलास्का वार्ता के बेनतीजा रहने से यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने राहत की सांस ली होगी। इस वार्ता से पहले जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन की भागीदारी के बिना रूस के साथ कोई भी वार्ता नहीं होनी चाहिए व जमीन अदला-बदली को यूक्रेन नहीं मानेगा। यूरोपीय संघ भी यूक्रेन के साथ है और वह भी चाहता था कि वार्ता सभी संबंधित पक्ष की मौजूदगी में हो। आज सोमवार को राष्ट्रपति ट्रंप यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बैठक करेंगे, इसमें युद्ध विराम के लिए रूपरेखा पर बात होगी। ट्रंप पुतिन की मंशा को केंद्र में रखकर अगर यूक्रेन व ईयू से बात करेंगे, तो इसमें भी कुछ नतीजा की उम्मीद नहीं है। रूस यूक्रेन के चार सीमाई क्षेत्र पर कब्जे को लेकर अडिग है, यूक्रेन किसी भी स्थिति में अपना क्षेत्र गंवाना नहीं चाहता है। यूक्रेन को ईयू का शह भी प्राप्त है। अमेरिका के पास भी रूस व यूक्रेन दोनों को मान्य कोई योजना नहीं है, यह अब तक साफ हो चुका है। ट्रंप दबाव डाल कर युद्ध विराम चाहते हैं, पर यह कोई कूटनीतिक तरीका नहीं है। ट्रंप का रूस पर दबाव बनाने के लिए टैरिफ दांव भी काम करता नहीं दिख रहा है, इसलिए यूक्रेन व ईयू के साथ ट्रंप की बैठक में किसी बिंदु पर सहमति बनने की संभावना कम प्रतीत हो रही है। हालांकि इस बैठक के बाद ट्रंप पुतिन के साथ मास्को में बैठक कर सकते हैं, लेकिन यह इस वार्ता पर निर्भर करेगा। बेशक ट्रंप चाहते हैं कि यूक्रेन व रूस के बीच जारी जंग खत्म हो जाए, पर इसके लिए वार्ता ही काफी नहीं है। अमेरिका व ईयू का जब तक रणनीतिक रवैया नहीं बदलेगा, तब तक सुलह की उम्मीद नहीं कर सकते। सबसे पहले अमेरिका और ईयू यूक्रेन को सामरिक व आर्थिक मदद देना बंद करें, यूक्रेन को नाटो में शामिल कराने का भूत छोड़ दें और यूक्रेन के कंधे से रूस के विनाश का स्वप्न देखना छोड़ दें। यूक्रेन सोवियत संघ से अलग हुआ देश है, इसलिए उसकी आत्मा कभी भी यूएस व ईयू के साथ घुलमिल नहीं सकेगी। यह बात यूक्रेन को भी समझनी चाहिए और यूएस-ईयू को भी। भारत ने हमेशा शांति की वकालत की है और यूक्रेन व रूस के बीच वार्ता के जरिये जंग खत्म करने की चाहत प्रकट की है। पीएम नरेन्द्र मोदी अभी पुतिन से मिले हैं और जेलेंस्की से फोन पर बात की है। इन प्रयासों से जंग खत्म होने का रास्ता निकलना चाहिए।



एनसीईआरटी
प्रमोद भार्गव

# भारत के विभाजन के दोषी कौन

एनसीईआरटी द्वारा विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर जारी एक विशेष पाठ में भारत के बंटवारे के लिए मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और तत्कालीन ब्रिटिश वायसराय लार्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। यह भी उल्लेख है कि विभाजन के बाद कश्मीर नई समस्या के रूप में पेश आया। इसने देश की विदेश नीति के लिए चुनौती बनाए रखी। नतीजतन कुछ देश पाकिस्तान को सहायता देते रहते हैं और कश्मीर मुद्दे के नाम पर भारत पर दबाव बनाते रहते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ विभाजन तो आधा सच है, पूरा सच तो देश के 652 टुकड़े कर देने का बन गया था, जिसे पटेल ने संभाला और रियासतों का विलय भारतीय गणतंत्र में हो पाया।

भारत में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर जारी एक विशेष पाठ में भारत के बंटवारे के लिए मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और तत्कालीन ब्रिटिश वायसराय लार्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। पाठ में यह भी उल्लेख है कि विभाजन के बाद कश्मीर नई समस्या के रूप में पेश आया। भारत में यह समस्या पहले कभी मौजूद नहीं थी। इसने देश की विदेश नीति के लिए चुनौती बनाए रखी। नतीजतन कुछ देश पाकिस्तान को सहायता देते रहते हैं और कश्मीर मुद्दे के नाम पर भारत पर दबाव बनाते रहते हैं। वस्तुतः 'भारत का विभाजन गलत विचारों के कारण हुआ। भारतीय मुसलमानों की पार्टी मुस्लिम लीग ने 1940 में लाहौर में एक सम्मेलन आयोजित किया। इसमें जिन्ना ने कहा कि हिंदू और मुसलमान दो अलग-अलग धार्मिक दर्शन, सामाजिक रीति-रिवाज से संबंधित हैं। अतएव एक साथ नहीं रह सकते।' एनसीईआरटी के विशेष पाठ में 'विभाजन के अपराधी' शीर्षक वाले खंड में कहा है कि 'अंततः 15 अगस्त 1947 को भारत का बंटवारा हुआ। किंतु यह किसी एक व्यक्ति का काम नहीं था। इसके लिए तीन कारण जिम्मेदार थे, एक जिन्ना, जिन्होंने बंटवारे की मांग की। दूसरे कांग्रेस, जिसने बंटवारे को स्वीकार किया और तीसरे माउंटबेटन जिन्होंने इस पर अमल किया। माउंटबेटन एक बड़ी भूल के दोषी साबित हुए।'

एनसीईआरटी ने उक्त दो पार्ट छापे हैं। इनमें छठी कक्षा से आठवीं के लिए और नौवीं कक्षा से बारहवीं के लिए एक-एक पाठ हैं। ये अंग्रेजी और हिंदी में पूरक पाठ हैं, नियमित पाठ्य पुस्तकों में नहीं हैं। इसलिए इनका प्रयोग परियोजनाओं, पोस्टरों और वाद-विवादों के माध्यम से किया जाना है। ये दोनों पाठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2021 में दिए गए संदेश के साथ शुरू होते हैं, जिसमें विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। साफ है, ये पाठ पूरे देश में वाद-विवाद का ऐसा हिस्सा बनें, जिससे लोग जान सकें कि वास्तव में विभाजन के अपराधी कौन हैं। केंद्र सरकार इस उद्देश्य की पूर्ति में सफल होती दिख रही है। दरअसल स्वतंत्रता संघर्ष के बीच महात्मा गांधी ने आत्मविश्वास से कहा था कि 'अगर कांग्रेस बंटवारे को स्वीकार करना चाहती है तो उसे मेरी लाश के ऊपर से गुजरना होगा। जब तक मैं जीता हूं, मैं कभी भी हिन्दुस्तान का बंटवारा स्वीकार नहीं करूंगा और जहां तक मेरा वश चलेगा, कांग्रेस को भी स्वीकार नहीं करने दूंगा।' अलबत्ता ऐसा एकाएक क्या हुआ कि जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल को बंटवारे के समर्थन में खड़े होना पड़ गया। लार्ड माउंटबेटन से पहली मुलाकात में ही गांधी उनके वाग्जाल की गिरफ्त में ऐसे आए कि उनकी प्राण जाए, पर वचन न जाए, की वचनबद्धता भंग हो गई। कांग्रेस मुस्लिम अलगाववाद के आगे घुटने टेकती चली गई। नतीजतन भारत और पाकिस्तान स्वतंत्रता अधिनियम पर ब्रिटिश संसद में मोहर लगा दी गई। ब्रितानी हुकूमत में औपनिवेशिक दासता झेल रहे अखंड भारत को विभाजित कर दो स्वतंत्र देश बनाकर पृथक-पृथक सत्ता का हस्तांतरण करने का निर्णय ले लिया। संपूर्ण सत्ता सौंपने का दिन 14 अगस्त 1947 निश्चित किया। यह दिन भी एक तरह से दोनों देशों के स्वतंत्रता सेनानियों को चिढ़ाने की दृष्टि से मुकर्रर किया



गया, क्योंकि इसी दिनांक को जापान मित्र देशों के समक्ष आत्मसमर्पण करने को मजबूर हुआ था। अंग्रेजों द्वारा अपनी सत्ता कायम रखने की दृष्टि से बंगाल विभाजन एक ऐसा षड्यंत्रकारी घटनाक्रम रहा जो भारत विभाजन की नींव डाल गया। इस बंटवारे के फलस्वरूप अंग्रेजों के विरुद्ध ऐसी उग्र जनभावना फूटी की बंग-भंग विरोध में एक बड़ा आंदोलन खड़ा हो गया।

दरअसल जब गोरी पलटन ने समूचे भारत को अपनी अधीनता में ले लिया, तब क्रांतिकारी संगठनों और विद्रोहियों के साथ कठोरता बरतने के लिए 30 सितंबर 1898 को भारत की धरती पर वाइसराय लॉर्ड कर्जन के पैर पड़े। कर्जन को 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से प्रेरणा ले रहे क्रांतिकारियों के दमन के लिए भेजा गया था। इस संग्राम पर नियंत्रण के बाद फिरंगी इस बात को लेकर चिंतित व सतर्क थे कि कहीं इसकी राख में दबी चिंगारी फिर न सुलग पड़े। क्योंकि अंग्रेज भली भांति जान गए थे कि 1857 का सिलसिला टूटा नहीं है। अंग्रेजों को यह भी शंका थी कि कांग्रेस इस असंतोष को पनपने के लिए खाद-पानी देने का काम कर रही है। कर्जन ने अंग्रेजी सत्ता के संरक्षक बने मुखबिरों से ज्ञात कर लिया कि इस असंतोष को सुलगाए रखने का काम बंगाल से हो रहा है। वाकई स्वतंत्रता की यह चेतना बंगाल के जनमानस में एक बेचैनी बनकर तैर रही थी। यह बेचैनी 1857 के संग्राम जैसे रूप में फूटे, इससे पहले कर्जन ने कुटिल क्रूरता के साथ 1905 में बंगाल के दो टुकड़े कर दिए। जबकि इस बंग-भंग का विरोध हिंदू और मुसलमानों ने अपनी जान की बाजी लगाकर किया था। इस बंटवारे का मुस्लिम बहुल क्षेत्र को पूर्वी बंगाल और हिंदू बहुल इलाके को बंगाल कहा गया। अर्थात जिस भूखंड पर हिंदू-मुस्लिम संयुक्त भारतीय नागरिक के रूप में रहते चले आ रहे थे, उनका मानसिक रूप से सांप्रदायिक विभाजन कर दिया। इस विभाजन से सांप्रदायिक भावना की एक तरह से बुनियाद डाल दी गई, वहीं दूसरा इसका सकारात्मक परिणाम यह निकला कि पूरे भारत में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष तेज हो गया। लेकिन कर्जन ने इसे कुटिल चतुराई से मुस्लिम लीग की स्थापना में बदल दिया। यही नहीं, कर्जन ने अपने वाकचातुर्य से ढाका के नवाब सलीमुल्ला को बंगाल विभाजन का समर्थन और अचानक उदय हुए स्वदेशी आंदोलन का बहिष्कार करने के लिए राजी कर लिया। सलीमुल्ला कर्जन से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने सक्रिय होकर कुछ नवाबों को बरगलाकर दिसबंर 1906 में मुस्लिम लीग संगठन खड़ा कर दिया। स्वदेशी आंदोलन को विफल करने के लिए अंग्रेज अधिकारियों ने सलीमुल्ला के साथ मिलकर हिंदू-मुस्लिमों के बीच संप्रदाय के आधार पर दंगे भड़काने का काम भी शुरू कर दिया। यहीं से हिंदुओं की हत्या करने और उनकी संपत्ति लूटने व हड़पने का सिलसिला शुरू हो गया। नतीजतन मुस्लिम नेता पूरी ताकत से बंटवारे के समर्थन में आ खड़े हुए। लॉर्ड माउंटबेटन इतना चतुर निकला कि उसने विभाजन के लिए जिन्ना, नेहरू, पटेल और यहां तक की गांधी को भी मना लिया। भारत को दो स्वतंत्र राष्ट्रों में भारत और पाकिस्तान में विभाजित कर दिया गया। यही नहीं पंजाब और बंगाल को भी कपड़े की तरह दो टुकड़ों में चीर दिया गया,जिससे भारत हमेशा गृह कलह की आंच से सुलगता रहे। ब्रिटिश अधिकारियों ने जानबूझ कर 652 भारतीय रियासतों की प्रभुसत्ता उन्हें वापस सौंप दी। उन्हें भारत या पाकिस्तान मिल जाने की छूट तो थी ही, स्वतंत्र राष्ट्र बने रहने की छूट भी दे दी गई थी। अर्थात भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ विभाजन तो आधा सच है, पूरा सच तो देश के 652 टुकड़े कर देने का बन गया था। जिसे पटेल ने संभाला और रियासतों का विलय भारतीय गणतंत्र में हो पाया। यह ऐतिहासिक सत्य है, जो स्वतंत्रता आंदोलन की इतिहास पुस्तकों में पूर्व से ही दर्ज है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी
सतीश सिंह



# मजबूत होती बैंकिंग इंडस्ट्री

वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने 15 अगस्त को भारत के 10 बैंकों की रेटिंग का उन्नयन किया, जिनमें भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक,एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक शामिल हैं। इसके अलावा, बजाज फाइनेंस, टाटा कैपिटल और एलएंडटी फाइनेंस की रेटिंग का भी उन्नयन किया गया। रेटिंग उन्नयन यह दर्शाता है कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों कीवित्तीयस्थितिबेहतरहुईहैऔरवे बेहतरी के सभी पैमानों पर बेहतर कार्य कर रहे हैं। इससे बैंकों के ब्रांड इमेज में भी बेहतरी आयेगी, जिसका फायदा लंबी अवधि में बैंकों और वित्तीय संस्थानों को मिलेगा। गौरतलब है कि 14 अगस्त को वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में 18 सालों के बाद उन्नयन किया था। नई रेटिंग "बीबीबी"दर्शाता है कि देश के पास अपने कर्ज दायित्वों को आसानी से पूरा करने की क्षमता में सुधार हुआ है। अब भारत की रेटिंग मैक्सिको, इंडोनेशिया और ग्रीस के समान स्तर पर आ गई है। एजेंसी ने भारत की आर्थिक मजबूती, बेहतर राजकोषीय नीतियों और सार्वजनिक खर्च की गुणवत्ता में सुधार को इस उन्नयन का आधार बताया है।वैसे,भारत की मजबूत मौद्रिक नीतियां और नियंत्रित मुद्रास्फीति ने भी इस उन्नयन में अहम भूमिका निभाई है। कुछ दिनों पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत टैरिफ आरोपित करने की घोषणा की थी साथ ही साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को मृतप्राय कहा था। बहरहाल, रेटिंग में उन्नयन से ट्रंप के बयान को करारा जबाव मिला है। पुनश्चः एजेंसी के अनुसार, ट्रंप के बयान से भारतीय अर्थव्यवस्था को महज अल्प अवधि के लिए नुकसान हो सकता है, वह भी आशिंक स्तर पर।लंबे समय में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहेगी। इतना ही नहीं,इस रेटिंग उन्नयन से देसी और अंतरराष्ट्रीय निवेशक दोनों भारत में निवेश करने के लिए प्रेरित होंगे का भी अनुमान है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था के लगातार मजबूत बने रहने से बैंकिंग इंडस्ट्री को लाभ हो रहा है।सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक की समीचीन मौद्रिक नीति से महंगाई नियंत्रण में है और बैंकों के क्रेडिट ग्रोथ में इजाफा हो रहा है।साथ ही, इससे निवेश, खर्च और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ रही है। गुलाबी अर्थव्यवस्था से भारतीय बैंकों को विदेश में अपने कारोबार को बढ़ाने में मदद मिल रही है।बैंकों के गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में कमी आ रही है और उनके कारोबार और मुनाफे में मुसलसल इजाफा हो रहा है। साथ ही, देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बने रहने में मदद मिल रही है।इसतरह,बैंक और अर्थव्यवस्था के बीच अन्योन्याश्रय संबंध है और दोनों के मजबूत रहने से देश के विकास को रफ़्तार मिल रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने 1.78 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा अर्जित किया था,जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 26 प्रतिशतअधिक है।इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 में सभी 12 सरकारी बैंकों का कुल मुनाफा 1.41 लाख करोड़ रुपए रहा था।इसतरह, बैंकों के मुनाफे में विगत वित्त वर्ष में लगभग 37,100 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई.इस रिकॉर्ड लाभ में सबसे बड़ा योगदान देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक का रहा, जिसने अकेले 70,901 करोड़ रुपए का मुनाफा अर्जित किया, जो बीते वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है और कुल सरकारी बैंकों के मुनाफे के 40 प्रतिशत से अधिक है।वहीं,प्रतिशत में सबसे अधिक लाभ पंजाब नेशनल बैंक ने अर्जित किया, जो 102 प्रतिशत है और यह राशि में 16,630 करोड़ रुपए है।इसके बाद पंजाब एंड सिंध बैंक के मुनाफे में 71 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो राशि में 1,016 करोड़ रुपये है। इसके अतिरिक्त,सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने 40 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि दर्ज की, जबकि बैंक ऑफ महाराष्ट्र और इंडियन बैंक ने क्रमशः 36.1 प्रतिशत और 35.4 प्रतिशत की वृद्धि मुनाफे में दर्ज की।यह उपलब्धि इसलिएमहत्वपूर्ण है, क्योंकि वित्त वर्ष 2017-18 में सरकारी बैंकों को सामूहिक रूप से 85,390 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। सार्वजनिक बैंकों को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने एनपीए की पहचान, समाधान, वसूली, बैंकों का पुनर्पूंजीकरण और वित्तीय पारिस्थितिकी में सुधार करने की रणनीति अपनाई थी, जिसके तहत वित्त वर्ष 2016-17 से 2020-21 तक सरकारी बैंकों में 3.10 लाख करोड़ रुपए का पूंजी निवेश किया गया। सरकार ने बीते कुछ सालों में बुनियादी ढांचे और समावेशी विकास में बड़े निवेश के साथ-साथ राजकोषीय अनुशासन को संतुलित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। सरकार चाहती है कि हमारा देश 2047 तक "विकसितभारत"बनने की दिशा कीओरतेजीसेआगे बढ़ता रहे। जाहिर है,सरकार,भारतीय रिजर्व बैंक व सरकारी बैंकों की समीचीन नीतियों और नीतिगत फैसलों की बदौलत सरकारी बैंकों की पारिस्थितिकी में आमूलचूल परिवर्तन आया है।इस बदलाव को लाने में बैंकों के निगरानी तंत्र और वित्तीय अनुशासन ने भी अहम् भूमिका निभाई है।अब इस परिवर्तन से सरकारी और निजी बैंक मुनाफे में हैं और वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी भारतीय बैंकों व वित्तीय संस्थानों की रेटिंग में सुधार करने के लिए मजबूर हुई। एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 6.5 प्रतिशत रहने अनुमान जताया है, जो उपभोक्ता मांग और सरकारी निवेश से आसानी से संभव हो सकती है।यह भी कयास लगाये जा रहे हैं कि आगामी राज्य चुनावों के बाद सरकार की नीतिगत स्थिरता में और भी बेहतरी आयेगी, जिससे आर्थिक सुधारों और राजकोषीय मजबूती को और भी मजबूती मिलेगी।मौजूदा माहौल में बैंकों के प्रदर्शन में और भी सुधार आने की संभावना है, जबकि सरकार के स्थिर और मजबूत रहने से विकास के कार्यों में और भी इजाफ़ा आने की उम्मीद है। ऐसे में वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी के द्वारा भविष्य में बैंक और भारत की रेटिंग में और भी सुधार किया जा सकता है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
## दर्शन

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।

# अपनी गठरी टटोलें



संकलित
## प्रेरणा

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहाः भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहाः नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोलाः महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोलाः कैसे? पहला यात्रीः कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्रीः मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोलाः तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्रीः मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली सँभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहाँ से! ईश्वर नित नई खुशियाँ हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाख बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें! जीवन में सबसे बड़ा गूढ मंत्र है स्वयं को टटोले और जीवन-पथ पर आगे बढ़े सफलताएं आप की प्रतीक्षा में है।

## सटाका




## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। यह एक चुनौती भी है। सभी को सचेत रहना होगा।

*–प्रवीण वर्मा, गरियाबंद*

## ट्रेंड

### राहत और बचाव कार्य जारी



कठुआ में बादल फटने की घटना के संबंध में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री से बात की। स्थानीय प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य जारी हैं और एनडीआरएफ की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। हम जम्मू-कश्मीर वासियों के साथ मजबूती से खड़े हैं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### मूल्यानुगत शिक्षा



जब हम आंतरिक शांति की बात करते हैं तो मूल्यानुगत शिक्षा को देखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज की तनावभरी ज़िंदगी में मानवीय मूल्यों से जुड़ी शिक्षा का होना अत्यंत आवश्यक है।

-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### वोट चोरी की साज़िश



ग़रीब की ताक़त है उसका वोट - यही उसका हक़, उसकी आवाज़, उसकी पहचान है। आज वही ताक़त छीनी जा रही है, एसआईआर के ज़रिए देश में वोट चोरी की साज़िश चल रही है। हम हर कीमत पर वोट चोरी रोकेंगे !

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### आमूलचूल परिवर्तन



चुनाव आयोग को सुधार हीं नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है। आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उनके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से नहीं घटता वाहनों का माइलेज



पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण वाले ईंधन ''ई-20'' के इस्तेमाल से वाहनों का माइलेज घटने की चर्चाओं के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि ईंधन दक्षता में भारी गिरावट आने की आशंकाएं निराधार हैं और इस ईंधन से वाहन बेहतर प्रदर्शन भी देता है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गन्ना या मक्का से निकाले गए 20 प्रतिशत एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल के मिश्रण का राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रदूषण कम करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से है, जिसे कुछ लोग गलत सूचना फैलाकर पटरी से उतारने की कोशिश कर रहे हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ई-20 ईंधन के इस्तेमाल से वाहनों के बीमा की वैधता पर भी कोई असर नहीं पड़ता है और कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में इस संबंध में फैलाया गया डर बेबुनियाद है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में ई-20 ईंधन को लेकर गंभीर आशंकाएं जताई गई हैं। कुछ लोगों ने कहा है कि इसके इस्तेमाल से वाहन के माइलेज में करीब सात प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि कुछ लोगों ने इससे ई-10 वाहनों में रबर, धातु कलपुर्जों के जल्द खराब होने की आशंका जताई है। मंत्रालय ने कहा, यह कहना कि ई 20 ईंधन से वाहन की दक्षता में 'भारी' कमी आती है, गलत है।

## ऑफ बीट

# कुत्ते पढ़ सकते हैं आपका दिमाग और चेहरा



जब आप रोते हैं तो आपका कुत्ता अपना सिर झुका लेता है, जब आप तनाव में होते हैं तो इधर-उधर टहलता है, और आपके सबसे बुरे पलों में किसी न किसी तरह आपके पास होता है। यह महज संयोग तो नहीं हो सकता। हजारों सालों के सह-विकास ने कुत्तों को हमारी आवाजों, चेहरों और यहां तक कि मस्तिष्क के रसायन विज्ञान को समझने के खास तरीके दिए हैं। हमारी बातचीत को समझने वाले मस्तिष्क के क्षेत्रों से लेकर हमारी नजरें मिलाने पर बढ़ने वाले 'लव हार्मोन' या ऑक्सीटोसिन तक, आपके कुत्ते का दिमाग आपकी भावनाओं को समझने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस असाधारण भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रमाण मस्तिष्क में ही शुरू होता है। कुत्तों के मस्तिष्क में आवाज के प्रति संवेदनशील क्षेत्र होते हैं, जो इंसानों के समान होते हैं। एक 'ब्रेन इमेजिंग' अध्ययन में, अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि कुत्तों के 'टेम्पोरल कॉर्टेक्स' में आवाज को समझने वाले क्षेत्र होते हैं, जो ध्वनियों के जवाब में सक्रिय हो जाते हैं। कुत्ते न केवल किसी भी ध्वनि पर, बल्कि आपकी आवाज के भावनात्मक स्वर पर भी प्रतिक्रिया देते हैं। कुत्तों के मस्तिष्क के अध्ययन से पता चलता है कि भावनात्मक ध्वनियां, मसलन हंसी, रोना, गुस्से से चीखना उनके श्रवण और भावनाओं को समझने से संबंधित मस्तिष्क के एक हिस्से को सक्रिय करती हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## पाटन का रईस बना मास्टर माइंड, सुबोध गैंग ने दिया वारदात को अंजाम

**मुख्य सरगना समेत चार गिरफ्तार, 1.83 लाख नगद और हथियार जब्त**

# लोकल ब्रेन-बाहरी गैंग की जोड़ी ने बजा दी बैंक की बैंड

## वारदात के बाद चिरौंजी देकर अलग-अलग दिशाओं में भागे डकैत, स्पेशल टीम रवाना

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि, जबलपुर।

सिहोरा के खितौला स्थित इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में 11 अगस्त को हुई अब तक जिले के इतिहास में हुई सबसे बड़ी बैंक डकैती का पुलिस ने आंशिक पर्दाफाश कर दिया है। दरअसल इस पूरे कांड में लोकल ब्रेन-बाहरी गैंग की जोड़ी ने बैंक की बैंड बजा दी। वारदात के मास्टरमाइंड रहीस लोधी उर्फ रईस (पाटन उड़ना निवासी) और उसके तीन साथियों को पुलिस ने दबोच लिया है। इनके कब्जे से 1.83 लाख नगद, एक देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, दो बाइक और चार मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। हालांकि बैंक में घुसकर सोना और नकदी लूटने वाले पांच नकाबपोश डकैत अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की एक विशेष टीम झारखंड रवाना कर दी गई है। खास बात यह हैं कि मास्टर माइंड होने के बावजूद डकैत रईस को दो लाख 20 हजार और मददगार बने बबलू को सिर्फ 25 हजार की चिरौंजी देकर भाग गए

### रहीस बना वारदात का सूत्रधार

जांच में सामने आया है कि बैंक डकैती की पूरी योजना का सूत्रधार रहीस लोधी था। उसने अपने स्थानीय साथियों सोनू बर्मन (इन्द्राना), हेमराज सिंह (पाटन उड़ना) और विकास चक्रवर्ती (दमोह) के साथ मिलकर झारखंड के पांच शातिर अपराधियों को इस वारदात के लिए बुलाया।

### किराए के कमरे में बनी योजना

डकैतों ने वारदात से पहले इन्द्राना कस्बे में किराये का मकान लिया और वहीं बैठकर पूरी साजिश रची। योजना इतनी पुख्ता थी कि वारदात के दौरान बैंक के अंदर घुसे बदमाशों ने मोबाइल फोन का बिल्कुल इस्तेमाल नहीं किया, ताकि लोकेशन ट्रेस न हो सके।

### झारखंड के पेशेवर डकैत है सभी

पुलिस जांच में साफ हो गया है कि बैंक में दाखिल पांचों डकैत झारखंड के रहने वाले हैं और वारदात के बाद वहीं लौट गए। इस सुराग के आधार पर पुलिस ने झारखंड में दबिश देने के लिए एक टीम रवाना की है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही पूरी गैंग गिरफ्त में होगी।

### मददगार भी आए पुलिस की पकड़ में

डकैती को अंजाम देने में स्थानीय मददगारों की भूमिका भी उजागर हुई है। आरोप है कि बबलू ठाकुर (पाटन उड़ना निवासी) ने डकैतों को ठिकाना और भागने में मदद की। हालांकि वह अभी फरार है, लेकिन पुलिस उसका पीछा कर रही है।

### डकैतों पर इनाम और पुलिस का दावा

फरार डकैतों पर पुलिस ने 30 हजार का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गैंग ने वारदात के बाद लूटे गए सोने को आपस में बांट लिया है। पुलिस की विशेष टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। जल्द ही फरार आरोपी पकड़े जाएंगे और इस सनसनीखेज डकैती कांड का पटाक्षेप किया जाएगा।

### जेल में सुबोध से मिला रईस, बना प्लान-

पाटन का गांजा तस्कर रईस सिंह लोधी अब बैंक डकैती का मास्टरमाइंड बनकर सामने आया है। सूत्र बताते हैं कि उड़ीसा जेल में रहते हुए उसकी मुलाकात गैंगस्टर सुबोध सिंह के गुर्गों से हुई थी। वहीं से खितौला बैंक डकैती का ब्लूप्रिंट तैयार हुआ। जेल से छूटते ही रईस ने स्थानीय अपराधी बबलू सिंह को जोड़ा और गिरोह को जमीन मुहैया कराई। जबकि असली खेल सुबोध के गुर्गों ने खेला बैंक में घुसकर 14 किलो 875 ग्राम सोना और नकदी लूटी और भाग निकले। गौरतलब हैं कि रईस और सुबोध की सांठगांठ ने अपराध का नया गठजोड़ खड़ा कर दिया है। यह वारदात सिर्फ बैंक लूट नहीं, बल्कि पुलिस और सिस्टम को खुली चुनौती है। पुलिस की टीमें अब इस 'क्रिमिनल अलायंस' के धागे सुलझाने झारखंड और बिहार तक पहुंच चुकी हैं।

### यह था मामला

11 अगस्त की सुबह बैंक खुलते ही हथियारबंद पांच डकैत हेलमेट और नकाब पहनकर बैंक में दाखिल हुए। उन्होंने कट्टों और अन्य हथियारों की नोक पर कर्मचारियों को बाथरूम में बंद कर दिया। फिर ऑपरेशन मैनेजर अंकित सोनी को धमकाकर लॉकर की चाबी खुलवाई। महज कुछ ही मिनटों में डकैत बैंक से 14 किलो 875 ग्राम सोना और 5.08 लाख नकद लेकर फरार हो गए। वारदात के वक्त मास्टरमाइंड रहीस लोधी बैंक के बाहर खड़ा होकर पूरी कार्रवाई पर नजर रख रहा था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी दमोह पहुंचे और वहां से अलग-अलग दिशाओं की ट्रेनों में बैठकर फरार हो गए।

## दूध माफिया के आगे प्रशासन ने टेके घुटने

# शहर में 75 से 80 रूपये लीटर मिल रहा दूध

## मध्य प्रदेश के सभी जिलों से महंगा बिक रहा है दूध



**नागपुर सहित अन्य नगरों में जाने पर रोक नहीं**

हरिभूमि, जबलपुर।

नगर में इन दिनों आम उपभोक्ता दुग्ध माफिया की खुली लूट से परेशान है। गरीब वर्ग के लिये दूध खरीदना और बच्चों को देना दूर की कौड़ी साबित हो रहा है। मध्यप्रदेश के सभी जिलों के मुकाबले सबसे महंगा दूध जबलपुर शहर में बिक रहा है। फिर भी दूध के शुद्ध होने की कोई गारंटी नहीं है। डेयरी की दुकानों में 73 रूपये की लिस्ट लगाकर 75 तो कहीं पर 76 के रेट पर 80 रूपये लीटर की दर से मिल रहा है। आम जनता का कहना है कि जिला प्रशासन पंगु बन चुका है। यही वजह है कि बेखौफ दुग्ध माफिया जब मन चाहे हर साल रेट बढ़ा देता है। प्रशासन का कोई नियंत्रण न होने के कारण दूध के मनमाने दाम बढा दिये गये हैं।

### जिले से बाहर जा रहा दूध

शहर में स्थित डेयरी से दूध भारी मात्रा में नगर से बाहर जाने के कारण दूध के दाम बढे हैं। नागपुर सहित अन्य शहरों में टैंकर से दूध बेचे जा रहे हैं। इससे कृत्रिम रूप से दूध के दाम बढ रहे हैं। यदि प्रशासन कार्रवाई कर दूध बाहर भेजे जाने पर रोक लगा दे तो दाम में कमी आ सकती है। आश्चर्य की बात है कि प्रशासन ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की न ही दूध कारोबारियों से चर्चा की है। आखिर क्या वजह है कि नरसिंहपुर, मंडला डिंडौरी सहित आधा दर्जन जिलों में दूध 55 से 60 रूपये लीटर तक में मिल रहा है।

### दाम बढ़ने की कोई वजह भी नहीं

आमजन का मानना है कि प्रशासन के लचर रवैये के कारण दूध माफिया को खुली छूट मिल चुकी है। जब चाहे हर साल दाम बढा दिये जाते हैं। कोई संगठन भी इनके खिलाफ आवाज बुलंद नहीं करता। समय रहते यदि कार्रवाई नहीं की गयी तो दूध के दाम अगले वर्ष अप्रैल तक फिर से बढ जायेंगे। जिला प्रशासन को तत्काल इस संबंध में कार्रवाई करनी चाहिये।

### जनप्रतिनिधि मौन

ऐसा प्रतीत होता है कि जनप्रतिधियों की दूध माफिया के साथ मिलीभगत है यही कारण है कि अब तक इस अन्याय के खिलाफ आम जनता को महंगायी की आग में झोंक दिया है। जबकि दूध अत्यावश्यक वस्तु में शामिल है। बच्चों से लेकर अस्पताल में मरीजों को तत्काल जरूरत होती है। जिला प्रशासन को कार्रवाई कर डेयरी कारोबारियों से चर्चा करनी चाहिये । नगर की जनता पिछले दस वर्षों से दूध माफिया पर कंट्रोल न होने के कारण परेशान है। प्रशासन को चाहिये कि वह दूध के दाम तय करे।




## अभाविप की जिज्ञासा जोनल कांफ्रेंस आज से

**जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिज्ञासा आयाम द्वारा स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्वेंशन सेंटर घंटाघर जबलपुर में 18 से 20 अगस्त के बीच तीन दिवसीय राज्य आरोग्य मेला एवं क्षेत्रीय आयुर्वेद सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जबलपुर में पहली बार आयुष का अभ्यास करने के लिए आयुष सीखें की दृष्टि से प्रेरित इस सम्मेलन में देशभर से 1500 से अधिक प्रतिनिधि- विद्यार्थी, शोधकर्ता, शिक्षाविद् एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ भाग लेंगे। ये जानकारी अभाविप प्रदेशमंत्री माखन शर्मा ने रविवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। पत्रकारवार्ता में जिज्ञासा राष्ट्रीय संयोजक डॉ. आदर्श रावत ने बताया कि आयुष के विकास को लेकर लक्षित इस जिज्ञासा जोनल कांफ्रेंस-2025 एवं राज्य आरोग्य मेले का शुभारंभ 18 अगस्त को प्रातः 9.45 पर मुख्य अतिथि मप्र शासन केबिनेट मंत्री राकेश सिंह एवं एनसीआईएसएम अध्यक्ष प्रो. बीएल मेहरा व पद्मश्री वैद्य बालेंदु प्रकाश, वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य वैद्य तपन कुमार की मौजूदगी में किया जाएगा। 19 अगस्त को दोपहर 2 से 2.30 बजे संवाद एवं चर्चा का सत्र मप्र शासन आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार, एथिक्स बोर्ड सदस्य डॉ. रजनी नायर एवं आयुर्वेद महागुरु वैद्य तन्मय गोस्वामी की मौजूदगी में संचालित होगा। 20 अगस्त को अपरांह 3.15 बजे से समापन समारोह राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री बालकृष्णन की मौजूदगी में होगा। पत्रकारवार्ता में अभाविप महानगर मंत्री आर्यन पुंज, डॉ. हरिता सचदेवा, डॉ. रोहित पाण्डेय, राजेन्द्र दबे सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## नेशनल साइबर शील्ड हैकथॉन 2025 का आग़ाज़

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा ''साइबर इन्वेस्टिगेशन एंड इंटेलिजेंस समिट'' के अंतर्गत आयोजित नेशनल साइबर शील्ड हैकथॉन 2025 का आयोजन आगामी 11 सितम्बर 2025 को जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 22 अगस्त तय की गई है। हैकथॉन का मुख्य उद्देश्य तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों के अभिनव समाधान ढूँढना है। प्रतियोगिता के लिए जो प्रमुख समस्याएँ रखी गई हैं, उनमें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अवैध नशे के कारोबार को रोकना, ई-मेल द्वारा दी गई झूठी बम धमकियों को ट्रेस करना, इंटरनेट प्रोटोकॉल व डेटा रिकॉर्ड ट्रैक करना, डिजिटल मनी लॉन्ड्रिंग पर अंकुश लगाना, फर्जी बैंकिंग व एपीआर पर पाबंदी, बैंक फ्रॉड ट्रांजैक्शन डिटेक्ट करना तथा सोशल मीडिया पर साइबर चुनौतियों का समाधान खोजना शामिल है।

## शासकीय स्कूलों में हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल की त्रैमासिक परीक्षा समय सारणी जारी

**जबलपुर।** प्रदेश के शासकीय स्कूलों में इस वर्ष कक्षा 9 से कक्षा 12वीं तक की त्रैमासिक परीक्षाएं 28 अगस्त से शुरू हो रही है। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा निर्देश जारी किये है। परीक्षाएं हाई-हायर सेकण्डरी स्कूल की 28 अगस्त से शुरू होंगी। यह परीक्षाएं 9 सितम्बर तक सम्पन्न हो जायेंगी। त्रैमासिक परीक्षा के प्रश्न पत्र विमर्श पोर्टल पर भेजे जायेंगे। इससे राज्य स्तर पर परीक्षा पेपर की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकेंगी।निर्देशों में कहा गया है कि अभिभावकों और शिक्षकों की मीटिंग (पीटीएम) आयोजित करने के लिये कहा गया है। यह मीटिंग सभी स्कूलों में 16 सितम्बर को होंगी। मीटिंग में बच्चों के अभिभावकों को उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन कराया जायेगा। इस व्यवस्था के लिये संयुक्त संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारी को अलग-अलग दल गठित कर न्यूनतम 10-10 स्कूलों का निरीक्षण करने के लिये कहा गया है। त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम 20 सितम्बर तक विमर्श पोर्टल पर प्रविष्ट करने के लिये भी कहा गया है। परीक्षा की समय सारणी स्कूलों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के लिये भी कहा गया है।

**28 अगस्त से शुरू होंगी परीक्षाएं**

शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026-27 में अपार आईडी होगी अनिवार्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल और हायर सेकण्डरी परीक्षा सत्र वर्ष 2026-27 अपार आईडी व्यवस्था अनिवार्य की गई है। मण्डल की समस्त परीक्षाओं के फॉर्म में यूडीआईएसई पोर्टल पर आधारित विद्यार्थियों के लिये स्थाई शैक्षणिक आईडी (अपार) ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक एकाउण्ट को अनिवार्य किया गया है। इस शैक्षणिक सत्र वर्ष 2025-26 के लिये कक्षा 9वीं से 12 में भरे जाने वाले आवेदन पत्रों में अपार आईडी को वैकल्पिक किया गया है।

**युवाओं के जोश और राष्ट्रभक्ति के नारों से प्रज्वलित हुआ अखंड भारत संकल्प**

# हिन्दू सेवा परिषद् की अगुवाई में निकली मशाल यात्रा



हरिभूमि, जबलपुर।

हिंदू सेवा परिषद के तत्वावधान में आज राष्ट्र एकता और अखंडता के संकल्प को समर्पित एक विशाल अखंड भारत संकल्प मशाल जुलूस का आयोजन किया गया। यह यात्रा ग्राम पिपरिया स्थित पिपरिया मोड़ से प्रारंभ होकर श्री हनुमान मंदिर में भारत माता की भव्य आरती के साथ आगे बढ़ी तथा खमरिया तक अपने गगनभेदी नारों और जनसमूह के उत्साह के साथ संपन्न हुई।

यात्रा के प्रारंभ में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जैसवानी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि – "अखंड भारत केवल एक स्वप्न नहीं, बल्कि यह हमारे पूर्वजों की तपस्या, हमारी सांस्कृतिक धरोहर और हमारी राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। हमें युवाओं की शक्ति और उनके संकल्प पर पूर्ण विश्वास है। जब युवा पीढ़ी अखंड भारत के आदर्श को अपने हृदय में धारण करेगी तभी यह संकल्प साकार होगा।" जुलूस में युवा वर्ग की बड़ी संख्या में उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। युवाओं ने मशालें थामकर पूरे उत्साह के साथ नारे लगाए – "अखंड भारत अमर रहे", "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्"। उनके जोशीले स्वर से पूरा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो उठा। मशाल जुलूस में माताएँ, बहनें और बच्चे भी शामिल हुए, जिससे यह यात्रा सामाजिक एकता और सांस्कृतिक सामंजस्य का प्रतीक बन गई। इस अवसर पर अतुल जेसवानी, पंकज कुशवाहा, भोला कुशवाहा, गौरव साहू, नितिन सोनपाली, जितेन्द्र कुमार, दस्सू कुशवाहा, कन्नू कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में परिषद् पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में अखंड भारत के लिए आजीवन कार्य करने का संकल्प लिया।



## मराठी अभिनव वाचक स्पर्धा संपन्न

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश मराठी अकादमी इंदौर द्वारा 'जेष्ठ साहित्यकार कै. कल्पना शुद्धवैशाख स्मृति में 16 वी अभिनव वाचक स्पर्धा 2025 का आयोजन आज 17 अगस्त रविवार को किया गया I बृहन्महाराष्ट्र मंडल नई दिल्ली के शतक गौरव वर्ष के उपलक्ष्य मे इस वर्ष दोनो संस्थांओ द्वारा इस स्पर्धा का संयुक्त आयोजन नूतन मराठी स्कूल गोलबाजार में किया गया। मातृभाषा मराठी के सतत मनन, चिंतन एवं संवर्धन के साथ पाठकों में पुस्तकें पढ़ने की आदत विकसित हो इस उद्देश्य से हर वर्ष यह परीक्षा जबलपुर व अन्य समस्त केंद्रों पर अकादमी द्वारा संचालित की जाती है। इस परीक्षा में 50 से अधिक परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग थे। मध्य प्रदेश मराठी अकादमी इंदौर व बृहन्महाराष्ट्र मंडल नई दिल्ली की ओर से दिलीप कुंभोजकर, सौ. प्रगति दाभोलकर, हर्षल पुणतांबेकर ने विगत दो माह पुस्तक समीक्षा, पठन-पाठन के साथ ही आज अभिनव वाचक स्पर्धा का आयोजन किया।

# धूप छाव के बीच खेल रही उमस

## बंगाल की खाड़ी से जल्द आ रही पानी खेप

**जबलपुर।** कभी धूप कभी छांव के बीच पानी की बौछारें पड़ने से मौसम का कॉकटेल हो रहा है। 33 इंच बारिश के बाद भी उमस भरी गर्मी पीछा नहीं छोड़ रही है। उमस के बीच बूंदाबांदी होती रही।बीच-बीच में धूप भी निकली, बादल भी छाये और बारिश भी हुई। मौसम के मिजाज अभी ऐसे ही बनें रहेंगे।मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम डेवलप हो रहा है। उसके बाद झमाझम बारिश के आसार बनेंगे। फिलहाल छुटपुट वर्षा का दौर जारी है।

### तापमान इतराया

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले दिनो बंगाल की खाड़ी से आये चक्रवात आगे बढ़ जाने के बाद हवा के कम दबाव का क्षेत्र बिखर गया है, जिससे मौसम खुल गया। सूर्य देव के प्रभावी होने से तापमान को इतराने का मौका मिल रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया। न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस



रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 78 प्रतिशत और सायंकाल 73 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले २४ घंटों के दौरान 27.8 मिमी वर्षा के बाद 9 जून से आज तक कुल वर्षा का आंकड़ा 853.8 मिमी (33.6 इंच) दर्ज किया जा चुका है। उत्तर पूर्वी हवाएं 5-6 किलोमीटर की रफ्तार से चली। सूर्योदय सुबह 5.48 बजे और सूर्यास्त शाम 6.40 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन 2.0 मिमी वर्षा हुई थी। जबकि कुल वर्षा 965.60 मिमी दर्ज की गई थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.06 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टे के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

## गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ ने किया ध्वजारोहण



**जबलपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गहोई वैश्य वरिष्ठ संघ मप्र जबलपुर के तत्वावधान में गहोई वैश्य समाज पंचायत जबलपुर एवं गहोई वैश्य पंचायती भवन समिति के सहयोग से स्वतंत्रता दिवस पर प्रातः 9बजे ध्वजारोहण गहोई धर्मशाला, तमरहाई चौक में संपन्न हुआ । कार्यक्रम में वरिष्ठ संघ के सदस्यों एवं समाज के पंच गणों सहित संतोष सुहाने महामंत्री, विजय कुमार बड़ोंनया कोषाध्यक्ष व स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। वरिष्ठ संघ अध्यक्ष इंजी. कमलकांत गुप्ता बहरे ने ध्वजारोहण किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने देश एवं विश्व के विकास के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं सेना को सर्वोच्च सम्मान देना का आव्हान किया।



## कजलियाँ मिलन कार्यक्रम

**जबलपुर।** नामदेव सामुदायिक भवन में कनलियां मिलन कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से रखा गया था। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। तद्दुपरान्त्र काजलियाँ मिलन कार्यक्रम एवं संत नामदेव जी की पूजा अर्चन किया गया। इस कार्यक्रम में नामदेव महिला मंडल एवं समाज के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ गिट्याटरी लाल नामदेव, ओमप्रकाश नामदेव जी, संदीप उपस्थित रहे। कौशल, श्रीमति सविता नामदेव आदि बडी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## जबलपुर हॉस्पिटल के जनरेटर रूम में लगी आग

### मचा हड़कंप, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में बड़ा हादसा टल गया। हॉस्पिटल के जनरेटर रूम में आग लग गई। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। घटना ओमती थाना क्षेत्र के जबलपुर अस्पताल की है। यहां अस्पताल के बगल में बने जनरेटर रूम में अचानक आग लग गई। जिसे देखते ही वहां मौजूद लोग डरकर यहां वहां भागने लगे। लोगों ने इसकी सूचना फौरन फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि जनरेटर ओवरहीट होने की वजह से आग लगी थी।

## कृष्ण मंदिरों में देर रात तक चले आयोजन

# सिहोरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि सिहोरा।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई है। नगर में शोभायात्रा के साथ ही कहीं मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित कि गई तो कहीं भंडारे के आयोजन हुए। इसके अलावा सिहोरा खितौला में करीब एक दर्जन राधा कृष्ण मंदिरों में भी भक्तों का दिनभर तांता लगा रहा।शहर में हर तरफ गोविंदा आला रे आला के गगनभेदी जयकारों से संपूर्ण नगरी धर्ममय हो गई ।

### वासुदेव विला में आयोजन

कन्हैया के जन्मोत्सव पर आज जहां नगर उपनगर के सभी कृष्ण मंदिरों को आकर्षण ढंग से सजाया सवारा गया है और भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने के लिए मंदिरों में धार्मिक आयोजनों की धूम रही वही हरदौल मंदिर मार्ग पर स्थित वासुदेव विला में विराजमान योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। तथा रात बारह बजे के बाद तक धार्मिक आयोजन भजन संध्या का कार्यक्रम चलता रहा।



### नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

नगर में यादव समाज द्वारा मझौली बायपास से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो मझौली बायपास से प्रारम्भ होकर,कटरा मोहल्ला, झंडाबाजार, कालभैरव चौक,आजाद चौक,गढिया मोहल्ला होते हुए शुभारंभ स्थल पर सपन्न हुई। यात्रा में अहीर नृत्य के साथ राधा कृष्ण की मनमोहक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया, यादव समाज के लोग मिरदंग की थाप पर थिरकते नजर आए। तथा अनेक नवजवानों ने एक से बढ़कर एक करतब भी दिखाये। तदपश्चात शाम को भंडारे के साथ भजन कीर्तन एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सतीष यादव,डाक्टर आर के यादव, छोटे पटेल, नलिन पटेल, अनिल बर्मन,पवन यादव, सुनील दुबे, छत्रपति ठाकुर, पप्पू यादव, डब्बू यादव,गुलाब सिंह ठाकुर, सुनील चक्रवर्ती, अवधेश यादव,मंती यादव, राहुल श्रीवास्तव आदि का योगदान रहा।

### मनमोहक झांकियों से सजा श्री ढेलाराम मंदिर

ढेलाराम मंदिर में नवांकुर संस्था स्व सेवा संयोजन समिति के द्वारा बाल संस्कार केंद्र के माध्यम से नगर विकास प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष आकांक्षा गर्ग और सदस्यों एवं महिला पतंजलि योग समिति सिहोरा के संयुक्त तत्वावधान में  कृष्ण की मनोहारी झांकियों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें कान्हा,राधा,रुक्मिणी,सुदामा,देवकी बलराम,सखियों,नन्हें नंदलालाओं और राधा की नटखट टोली की वेषभूषा में बच्चे नजर आये। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मटकी फोड़ प्रतियोगिता रही जिसमें गौरी चौबे ने बाजी मारी।इस आयोजन की साज सज्जा मंदिर प्रशासन एवं रंजना ठाकुर,आरती अन्नपूर्णा की भूमिका अनिता तिवारी ने निभाई। पुरुस्कार वितरण मदन उरमलिया के सौजन्य से हुआ। संस्था की अध्यक्ष सुषमा सिंह कर्चुली द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## हाई कोर्ट ने दैवेभो की बर्खास्तगी का आदेश किया निरस्त

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने दैनिक वेतनभोगी कर्मचार्रियों की बर्खास्ती को अनुचित पाकर निरस्त कर दिया। इसी के साथ पूर्व की भांति सेवा में लेने के निर्देश दे दिए। याचिकाकर्ता बालाघाट निवासी नर्मछा प्रसाद शिव व प्रमित नाग की ओर से अधिवक्ता नरेंद्र कुमार शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता नगर पालिका परिषद, मलाजखंड, बालाघाट में कचरे वाली गाड़ी को चलाने का कार्य करते थे। वे विगत आठ वर्ष से घर-घर जाकर कचरा संग्रहण कर रहे थे। संयुक्त संचालक, जबलपुर संभाग ने पत्र जारी कर संभाग के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सितंबर, 2016 के बाद नियुक्त सभी दैवेभोग की सेवा समाप्त कर दी जाए। यदि ऐसा नहीं किया गया तो मुख्य नगर पालिका के वेतन से कटौती की जाएगी। इसीलिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने याचिकाकर्ताओं सहित 40 दैवेभो की सेवाएं समाप्त कर दीं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि आठ वर्ष की सेवा के बाद नियमित करने के स्थान पर नौकरी छीनन अनुचित है। यह रवैया नैसर्गिक न्याय सिद्धांत के विपरीत है। हाई कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर बर्खास्तगी निरस्त कर दी।



## बीमा कंपनी को ब्याज सहित 67 हजार 500 रुपये अदा करने के आदेश

**जबलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष पंकज यादव व सदस्यद्वय अमित सिंह तिवारी और सोनल पंडित की न्यायपीठ ने दि न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को सेवा में कमी का दोषी पाया। इसी के साथ परिवादी के हक में राहतकारी आदेश पारित कर दिया। इसके अंतर्गत 67 हजार 500 रुपये ब्याज सहित अदा करने के निर्देश दे दिए। यही नहीं मानसिक पीड़ा के एवज में पांच हजार व मुकदमे का खर्च दो हजार भी भुगतान करने के निर्देश दिए। परिवादी जबलपुर निवासी जितेंद्र पटेल की ओर से अधिवक्ता अजय दुबे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि परिवादी ने नियमानुसार प्रीमियम राशि का भुगतान कर अपने वाहन का बीमा कराया था। जब बीमित वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया तो दवा पेश किया गया। जिसे मनमाने तरीके से निरस्त कर दिया गया। इसीलिए न्यायहित में आयोग की शरण लेनी पड़ी।

# श्री कृष्ण स्वरूप सज्जा में हुई मनमोहक प्रस्तुतियां

**बरेला।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर संस्कार भारती बरेला द्वारा सामुदायिक भवन बजरंग बाल विहार  में श्री कृष्ण स्वरूप सजा का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक  सुशील इंदु तिवारी सभाअध्यक्ष पूर्व प्रांताअध्यक्ष गौरीशंकर पांडे सारस्वत अतिथि प्रभात दुबे डायरेक्टर प्रीमीयर कॉलेज विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक मानव दुबे मंचासीन रहे। संयोजक महेश मानव ने बताया की स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता दो वर्गों में संपन्न हुई जिसमें कान्हा वर्ग में कुमारी आरवी सोनी ने प्रथम अनुष्का शुक्ला ने द्वितीय कुमारी दीपाली त्रिपाठी एवं कुमारी अश्वनी जैन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान एवं अंश शुक्ला ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया इसी तरह बलदाऊ वर्ग में अग्रिमा दुबे ने प्रथम कुमारी आराध्या दुबे ने द्वितीय कुमारी आरुही सिंह




परिहार ने तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार रूही वंशकार एवं अंशुल सोनवानी ने प्राप्त किया सभी प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया साथ ही विधायक सुशील तिवारी द्वारा सभी प्रतिभागियों को एक-एक हजार का विशेष पुरस्कार प्रदान किया कार्यक्रम में निर्णायक का दायित्व श्रीमती विजयश्री मिश्रा उपाध्यक्ष संस्कार भारती महाकौशल प्रांत एवं श्रीमती आरती दीक्षित जिला मंत्री संस्कार भारती ने निभाया कार्यक्रम का संचालन क्रमशः समिति के उदय राम साहू एवं संदीप साहू ने किया इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष पंडित प्रेमदास रामायणी की अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मोदी चरितम का लोकार्पण मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया।  इस अवसर पर दिनेश बागरी बाघराजी भैया जी साहू सी एम शर्मा महेश झरिया अरविंद तिवारी एडवोकेट प्रवीण जैन समीर श्रीवास्तव सुनील पटेल रामकृष्ण पटेल मंडल अध्यक्ष अर्पित जैन पार्षद क्रमशः दीपेश पटेल विकी कृष्णा बर्मन राजकुमार गोटिया अतीक बर्मन महेश चक्रवर्ती दिव्या अरिहंत जैन सरपंच आशीष शुक्ला प्रीतम कटारे आलोक पटेल की उपस्थिति  रही।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मना स्वतंत्रता दिवस

**मझौली।** सरस्वती शिशु मंदिर मझौली में 79वा स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया । विद्यालय के व्यवस्थापक ओम प्रकाश पटेल, उपाध्यक्ष धन्य कुमार नेमा तथा प्राचार्य  चंद्रकांत मिश्र  के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।  भैया बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम (नृत्य, भजन, भाषण) प्रस्तुत किए गए। साथ ही विद्यालय में कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें भैया बहनों द्वारा राधा कृष्ण की मनमोहक 61 झांकियां प्रस्तुत की गई। जो दर्शकों को मन मोहक करने वाली झांकियां थी। विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा आभार व्यक्त किया गया एवं वंदे मातरम गायन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



# स्वतंत्रता दिवस का महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया



**पाटन।** नगर में 79 वा स्वतंत्रता दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। नगर के तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह ,वरिष्ठ समाजसेवी राकेश सिंह ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य उदयभान सिंह,नगर परिषद उपाध्यक्ष देवकुमार यादव,पार्षद दीपक जैन,प्रदीप पटेल,प्रशांत जैन,पंडित विवेक बबेले ने पूजन पाठ कर ध्वजारोहण किया गया । इसके पश्चात विद्यालय की बच्चियों ने बैंड ग्रुप के द्वारा तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें निरंतर तन मन धन पूर्वक देश सेवा में लगे रहने का संकल्प दिलाकर देश के प्रति हमारे कर्तव्यों की बात की । प्राचार्य चरण सिंह ने अपने उद्बोधन के माध्यम से आजादी कैसे मिली और अब हमारा क्या दायित्व है प्रकाश डाला साथ उपस्थित अतिथियों का आभार माना युवाओं की ओर से विवेक बबेले ने जोश पूर्ण वक्तव्य के साथ अपना पक्ष रखा । तथा इस पावन पर्व के लिए सभी आगंतुकों एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। पाटन नगर में संयुक्त रूप से झंडा चौक पर होने वाले कार्यक्रम में तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने शिरकत की तथा नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विगत वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक विद्यालय का नाम रोशन करने वाले तान्या कॉन्वेंट के छात्र कृष्ण बहादुर, वेदांशी सिंह, साक्षी विश्वकर्मा ,  दिव्या सिंह ठाकुर और वंशिका साहू ,हिमांशी कोष्टा को शिक्षा जगत में छात्र के रूप में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया गया। विदित हो कि इन बच्चों ने बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक अर्जित कर प्रदेश में नवा एवं जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से  डॉ संदीप सिंघई ,जनपद सदस्य शक्तिराज यादव,धर्मेंद्र बद्दू लोधी,सुनील नामदेव ,विनीत सिंघई,कमल सिंह,आजाद जैन,पत्रकार राजेंद्र सिंह,राजेश दुबे,आकाश अग्रवाल,राजू  सिंह,उत्तम  सिंह,मोहन सिंह,आदेश  नंदेसरिया,शेरू  भुररक, आदित्य नामदेव, प्रभु पटेल, धर्मेंद्र नेमा, बंटी नेमा , अभय सिंह , अर्जुन सिंह, अजीत यादव , सौरभ सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे । कार्यक्रम का सफल संचालन नीरज पटेल ने कार्यक्रम का आयोजन उपप्राचार्य सुजीत सिंह ने किया ।



### स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण

**पाटन।** गुरु मोहल्ला पाटन पत्रकार पवन वर्मा द्वारा गुरु मोहल्ला वार्ड क्रमांक 9 में स्वतंत्रता दिवस समारोह प्रतिवर्ष की भांति घर में ध्वजारोहण किया गया जिसमें मोहल्ला नागरिकों एवं बच्चों द्वारा राष्ट्रगीत का गायन किया गया उसके बाद में प्रसाद वितरण किया गया।

## शिविर में 60 यूनिट रक्त एकत्र किया

# तहसील में समाज सेवा का पर्याय बनी जनसेवा समिति

**सिहोरा।** सम्पूर्ण तहसील एंव जिले में समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने से समाज सेवा की पर्याय बनी आशा जन सेवा समिति द्वारा शुक्रवार को मझौली में हर साल की तरह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी कोमल चंद असाटी ने किया रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक विक्टोरिया हॉस्पिटल जबलपुर द्वारा किया गया जिसमें 60 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। एंव नेत्र परीक्षण टीम- देव जी नेत्रालय द्वारा 120 लोगों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण तथा 80 मरीजों को चश्मा वितरित किया गया।

### अभी तक 662 यूनिट रक्त एकत्र कर सौंपा


समिति के संचालक विनय असाटी ने रक्त की आवश्यकता एवं  महत्व को बताते हुए कहा कि रक्तदान महादान होता है एवं इसका महत्व वे व्यक्ति ज्यादा बता सकते हैं जिन्हें रक्त की आवश्यकता पड़ती है। रक्तदान से इंसान में सामाजिक भावना व सहयोग करने की जो इच्छा उत्पन्न होती है वही समाज को दिशा देने का काम भी करती है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से इस तरह का कार्य लगातार करते रहने का आह्वान किया। राशी असाटी ने बताया कि उनकी मां आशा असाटी की पुण्यतिथि में लगातार 11 वर्षों से यह आयोजन परिवार द्वारा जनहित में किया जा रहा है जिसमें अभी तक 662 यूनिट रक्त एकत्र कर विक्टोरिया हास्पिटल को प्रदान किया जा चुका है।



### इनका रहा सहयोग

शिविर के समापन पर सतीष असाटी सहित अन्य अतिथियों ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। आयोजन को सफल बनाने में अटल चौरसिया,अभिषेक पटेल,हर्ष साहू,शिवम कोरी, हेमंत विश्वकर्मा,अभिषेक भट्ट,प्रिंस चौहान, रामकुमार पटेल,ईश्वरी पटेल,विनोद पटेल,राहुल असाटी,मुकेश सेन,सौरभ मोंटी सेन का योगदान रहा।

## वृंदावन से सजे पाटन में निकली नृत्य गोपाल जी की शोभायात्रा



**पाटन।** जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पाटन क्षेत्र की जन आस्था के केंद्र भगवान श्री नृत्य गोपाल जी की शोभायात्रा परंपरागत उत्साह के साथ संपन्न हुई पाटन नगर का कोना-कोना श्रद्धालुओं ने इस तरह सजाया था कि जैसे सारा नगर वृंदावन को साकार कर रहा था, यादव समाज पाटन के द्वारा राधा कृष्ण मंदिर से भगवान की झांकी के साथ शोभायात्रा का प्रारंभ हुआ जो नृत्य गोपाल मंदिर पहुंचकर मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी, नगर में स्थान स्थान पर श्रद्धालुओं ने मिष्ठान लड्डू विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का वितरण कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। मंदिर न्यास की ओर से सरवराहकार ठाकुर रणधीर सिंह,विमल कुमार जैन, जुगल किशोर अग्रवाल, आचार्य जगेन्द्र सिंह, राघवेन्द्र शुक्ल, राजशेखर त्रिपाठी, आशीष वैद्य ने ने सभी का स्वागत किया, शोभायात्रा में क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई, पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे।

## कटंगी के उप यंत्री राहुल साहू को किया सम्मानित



**जबलपुर।** 79 वा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माननीय उप मुख्यमंत्री श्रीमान जगदीश देवड़ा एवं कलेक्टर महोदय श्री दीपक सक्सेना जी,पुलिस अधीक्षक (SP) श्री सम्पत उपाध्याय जी द्वारा उपयंत्री श्री राहुल साहू  को जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत वार्ड नंबर 12 दुर्गा चौक में स्थित 100 वर्ष पुरानी बावली सफाई, में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशस्ति प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया।

## फड़ पर छापा पड़ते ही भागे जुआरी, एक गिरफ्तार

**जबलपुर।** बरेला पुलिस ने ग्राम रिछाई नागा घाटी के पास जमे जुये के फड़ में छापा मारा इस दौरान जुआरी भागने में सफल हो गये. सिर्फ एक जुआरी पुलिस के हाथ लग सका पुलिस ने जुये के फड़ से 90 हजार 490 रुपये एक बुलेरो वाहन और एक एक्सिस जप्त की है।  बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर नागा घाटी के पास साईड वाली रोड में जमे जुये के फड़ पर छापा मारा यहां एक जुआरी कमलेश  कमलेश लोधी तेंदुखेड़ा जिला दमोह निवासी पकड़ा गया, उसने पूछताछ में बताया की पुलिस को देखकर अन्य जुआरी  रामू पटैल निवासी चैधरी मोहल्ला पाटन, नवासी लोधी निवासी छोटा बेलखेड़ा, रोहित सोनकर निवासी ग्राम पुरवा, भूपत ठाकुर निवासी जुनवानी एवं अन्य लोग भाग गये तथा  रोहित सोनकर ताश के पत्ते लेकर भागा है. जुआड़ियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।




**श्री ललित कुमार अग्रवाल-** गली नं. 16, सदर निवासी श्री ललित कुमार अग्रवाल (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती समृद्धि परांजपे-** सार्थक अपार्टमेंट आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री त्रिविक्रम परांजपे की धर्मपत्नी श्रीमती समृद्धि परांजपे (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय कांत दुबे-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री संजय कांत दुबे (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुंगिया बाई-** मांडवा बृजमोहन नगर रामपुर निवासी श्री राम प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती मुंगिया बाई (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गीता शर्मा-** रांझी स्थित गांधी व्यायाम शाला के पास निवासी श्री इंद्र किशोर शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती गीता शर्मा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामदास सराठे-** किशोरी लाल का बाड़ा घमापुर चौक निवासी श्री रामदास सराठे (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुनील कुमार केवट-** यादव कॉलोनी विवेकानंद वार्ड निवासी श्री सुनील कुमार केवट (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री होशियार सिंह जाट-** पूर्वी बेलबाग कंजड़ मोहल्ला निवासी श्री होशियार सिंह जाट (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पंजी कुमार कोल-** टाइप श्री व्हीकल इस्टेट निवासी श्री गयादीन कोल के पुत्र श्री पंजी कुमार कोल (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| सिंगल साइज:- | सें.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| सिंगल साइज:- | सें.मी. | रंगीन | 400/- |
| सिंगल साइज | सें.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

**खबर संक्षेप**

## बीते सप्ताह अधिकांश तेल की कीमतों में रहा सुधार



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के बीच बीते सप्ताह घरेलू बाजार में सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। ऊंचे भाव वाले सोयाबीन डीओसी की स्थानीय कमजोर मांग से सोयाबीन तिलहन कीमतों में गिरावट देखी गई।

## भारत का अमेरिका को वस्तु निर्यात जुलाई में 20% बढ़ा



**नई दिल्ली।** भारत का अमेरिका को वस्तु निर्यात जुलाई में 19.94 प्रतिशत बढ़कर 8.01 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि आयात 13.78 प्रतिशत बढ़कर लगभग 4.55 अरब डॉलर रहा।अप्रैल-जुलाई की अवधि में अमेरिका को निर्यात 21.64 प्रतिशत बढ़कर 33.53 अरब डॉलर और आयात 12.33 प्रतिशत बढ़कर 17.41 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## पतंजलि फूड्स का मुनाफा 31% घटकर 180 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** पतंजलि फूड्स लिमिटेड का जून में समाप्त पहली तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 31 प्रतिशत घटकर 180.35 करोड़ रुपये रहा है। खर्च बढ़ने से कंपनी का मुनाफा घटा है।

# आईओसी ने खाना पकाने के बेकार तेल से बनाया विमान ईंधन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घर या रेस्तरां में तलने के बाद अक्सर खाना पकाने के तेल को फेंक दिया जाता है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की एक रिफाइनरी को अब उसी तेल से टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) बनाने का प्रमाणन मिल गया है। कंपनी के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी ने यह जानकारी दी।

एसएएफ गैर-पेट्रोलियम 'फीडस्टॉक' से बना एक वैकल्पिक ईंधन है जो हवाई परिवहन से होने वाले उत्सर्जन को कम करता है। उपलब्धता के आधार पर, इसे पारंपरिक एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ या जेट ईंधन) में 50 प्रतिशत तक मिलाया जा सकता है। भारत ने 2027 से अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन कंपनियों को बेचे जाने वाले जेट ईंधन में एक प्रतिशत एसएएफ मिश्रण को अनिवार्य कर दिया है।

**तलने के बाद अक्सर खाना पकाने के तेल को फेंक दिया जाता है**

### पानीपत की रिफाइनरी तेल का उपयोग करेगी

पानीपत रिफाइनरी में इस तेल का उपयोग एसएएफ का उत्पादन करने के लिए किया जाएगा। बड़े होटल और रेस्तरां श्रृंखलाएं आमतौर पर एक बार इस्तेमाल के बाद खाना पकाने के तेल को फेंक देती हैं। वर्तमान में, यह इस्तेमाल किया हुआ खाना पकाने का तेल एजेंसियों द्वारा एकत्र किया जाता है और निर्यात किया जाता है।



### एकमात्र चुनौती तेल एकत्र करने की

साहनी ने कहा, ''देश में इस तरह का तेल बड़ी मात्रा में उपलब्ध है। एकमात्र चुनौती इसे एकत्र करने की है। हालांकि, बड़ी होटल श्रृंखलाओं से इसे एकत्र करना आसान है, लेकिन घरों सहित छोटे उपयोगकर्ताओं से इसे जुटाने के लिए समाधान खोजने की जरूरत है। कंपनी ने गुजरात स्थित अपनी कोयाली रिफाइनरी में ब्यूटाइल एक्रिलेट (बीए) का उत्पादन करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये का एक संयंत्र भी स्थापित किया है, जिसका उपयोग पेंट बनाने में किया जाता है।

*एक प्रतिशत एसएएफ मिश्रण होगा अनिवार्य : चालू कैलेंडर साल के अंत से यह रिफाइनरी सालाना लगभग 35,000 टन एसएएफ का उत्पादन शुरू कर देगी। उत्पादन 2027 में देश के लिए अनिवार्य एक प्रतिशत मिश्रण की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगा। एजेंसियां बड़े उपयोगकर्ताओं मसलन होटल श्रृंखलाओं, रेस्तरां और हल्दीराम से इस्तेमाल किया हुआ खाना पकाने का तेल एकत्र करेंगी और इसकी आपूर्ति पानीपत रिफाइनरी को करेंगी।*

### भारत में दूसरा बड़ा संयंत्र

डेढ़ लाख सालाना क्षमता वाला यह ब्यूटाइल एक्रिलेट संयंत्र देश में वर्तमान में आयात किए जाने वाले 3,20,000 टन वार्षिक पेंट 'फीडस्टॉक' को समाप्त करने में मदद करेगा। यह कोच्चि रिफाइनरी में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. की इकाई के बाद भारत में इस तरह का दूसरा सबसे बड़ा संयंत्र है।

*कंपनी नवीकरणीय ऊर्जा पर काम कर रही : इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन नवोन्मेषण में सबसे आगे रही है, विशेष रूप से हरित ऊर्जा, टिकाऊ समाधान और तकनीकी प्रगति के क्षेत्रों में। कंपनी 2जी एथेनॉल, ईंधन सेल, बायो-डीजल और ऊर्जा भंडारण स्रोतों जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर काम कर रही है।*

### अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में सहायक होगा

# 'अगली पीढ़ी का जीएसटी' एकल कर स्लैब की दिशा में एक बड़ा कदम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक व्यापार में शुल्क के खतरों के बीच 'अगली पीढ़ी का जीएसटी' अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और आगे चलकर एकल कर दर व्यवस्था लागू करने की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसमें व्यापक सुधारों, कम कर दरों और केवल दो स्लैब का प्रस्ताव है।

सूत्रों ने कहा कि प्रस्तावित नयी जीएसटी व्यवस्था में कर दरों को कम करते हुए केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो स्लैब निर्धारित किए गए हैं। यदि जीएसटी परिषद प्रस्तावित दो स्लैब वाली व्यवस्था को मंजूरी देती है तो माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब खत्म हो जाएंगे।

### आम इस्तेमाल की वस्तुएं निचले कर दायरे में आ जाएंगी

एक सरकारी अधिकारी ने इसे ''अगली पीढ़ी का जीएसटी'' नाम देते हुए कहा कि ''यह एक क्रांतिकारी सुधार है... भारत में हो रहे आर्थिक सुधारों के महाकुंभ में यह सबसे ऊपर है।'' अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर यह बात कही। सरकारी सूत्रों ने कहा कि नए ढांचे का मतलब होगा कि लगभग सभी आम इस्तेमाल की वस्तुएं निचले कर दायरे में आ जाएंगी।

- व्यापक सुधार और केवल दो स्लैब का प्रस्ताव
- एकल कर दर व्यवस्था लागू करने की दिशा में कदम
- केवल पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब निर्धारित




### जेब में ज्यादा पैसे आएंगे, खपत बढ़ेगी

एक सूत्र ने कहा कि केंद्र सरकार कर दरों को युक्तिसंगत बनाने में कोई अल्पकालिक समाधान नहीं चाहती थी और क्षतिपूर्ति उपकर खत्म होने के साथ ही अगली पीढ़ी का जीएसटी जरूरी हो गया था। उन्होंने कहा, ''कम करों का मतलब है कि इससे लोगों की जेब में ज्यादा पैसा आएगा। इससे जाहिर तौर पर खपत बढ़ेगी।'अधिकारी ने बताया, ''साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया गया है कि दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर कर कम हो।''

### अंतिम लक्ष्य एकल स्लैब की ओर बढ़ना

'अंतिम लक्ष्य एकल स्लैब संरचना की ओर बढ़ना है, अभी इसके लिए सही समय नहीं है। अधिकारी ने कहा कि बदलाव की इस पूरी प्रक्रिया में हर नियम-कायदे का पालन किया जा रहा है। केंद्र सरकार नेतृत्व की भूमिका निभा रही है, लेकिन संवैधानिक जिम्मेदारी निभाते हुए दरों में संतुलन का काम मंत्रियों के समूह (जीओएम) के साथ मिलकर कर रही है।

*विकसित देशों के लिए सही है : अधिकार ने आगे कहा, ''एक बार यह व्यवस्था लागू हो जाए और भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाए, तो हम एकल दर वाले जीएसटी के बारे में सोच सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि एकल दर संरचना उन विकसित देशों के लिए सही है जहां आय और व्यय क्षमता एक समान है।*

### हर एक वस्तुओं को बारीकी से देखा है

अधिकारी ने कहा, ''हमने हर एक वस्तु को बारीकी से देखा है और कई मामलों में तीन-चार बार विचार भी किया है। चाहे किसानों के लिए कीटनाशक हों, छात्रों के लिए पेंसिल या एमएसएमई के लिए कच्चा माल—हर वस्तु पर विस्तार से चर्चा की गई है और उसे आवश्यक या सामान्य वस्तुओं की श्रेणी में रखा गया है।'' जीएसटी की संशोधित व्यवस्था के दिवाली तक लागू होने की उम्मीद है।

### राज्यों के वित्त मंत्रियों को प्रस्ताव भेजा गया

केंद्र सरकार ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित राज्यों के वित्त मंत्रियों के समूह को अपना यह प्रस्ताव भेजा है। इसमें 12 और 28 प्रतिशत की मौजूदा कर दरों को हटा दिया गया है। वहीं, संशोधित जीएसटी व्यवस्था में दो कर स्लैब के अलावा विलासिता एवं अहितकर वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत की एक विशेष दर रखने का प्रस्ताव रखा गया है।

# फॉक्सकॉन की बेंगलुरु इकाई में आईफोन-17 का उत्पादन शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ताइवान की दिग्गज इलेक्ट्रॉनिक कंपनी फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु स्थित अपने नए कारखाने में आईफोन-17 का विनिर्माण शुरू कर दिया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह फॉक्सकॉन की दूसरी सबसे बड़ी विनिर्माण इकाई है। इस कारखाने में फिलहाल आईफोन-17 को छोटे पैमाने पर बनाया जा रहा है।

फॉक्सकॉन पहले से चेन्नई स्थित अपने कारखाने में भी आईफोन-17 बना रही है। कंपनी ने अभी तक इस बारे में आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

फॉक्सकॉन आईफोन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। चीन के बाहर उसका दूसरा सबसे बड़ा कारखाना बेंगलुरु के पास देवनहल्ली में बनाया जा रहा है, जिस पर लगभग 2.8 अरब डॉलर (25,000 करोड़ रुपये) का निवेश किया जा रहा है। जानकार सूत्र ने बताया, /"फॉक्सकॉन के बेंगलुरु स्थित कारखाने में आईफोन-17 बनना शुरू हो गया है।/" एप्पल और फॉक्सकॉन को इस संबंध में भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। आईफोन-17 का उत्पादन कुछ समय के लिए बाधित हो गया था क्योंकि सैकड़ों चीनी इंजीनियर अचानक वापस लौट गए थे। हालांकि, फॉक्सकॉन ने इस कमी को पूरा करने के लिए ताइवान समेत कई जगहों से विशेषज्ञों को बुला लिया है। कई सूत्रों के अनुसार, एप्पल की योजना है कि वह इस साल आईफोन उत्पादन को बढ़ाकर छह करोड़ इकाई करने की है, जो वर्ष 2024-25 में करीब 3.5 से चार करोड़ इकाई था।



- यह फॉक्सकॉन की दूसरी सबसे बड़ी विनिर्माण इकाई
- फिलहाल आईफोन-17 को छोटे पैमाने पर बनाया जा रहा

# पुतिन-ट्रंप वार्ता से प्रभावित होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिवाली तक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में बड़े सुधार, पुतिन-ट्रंप शिखर सम्मेलन और एसएंडपी के भारत की साख में सुधार करने से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल प्रभावित हो सकती है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा वैश्विक बाजारों के रुझान और विदेशी निवेशकों का रुख भी घरेलू निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिवाली तक जीएसटी व्यवस्था में बड़े सुधारों की घोषणा की, जिससे रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें कम होंगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''इस सप्ताह बाजार में उत्साह के साथ शुरुआत होने की संभावना है, क्योंकि बाजार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस संबोधन से आशान्वित हैं। दिवाली से पहले जीएसटी दरों में संभावित कटौती के उनके बयान से बाजार की धारणा में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है और शेयर बाजार सुस्ती की गिरफ्त से बाहर आ सकते हैं। इस बीच, भारत ने शनिवार को अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता का स्वागत किया।

- जीएसटी सुधार व भारत की साख में सुधार से भी होगा बाजार प्रभावित



### एफआईआई का रुख प्रभावित हो सकता है

विजयकुमार ने आगे कहा, ''रेटिंग एजेंसी एसएंडपी के भारत की साख रेटिंग को 'बीबीबी-' से बढ़ाकर 'बीबीबी' करने से एफआईआई का रुख प्रभावित हो सकता है। मीणा ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के विवरण और अमेरिकी व्यापक आर्थिक आंकड़ों पर भी बाजार की नजर रहेगी।

### सुधार जोखिमों को कम करने लाया गया

ईवाई इंडिया के कर भागीदार सौरभ अग्रवाल ने कहा, ''जीएसटी 2.0 के लिए प्रधानमंत्री का नजरिया एक जुझारू भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा में समय से उठाया गया रणनीतिक कदम है। ये केवल प्रक्रियात्मक बदलाव नहीं हैं, बल्कि जरूरी संरचनात्मक सुधार हैं, (

- शीर्ष पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 60,675 .94 करोड़ रुपए

# पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में एसबीआई व एचडीएफसी बैंक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 60,675.94 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ भारतीय स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक को हुआ। छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्र के सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 739.87 अंक या 0.92 प्रतिशत चढ़ा, वहीं निफ्टी 268 अंक या 1.10 प्रतिशत के लाभ में रहा। शीर्ष 10 कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और समीक्षाधीन सप्ताह में भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,445.82 करोड़ रुपये बढ़कर 7,63,095.16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।




*रिलायंस का बाजार पूंजीकरण बढ़ा : रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 7,848.84 करोड़ रुपये बढ़कर 18,59,023.43 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 15,306.5 करोड़ रुपये घटकर 5,61,881.17 करोड़ रुपये रह गया।बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 9,601.08 करोड़ रुपये घटकर 5,35,547.44 करोड़ रुपये रह गई।*

# सैमसंग ने भारत में लैपटॉप का विनिर्माण किया शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने भारत में ग्रेटर नोएडा स्थित अपने कारखाने में लैपटॉप बनाना शुरू कर दिया है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने यह जानकारी दी। कंपनी पहले से ही ग्रेटर नोएडा स्थित अपने कारखाने में मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच और टैबलेट बना रही थी। अब इसमें लैपटॉप भी शामिल हो गया है। एक सूत्र ने बताया, /"सैमसंग ने अपने विनिर्माण पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। कंपनी ने ग्रेटर नोएडा स्थित कारखाने में लैपटॉप बनाना शुरू कर दिया है। सैमसंग की योजना भारत में और भी कई उपकरण बनाने की है।'' सैमसंग को भेजे गए ईमेल का कोई उत्तर नहीं मिला।



- कंपनी पहले से मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच और टैबलेट बना रही थी
- सैमसंग ने अपने विनिर्माण पोर्टफोलियो का विस्तार किया

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सैमसंग के बड़े अधिकारियों से मुलाकात के बाद कहा था कि सैमसंग भारत में अपनी प्रतिभा और नवोन्मेषण के जरिये आधुनिक प्रौद्योगिकी वाले उपकरणों का विनिर्माण बढ़ा रही है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सैमसंग दक्षिण-पश्चिम एशिया के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेबी पार्क और सैमसंग दक्षिण-पश्चिम एशिया के कॉरपोरेट उपाध्यक्ष एस पी चुन के साथ बैठक के बाद शनिवार को कहा, ''सैमसंग भारत में अपने उन्नत प्रौद्योगिकी उपकरणों के विनिर्माण का विस्तार जारी रखे हुए है।

### उन उद्योगों पर असर पड़ेगा जो अमेरिकी बाजार पर ज्याद निर्भर

# अमेरिकी शुल्क से रोजगार पर असर को लेकर विशेषज्ञ बंटे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर लगाए गए भारी शुल्क ने भारत में रोजगार को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। कुछ विशेषज्ञ तत्काल नौकरियों के संकट की चेतावनी दे रहे हैं, जबकि कुछ अन्य का मानना है कि भारत की घरेलू मांग और व्यापार में विविधता इस प्रभाव को कम करने में मदद करेगी।

कार्यबल समाधान और मानव संसाधन सेवा प्रदाता जीनियस एचआरटेक के संस्थापक, चेयरमैन और प्रबंध निदेशक आर पी यादव ने कहा, ''अमेरिका द्वारा हाल में लगाए गए अतिरिक्त शुल्कों का भारत के रोजगार परिदृश्य पर सीधा और व्यापक प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसका विशेष रूप से उन उद्योगों पर असर पड़ेगा जो कारोबार की निरंतरता और वृद्धि के लिए अमेरिकी बाजार पर बहुत अधिक निर्भर हैं।''

*कपड़ा, वाहन उद्योग ज्यादा प्रभावित होगा : यादव ने कहा कि कपड़ा उद्योग, वाहन कलपुर्जे बनाने वाले, कृषि और रत्न-आभूषण जैसे क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। इसका सबसे बड़ा बोझ सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) पर पड़ेगा। उनका अनुमान है कि लगभग दो से तीन लाख नौकरियां खतरे में हैं। सिर्फ कपड़ा उद्योग में ही, जो ज्यादा श्रम पर निर्भर है, अगले छह महीने से ज्यादा अगर यह शुल्क जारी रहा तो लगभग एक लाख नौकरियां जा सकती हैं।*

- कुछ विशेषज्ञ तत्काल नौकरियों के संकट की चेतावनी दे रहे



### हीरा व आभूषण उद्योग में हजारों नौकरियां खतरे में

यादव ने आगे कहा, ''इसी तरह, हीरा और आभूषण उद्योग में भी हजारों नौकरियां खतरे में हैं, क्योंकि अमेरिका में मांग कम हो रही है और लागत बढ़ रही है। हालांकि, टीमलीज सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालासुब्रमण्यम आनंद नारायणन का मानना है कि नौकरियों के जाने की संभावना फिलहाल नहीं है।

### अमेरिका को हमारा निर्यात 87 अरब डॉलर

अमेरिका को हमारा निर्यात 87 अरब डॉलर का है, जो हमारे कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 2.2 प्रतिशत है। दवा उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे बड़े क्षेत्र अभी प्रभावित नहीं होंगे। इससे यह असर सीमित होकर कपड़ा, रत्न-आभूषण जैसे उद्योगों तक ही रहेगा। उन्होंने कहा, ''ये शुल्क इस महीने के अंत तक लागू होंगे और उससे पहले कुछ बातचीत होने की संभावना है।/''

### हम व्यापार को दूसरे बाजारों की ओर मोड़ रहें

यादव ने कहा, ''दूसरी ओर, हमारे लिए कुछ अच्छी खबरें भी रही हैं, जैसे हाल ही में ब्रिटेन और अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) हुए हैं। अगर अमेरिका ये नए शुल्क लागू भी करता है, तो हम अपने व्यापार को दूसरी बाजारों की ओर मोड़ने या विविध बनाने का रास्ता जरूर निकाल लेंगे। इसलिए फिलहाल हमें नौकरियों में कमी के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। यह स्थिति लगातार बदल रही है और आने वाले समय में हमें और स्पष्टता मिलेगी।/''

**कार्यालय, कलेक्टर (जनजातीय कार्य) सिवनी**
E-mail- actw.sni@mp.gov.in

क्र. / 3139 / निर्माण / 2025-26 **निविदा विज्ञप्ति** निविदा आमंत्रण सूचना (ऑनलाईन ई - निविदा प्रथम आमंत्रण) सिवनी, दिनांक 11 अगस्त, 2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से भवन निर्माण हेतु परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई. यू. मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी एवं 01.01.2024 से प्रभावशाली लोक निर्माण के प्रचलित एस. ओ. आर. पर एवं विद्युत कार्य हेतु लो.नि.वि. के प्रचलित एस. ओ. आर. दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशाली पर आज दिनांक तक संशोधनों सहित निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन जोनल ई निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि 18-08-2025 एवं ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 02-09-2025 तक है। निविदा की विस्तृत शर्तें, निविदा प्रपत्र एवं शेड्यूल (Key dates) तथा अन्य जानकारियां www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | Online NIT No. | कार्य का नाम एवं विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत लाख में | अमानत राशि लाख में | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025 TAD – | सिवनी जिले के विकासखंड कुरई अंतर्गत विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/आश्रम एवं शाला भवनो में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य मदो से प्राप्त आवंटन से विभिन्न लघुनिर्माण, मरम्मत,सुदृढीकरण कार्यो का सम्पादन जैसे शौचालय, स्नानागार का निर्माण कार्य/अतिरिक्त कक्ष का निर्माणकार्य/कम्पाउंड वाल का निर्माण कार्य/पेयजल व्यवस्था का कार्य (पाईप लाईन फिटिंग/नलकूप खनन /कूप निर्माण कार्य) पहुंच मार्गो का निर्माण कार्य/नाली निर्माण कार्य/भवनो में खिडकीदरवाजे, छत, फर्श, पुट्टी, पेंटिग कार्य एवं ट्राईबलआर्ट पेंटिग आदि के कार्य/सेनेंट्री/सीवर लाईन फिटिंग कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु वार्षिक दर अनुबन्ध | प्रथम रू. 15000/- | 500.00 रू. पांच करोड मात्र | 5.00 लाख | 'स'श्रेणी एवं आवश्यक | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2025_ TAD_ | सिवनी जिले के विकासखंड लखनादौन अंतर्गत विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/आश्रम एवं शाला भवनो में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य मदो से प्राप्त आबंटन से विभिन्न लघुनिर्माण कार्यो का सम्पादनजैसे शौचालय, स्नानागृह सेट का निर्माण कार्य/अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य/कम्पाउंड वाल का निर्माण कार्य/पेयजल व्यवस्था का कार्य (पाईप लाईन फिटिंग/नलकूप खनन/कूप निर्माण कार्य) पहुच मार्गो का निर्माण कार्य/नाली निर्माण कार्य/भवनो में खिड़की-दरवाजे, छत, फर्श, पेंटिग कार्य एवं ट्राईबल आर्ट पेंटिग आदि के कार्य/सेनेंट्री/सीवर लाईन फिटिंग कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु वार्षिक दर अनुबन्ध | प्रथम रू. 15000/- | 500.00 रू. पांच करोड मात्र | 5.00 लाख | 'स'श्रेणी एवं आवश्यक | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2025_ TAD_ | सिवनी जिले के विकासखंड छपारा अंतर्गत विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/आश्रम एवं शाला भवनो में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य मदो से प्राप्त आबंटन से विभिन्न लघुनिर्माण कार्यो का सम्पादन-जैसे शौचालय, स्नानागृह सेट का निर्माण कार्य/अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य/कम्पाउंड वाल का निर्माण कार्य/पेयजल व्यवस्था का कार्य (पाईप लाईन फिटिंग/नलकूप खनन/कूप निर्माण कार्य) पहुच मार्गो का निर्माण कार्य/नाली निर्माण कार्य/भवनो में खिडकी- दरवाजे, छत, फर्श, पेंटिग कार्य एवं ट्राईबल आर्ट पेंटिग आदि के कार्य/सेनेंट्री/सीवर लाईन फिटिंग कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु वार्षिक दर अनुबन्ध | प्रथम रू. 15000/- | 500.00 रू. पांच करोड मात्र | 5.00 लाख | 'स'श्रेणी एवं आवश्यक | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2025_ TAD_ | सिवनी जिले के विकासखंड घंसौर अंतर्गत विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/आश्रम एवं शाला भवनो एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घंसौर में अनुसूचित जाति, अनु.जन जाति एवं अन्य मदो से प्राप्त आबंटन से विभिन्न लघुनिर्माण कार्यो का सम्पादन - जैसे शौचालय, स्नानागृह सैट का निर्माण कार्य/अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य/कम्पाउंड वाल का निर्माण कार्य/पेयजल व्यवस्था का कार्य (पाईप लाईन फिटिंग/नलकूप खनन/कूप निर्माण कार्य) पहुच मार्गो का निर्माण कार्य/नाली निर्माण कार्य, भवनो में खिडकी-दरवाजे, छत, फर्श, पेंटीग कार्य एवं ट्राईबल आर्ट पेंटिग आदि के कार्य/सेनेंट्री/सीवरलाईन फिटिंग कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु वार्षिक दर अनुबन्ध | प्रथम रू. 15000/- | 500.00 रू. पांच करोड मात्र | 5.00 लाख | 'स'श्रेणी एवं आवश्यक | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | 2025_ TAD_ | सिवनी जिले के विकासखंड धनौरा अंतर्गत विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/आश्रम एवं शाला भवनो में अनुसूचित जाति, अनु.जन जाति एवं अन्य मदो से प्राप्त आबंटन से विभिन्न लघुनिर्माण कार्यो का सम्पादन -जैसे शौचालय, स्नानागृह सैट का निर्माण कार्य/अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य/कम्पाउंड वाल का निर्माण कार्य/पेयजल व्यवस्था का कार्य (पाईप लाईन फिटिंग/नलकूप खनन/कूप निर्माण कार्य) पहुच मार्गो का निर्माण कार्य/नाली निर्माण कार्य/भवनो में खिड़की-दरवाजे, छत, फर्श, पेंटीग कार्य एवं ट्राईबल आर्ट पेंटिग आदि के कार्य/सेनेंट्री/सीवरलाईन फिटिंग कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु वार्षिक दर अनुबन्ध | प्रथम रू. 15000/- | 500.00 रू. पांच करोड मात्र | 5.00 लाख | 'स'श्रेणी एवं आवश्यक | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | 2025_ TAD_ | सिवनी जिले के विकासखंड सिवनी अंतर्गत विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/आश्रम एवं शाला भवनो में अनुसूचित जाति, अनु.जन जाति एवं अन्य मदो से प्राप्त आबंटन से विभिन्न लघुनिर्माण कार्यो का सम्पादन जैसे शौचालय, स्नानागृह सैट का निर्माण कार्य/अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य/कम्पाउंड वाल का निर्माण कार्य/पेयजल व्यवस्था का कार्य (पाईप लाईन फिटिंग/नलकूप खनन/कूप निर्माण कार्य) पहुच मार्गो का निर्माण कार्य/नाली निर्माण कार्य/भवनो में खिडकी-दरवाजे, छत, फर्श, पेंटीग कार्य एवं ट्राईबल आर्ट पेंटिग आदि के कार्य/सेनेंट्री/सीवरलाईन फिटिंग कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु वार्षिक दर अनुबन्ध | प्रथम रू. 15000/- | 400.00 रू. चार करोड मात्र | 4.00 लाख | 'स'श्रेणी एवं आवश्यक | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 7 | 2025_ TAD_ | सिवनी जिले के विकासखंड केवलारी अंतर्गत विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/आश्रम एवं शाला भवनो में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य मदो से प्राप्त आबंटन से विभिन्न लघु निर्माण कार्यो का सम्पादन - जैसे शौचालय, स्नानागृह सैट का निर्माण कार्य/अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य/कम्पाउंड वाल का निर्माण कार्य/पेयजल व्यवस्था का कार्य (पाईप लाईन फिटिंग/नलकूप खनन/कूप निर्माण कार्य) पहुच मार्गो का निर्माण कार्य/नाली निर्माण कार्य,/भवनो में खिडकी-दरवाजे, छत, फर्श, पेंटिग कार्य एवं ट्राईबल आर्ट पेंटिग आदि के कार्य/सेनेंट्री/सीवर लाईन फिटिंग कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु वार्षिक दर अनुबन्ध | प्रथम रू. 15000/- | 200.00 रू. दो करोड मात्र | 2.00 लाख | 'स'श्रेणी एवं आवश्यक | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 8 | 2025_ TAD_ | सिवनी जिले के विकासखंड बरघाट अंतर्गत विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/आश्रम एवं शाला भवनो में अनुसूचित जाति, अनु.जन जाति एवं अन्य मदो से प्राप्त आबंटन से विभिन्न लघुनिर्माण कार्यो शौचालय, स्नानागृह सैट का निर्माण का सम्पादन - जैसे कार्य/अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य/कम्पाउंड वाल का निर्माण कार्य/पेयजल व्यवस्था का कार्य (पाईप लाईन फिटिंग/नलकूप खनन/कूप निर्माण कार्य) पहुच मार्गो का निर्माण कार्य/नाली निर्माण कार्य,/भवनो में खिडकी - दरवाजे, छत, फर्श, पेंटीग कार्य एवं ट्राईबल आर्ट पेंटिग आदि के कार्य/सेनेंट्री/सीवरलाईन फिटिंग कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास योजना अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु वार्षिक दर अनुबन्ध | प्रथम रू. 15000/- | 50.00 रू. पचास लाख मात्र | 0.50 लाख | 'स'श्रेणी एवं आवश्यक | 12 माह वर्षाकाल सहित |

Keydates-

| S. No. | Particular | Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र क्रय की प्रारम्भ तिथि | 18/08/2025 10:30 AM |
| 2 | निविदा प्रपत्र क्रय की अंतिम तिथि | 02/09/2025 05:00 PM |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 02/09/2025 05:30 PM |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 04/09/2025 11:30 AM |
| 5 | वित्तीय ऑफर खोलने की तिथि | 09/09/2025 12:30 PM |

निविदा आमंत्रण सूचना क्र.3139 / निर्माण / 2025-26 सिवनी, दिनांक अगस्त 2025 हेतु शर्ते निम्नानुसार है- 1- उक्त निविदाओं निविदाओं को बेवसाइट पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेन्डर डाक्युमेन्ट बेवसाइट www.mptenders.gov.in के माध्यम से क्रय किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 26.08.2025 समय 17:00 (सायं 05:00 बजे) तथा निविदा प्रपत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26.08.2025 समय 17:30 ( सायं 05:30 बजे) बजे निर्धारित है। 2- कार्य संबंधी विवरण एवं निविदा बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है. । 3- समस्त निविदाकारो को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें, शीघ्र अतिशीघ्र बिड जमा करें। बेवसाइट पर किसी प्रकार की असुविधा के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। 4- वित्तीय प्रस्ताव किसी भी स्थिति में ऑफलाईन (हार्ड कॉपी में) मान्य नही होगा। यदि वित्तीय प्रस्ताव मोहरबंद लिफाफे में या अन्य किसी भी प्रकार से ऑफलाईन दिया गया तो वह बिड अमान्य कर दी जायेगी। 5- उपरोक्त कार्यो का भुगतान आवंटन प्राप्त होने पर किया जावेगा।

G-17278/25

**सहायक आयुक्त**
**जनजातीय कार्य, सिवनी**

*नई दिल्ली। दिल्ली से गुरुग्राम जाना अपने आप में चुनौती होती थी। घंटों के जाम लोगों के लिए परेशानी का सबक बना हुआ था, लेकिन अब इससे आजादी मिल गई। अर्बन एलिवेटेड द्वारका एक्सप्रेसवे देश का पहला 8 लेन का एक्सप्रेस वे है जो दिल्ली से गुरुग्राम की दूरी को 1 घंटे से घटाकर 20 मिनट कर देगा। दिल्ली से गुरुग्राम आना-जाना, आईजीआई एयरपोर्ट पर आना-जाना आसान हो जाएगा। वहीं नोएडा से गुरुग्राम आने-जाने वालों को भी राहत मिलेगी। गुरुग्राम से फरीदाबाद मानेसर, सोनीपत, पानीपत और चंडीगढ़ का ट्रैवल टाइम 50 फीसदी कम हो जाएगा।*

## दोनों तरफ तीन लेन की सर्विस रोड

## कई टनल, अंडरपास और फ्लाईओवर

# आधा सफर जमीन के 20 फीट ऊपर, बाकी सुरंग में.., सिंगल पिलर पर बना 8 लेन द्वारका एक्सप्रेसवे

### देश का पहला 8 लेन एक्सप्रेसवे

द्वारका एक्सप्रेसवे देश का पहला ऐसा एक्सप्रेसवे है, जो 8 लेन है और हर लेन एक सिंगल पिलर पर है। ये पूरा 29 किमी का एक्सप्रेसवे 11 हजार करोड़ में बनकर तैयार हुआ है, जो 18.9 किमी हरियाणा में और बाकी का 10.1 किमी दिल्ली में है। इसमें 3.6 किमी की भारत की सबसे चौड़ी टनल भी शामिल है। साथ ही ऐसी कई टनल, अंडरपास और फ्लाईओवर हैं। एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ तीन लेन की सर्विस रोड भी बनाई गई है।

**105** रुपये टोल प्राइवेट व्हीकल

**355** रुपये टोल कमर्शियल वाहन




### सैटेलाइट से कटेगा टोल टैक्स

द्वारका एक्सप्रेसवे इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम से लैस है। यानी इसमें हाई रेज्योल्यूशन के कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे गाड़ियों के नंबर प्लेट स्कैन होंगे और खुद ही टोल कट जाएगा। सरकार का सैटेलाइट बेस्ट सिस्टम इस एक्सप्रेसवे पर काम करेगा। यानी आपको कोई टोल प्लाजा भी नहीं मिलेगा और बिना रुके आप अपनी मंजिल तक पहुंच जाएंगे।

### गुरुग्राम से नोएडा आना-जाना हुआ सस्ता

जो लोग रोजाना गुरुग्राम से नोएडा या नोएडा से गुरुग्राम जाते हैं, उनके लिए इससे भारी बचत हो सकती है। अगर एनएचएआई प्रस्तावित टोल चार्ज पर हामी भरता है तो आपको एक टोल प्लाजा क्रॉस करने में सिर्फ 25 रुपये लगेंगे। यानी अगर आप गुरुग्राम से सोनीपत या नोएडा की तरफ आते हैं तो आपके महज 45 से 50 रुपये खर्च होंगे। बता दें कि फास्टैग के सालाना पास में 200 ट्रिप मिलती हैं, जिसमें एक टोल प्लाजा पर एक ट्रिप काउंट होता है।

### कितना लगेगा टोल टैक्स?


एनएचएआई की वेबसाइट पर अब तक आधिकारिक टोल रेट नहीं बताए गए हैं, लेकिन प्रपोजल के हिसाब से प्राइवेट कार, वैन और जीप के लिए एक तरफ का टोल 105 रुपये है। वहीं कमर्शियल वाहनों के लिए ये 355 रुपये तक हो सकता है। अगर आप राउंड ट्रिप करते हैं तो टोल चार्ज आपको सस्ता पड़ेगा।

**एक जगह एक्सप्रेस वे हुआ चार मंजिला :** द्वारका एक्सप्रेसवे पर एक जगह ऐसा भी है, जहां यह चार मंजिला हो जाता है। इस जगह का नाम मल्टीयूटिलिटी कॉरिडोर रखा गया है। इस जगह पर नीचे अंडरपास है, जिसके ऊपर सर्विस लेन और उसके ऊपर फ्लाईओर और इसके ऊपर से द्वारका एक्सप्रेसवे गुजरता है।

| | |
|---|---|
| 08 | लेन का देश का पहला एक्सप्रेसवे |
| 01 | सिंलग पिलर पर हर लेन |
| 29 | किमी का एक्सप्रेसवे |
| 18.9 | किमी हरियाणा में |
| 10.1 | किमी दिल्ली में |
| 3.6 | किमी की भारत की सबसे चौड़ी टनल |
| 11 | 11 हजार करोड़ रुपए आई लागत |

## खबर संक्षेप

### विट्ठलभाई पटेल के सम्मान में जारी होगा डाक टिकट



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह आगामी 'ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस' में विट्ठलभाई पटेल के सम्मान में एक विशेष डाक टिकट जारी करेंगे। पटेल 24 अगस्त 1925 में केंद्रीय विधान सभा के पहले भारतीय अध्यक्ष चुने गए थे। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा यह डाक टिकट विट्ठलभाई पटेल के निर्वाचन के 100 साल पूरे होने पर श्रद्धांजलि के रूप में जारी किया जाएगा। केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। गुप्ता ने कहा हमारे संसदीय अग्रदूतों का सम्मान केवल इतिहास को याद करने तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य के लिए प्रेरणा लेने का भी अवसर है।

### नवीन पटनायक अस्पताल में भर्ती



**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल प्रमुख और ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक को उम्र संबंधी बीमारियों के कारण रविवार को यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पार्टी नेताओं ने बताया कि 78 वर्षीय पूर्व मुख्यमंत्री पटनायक ने शनिवार रात बेचैनी की शिकायत की थी, जिसके बाद कुछ डॉक्टर उनके आवास पर आये थे। पटनायक ने मुंबई के एक अस्पताल में सर्वाइकल ऑर्थराइटिस की सर्जरी कराई थी और वह 12 जुलाई को ओडिशा लौट आए थे।

### अरुणाचल में नदी पार करते मजदूर लापता

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के तिरप जिले के देवमाली में आर के मिशन स्कूल के पास नदी पार करने का प्रयास करते समय एक मजदूर लापता हो गया। अधिकारियों ने बताया कि लापता बप्पन महतो पांच अन्य लोगों के साथ नदी से निकलने की कोशिश की, लेकिन बाकी लोग तो बच निकले, लेकिन वह तेज बहाव में बह गया और तब से उसका पता नहीं चला है। यह घटना कल दोपहर बाद हुई। राज्य आपदा मोचन बल ने इलाके में तलाश और बचाव अभियान शुरू कर दिया है।


## पीएम मोदी ने दिल्ली में दो अहम नेशनल हाइवे प्रोजेक्ट का किया उद्घाटन

# पिछली सरकारों ने दिल्ली को गड्ढे में गिराया, हम इसे बाहर निकाल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-एनसीआर के लोगों को खास सौगात दी है। उन्होंने देश की राजधानी में दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं, द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली खंड और शहरी विस्तार सड़क-II का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि अगस्त का ये महीना आजादी के रंग में क्रांति के रंग में रंगा होता है। आजादी के इसी महोत्सव के बीच आज देश की राजधानी दिल्ली, देश में हो रही विकास क्रांति की साक्षी बन रही है। मोदी ने कहा कि हम देखते हैं कि पिछली सरकारों ने दिल्ली को किस तरह बर्बाद किया, दिल्ली को एक तरह से गड्ढे में गिरा दिया था। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली में भाजपा सरकार है जो दिल्ली को समस्याओं और भ्रष्टाचार के दलदल से बाहर निकाल कर रहेंगे।





### मोदी ने आप और कांग्रेस को जमकर सुनाया

पीएम मोदी ने आप और कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि हम देखते हैं कि पिछली सरकारों ने दिल्ली को किस तरह बर्बाद किया, दिल्ली को एक तरह से गड्ढे में गिरा दिया था। मैं जानता हूं कि भाजपा की नई सरकार के लिए लंबे अरसे से बढ़ रही मुसीबतों से दिल्ली को बाहर निकालना कितना कठिन है। लेकिन, मुझे भरोसा है कि दिल्ली में जिस टीम को आपने चुना है, वो मेहनत करके पिछले कई दशकों की समस्याओं से दिल्ली को बाहर निकाल कर रहेंगे।

### 'दिल्ली को बेहतरीन शहर बनाने का बीड़ा हमने उठाया है'

प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली को बेहतरीन शहर बनाने का जो बीड़ा हमने उठाया है, वो निरंतर जारी है। आज भी हम सभी इसके साक्षी बने हैं। द्वारका एक्सप्रेस वे हो या फिर अर्बन एक्सटेंशन रोड, ये दोनों सड़कें शानदार बनी हैं। पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के बाद अब अर्बन एक्सटेंशन रोड से दिल्ली को बहुत मदद मिलने वाली है। ये दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने में मदद कर रही है। अर्बन एक्सटेंशन रोड को बनाने में लाखों टन कचरा काम में लाया गया है, यानी कूड़े के पहाड़ को कम करके उनका इस्तेमाल सड़क बनाने में किया गया है।

### दिल्ली एनसीआर को दी सौगात

*पीएम मोदी ने कहा कि थोड़ी देर पहले दिल्ली को द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड की कनेक्टिविटी मिली है। इससे पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। इससे दिल्ली के, गुरुग्राम के और पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। दफ्तर आना-जाना, फैक्ट्री आना-जाना और आसान होगा, सभी का समय बचेगा। हमारे व्यापारी, कारोबारी और किसानों को विशेष लाभ होने वाला है।*

### रेखा गुप्ता के नेतृत्व में ग्रीन देहली-क्लीन देहली

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि रेखा गुप्ता जी के नेतृत्व में दिल्ली की बीजेपी सरकार यमुना जी की सफाई में भी लगातार जुटी हुई है। मुझे बताया गया है कि यमुना से इतने समय में 16 लाख मीट्रिक टन शिल्ट हटाई जा चुकी है। इतना ही नहीं, बहुत कम समय में ही दिल्ली में 650 इलेक्ट्रिक बसें शुरू की गई हैं। भविष्य में ये इलेक्ट्रिक बसें करीब 2 हजार का आंकड़ा पार कर जाएंगी। ये ग्रीन देहली-क्लीन देहली के मंत्र को और मजबूत करता है।

### 'दिल्ली के चारों तरफ बीजेपी की सरकार'

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये संयोग भी पहली बार बना है कि दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में चारों तरफ भाजपा सरकार है। ये दिखाता है कि इस पूरे क्षेत्र का कितना आशीर्वाद भाजपा पर और हम सभी पर है। इसलिए हम अपना दायित्व समझकर दिल्ली-एनसीआर के विकास में जुटे हैं। हालांकि कुछ राजनीतिक दल हैं, जो जनता के इस आशीर्वाद को अभी भी पचा नहीं पा रहे हैं। वो जनता के विश्वास और जमीनी सच्चाई दोनों से बहुत कट चुके हैं।

### दुनिया, जब भारत को देखती है तो...

पीएम मोदी ने कहा दुनिया, जब भारत को देखती है, परखती है, तो उसकी पहली नजर हमारी राजधानी दिल्ली पर पड़ती है। दिल्ली को हमें विकास का ऐसा मॉडल बनाना है... जहां सभी को महसूस हो कि हां, ये विकसित होते भारत की राजधानी है। आज का भारत क्या सोच रहा है, उसके सपने और संकल्प क्या हैं? ये सब कुछ आज पूरी दुनिया अनुभव कर रही है।

## डीएमके ने केंद्र सरकार बोला हमला

# डीएमके न ईडी से डरेगी और न ही पीएम मोदी से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तमिलनाडु में द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) ने शनिवार को मंत्री आई पेरियासामी और उनके विधायक बेटे आइपी सेंथिल कुमार के ठिकानों पर छापेमारी का कड़ा विरोध करते हुए केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। ईडी ने मनी लॉड्रिंग मामले में उनके कई ठिकानों पर छापेमारी की, जिसमें उनके और उनके परिवार के चेन्नई और डिंडीगुल स्थित परिसर भी शामिल हैं। ये छापेमारी शनिवार सुबह से ही शुरू कर दी गई थी।

**वोट चोरी से ध्यान भटकाने की कोशिश :** पार्टी के बड़े नेताओं पर छापेमारी होने से डीएमके केंद्र से नाराज़ हो गई है। डीएमके संगठन सचिव आरएस भारती ने कहा कि पार्टी 'न ईडी से डरेगी और न ही मोदी से'। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी चुनाव आयोग का दुरुपयोग कर 'वोट चोरी' कर रही है और उससे ध्यान भटकाने के लिए ईडी की कार्रवाई की जा रही है।

### मंत्री पेरियासामी के ठिकानों पर छापेमारी



### संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही भाजपा

उन्होंने दावा किया कि बीजेपी ऑटोनॉमस और एमपॉवर्ड संस्थाओं को कमजोर करने में जुटी है और इनका चुनावी हथियार के तौर पर इस्तेमाल करती है। उन्होंने सवाल उठाया कि पूर्व एआईएडीएमके मंत्रियों पर केस लंबित होने के बावजूद ईडी की ओर से उनपर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।

### कानिमोझी बोले - डीएमके डरने वाला नहीं



डीएमके की वरिष्ठ नेता और सांसद कानिमोझी ने पेरियासामी-सेंथिल के परिसरों पर छापेमारी को लेकर बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी चुनाव आयोग, आयकर, सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों का हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है। हमारे मंत्री पहले भी कई चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। किसी भी तरह की धमकी से हमारे कार्यकर्ता और नेता डरने वाले नहीं हैं।

## गणपति बप्पा...



**मुंबई।** देशभर में 27 अगस्त से गणपति उत्सव की धूमधाम प्रारंभ हो जाएगी। जगह-जगह भगवान श्री गणेश की मूर्तियों की स्थापना के साथ ही विविध आयोजन भी होंगे। मूर्तिकार मूर्तियों को अंतिम रूप देते हुए।

## तख्तापलट की खबरों पर बोले मुनीर

# अल्लाह ने मुझे रक्षक बनाया, शहादत चाहता हूं, मुझे पद की लालसा नहीं

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद असीम मुनीर को चीफ मार्शल बना दिया गया। मुनीर ने अमेरिका में एक प्रोग्राम के दौरान इस बात को कबूला था। उन्होंने कहा था कि कोई पूछेगा कि इस संघर्ष में किसे जीत मिली, तो हम यही कहेंगे कि चीफ मार्शल बना दिया गया, तो समझ लीजिए किसे जीत मिली होगी। इसके बाद अब फिर से मुनीर के बयान सामने आए हैं। हालांकि, इस बार उन्होंने भारत को लेकर नहीं बल्कि खुद को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे अल्लाह ने रक्षक बनाकर भेजा है।



### पाकिस्तान का उतरेगा कर्ज

असीम मुनीर ने पाकिस्तान का कर्ज उतारने को लेकर प्लान बताया। उन्होंने कहा कि 'पाकिस्तान के पास मिनरल्स का खजाना है। इसके इस्तेमाल से हम पाकिस्तान का कर्ज उतार सकते हैं।' इसके अलावा, मुनीर ने विदेश नीति पर भी बात कही। उन्होंने कहा कि 'हम अमेरिका और चीन के बीच संतुलन बनाकर चलने वाले हैं।

### राजनीति में नहीं है दिलचस्पी

असीम मुनीर बेल्जियम के ब्रुसेल्स में एक बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खुद की रुचि के बारे में बात करते हुए कहा कि 'मुझे राजनीति में जाने का कोई शौक नहीं है। मुझे तो अल्लाह ने रक्षक बनाकर भेजा है।' उन्होंने कहा कि 'मैं सेना का एक सिपाही हूं, जिसकी सबसे बड़ी ख्वाहिश केवल शहादत ही है।' चीफ मार्शल का ओहदा पाकर खुश होने वाले मुनीर का कहना है कि उन्हें किसी भी बड़े ओहदे का कोई लालच नहीं है।

### भारत और अफगान को दी धमकी

भारत को लगातार गीदड़भभकी देने के बाद असीम मुनीर ने फिर से बयान दिया है। उन्होंने भारत पर इल्जाम लगाते हुए कहा कि 'भारत प्रॉक्सी वॉर के जरिए पाकिस्तान की शांति खत्म करने की कोशिश कर रहा है। इसके साथ ही ऐसी गीदड़भभकी मुनीर ने अफगानिस्तान को भी दी है। साथ ही उन्होंने खुद के पाकिस्तान की राजनीति में आने पर कहा कि 'ये सरासर गलत खबरें हैं कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को हटाया जा रहा है। मुझे राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है।

## कटे-फटे पुराने नोटों को किया जा रहा है बाजार से आउट

# आरबीआई के आंकड़ों ने चौंकाया, करोड़ों नोट अचानक चलन से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत में डिजिटल लेनदेन की बढ़ती लोकप्रियता ने न केवल भुगतान के तरीके को आसान बनाया है बल्कि अब इसके असर नोटों की हालत पर भी दिखने लगे हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक की ताज़ा रिपोर्ट के मुताबिक देश में गंदे और क्षतिग्रस्त नोटों की संख्या में बड़ी गिरावट आई है। अप्रैल से जुलाई 2025 के बीच 5.96 अरब नोट चलन से बाहर किए गए, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह संख्या 8.43 अरब थी। यानी, एक साल में लगभग 41% की गिरावट दर्ज की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक का कहना है कि डिजिटल पेमेंट के बढ़ते चलन, लोगों की जागरूकता और नोटों की सही देखभाल की वजह से पुराने और गंदे नोटों की संख्या में गिरावट आई है।

### डिजिटल क्रांति बनी बड़ी वजह

पिछले कुछ सालों में यूपीआई और अन्य डिजिटल भुगतान माध्यमों ने देश में लेन-देन के तरीकों को पूरी तरह बदल दिया है। लोग अब मोबाइल ऐप्स, क्यूआर कोड और ऑनलाइन बैंकिंग का इस्तेमाल अधिक करने लगे हैं। इससे नकदी की जरूरत घटी है और लोग पहले की तुलना में बहुत कम कैश लेन-देन कर रहे हैं।



### गंदे और क्षतिग्रस्त नोटों की समस्या

*कुछ साल पहले तक यह आम बात थी कि नोटों पर लोग पेन से कुछ लिख देते थे, उन्हें मोड़कर रखते थे या बहुत गंदे तरीके से इस्तेमाल करते थे। इससे वे जल्दी फट जाते थे और चलन में बने रहना मुश्किल हो जाता था। इन खराब नोटों को हटाना और उनकी जगह नए नोट छापना एक बड़ा खर्च और मेहनत का काम होता है। लेकिन अब ये तस्वीर धीरे-धीरे बदल रही है।*

### 2024 में ये नोट सबसे ज़्यादा वापस लिए गए

अगर हम अप्रैल से जुलाई 2024 के आंकड़ों की तुलना करें, तो यह साफ़ नजर आता है कि हर मूल्य वर्ग के नोटों की वापसी में उल्लेखनीय कमी आई है। वर्ष 2024 में इस चार महीने की अवधि के दौरान सबसे ज़्यादा 500 रुपये के नोट चलन से बाहर किए गए, जिनकी संख्या 3.10 अरब रही। इसके बाद 100 रुपये के 2.27 अरब नोट, 200 रुपये के 85.63 करोड़ नोट और 50 रुपये के 70 करोड़ नोट बाजार से हटाए गए थे।

### 2025 में सबसे ज्यादा सौ के नोट वापस

वहीं 2025 की इसी अवधि में 500 रुपये के 1.81 अरब नोट वापस लिए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम हैं। इसी तरह 100 रुपये के 1.07 अरब नोट, 200 रुपये के 56.27 करोड़ नोट और 50 रुपये के 65 करोड़ नोटों को आरबीआई द्वारा चलन से बाहर किया गया।

## पाकिस्तान में कायराना हमला

# बंदूकधारियों ने पिकनिक मना रहे सात को उतारा मौत के घाट

एजेंसी ▶▶| पेशावर

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पिकनिक से लौट रहे दोस्तों के एक समूह पर अज्ञात बंदूकधारियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल बताया जा रहा है। पुलिस की टुकड़ियों की सहायता से बचाव दल के 1122 अधिकारियों ने शवों और घायलों को कोहाट जिला मुख्यालय अस्पताल पहुंचाया। घायल शख्स को बाद में विशेष उपचार के लिए पेशावर के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पुष्टि की कि मृतक और घायल सभी दोस्त थे। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए, जबकि उनकी तलाश के लिए धरपकड़ अभियान शुरू कर दिया गया है।

### रेगी शिनो खेल में हमला किया गया

पुलिस ने रविवार को बताया कि पीड़ितों पर शनिवार देर रात पेशावर से लगभग 65 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में कोहाट जिले के उपनगरीय इलाके रेगी शिनो खेल में हमला किया गया। वे टांडा बांध से अपने पैतृक गांव खरा घारी मुहम्मद जई लौट रहे थे। तभी हमलावरों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

# अच्छी खबर: सेवाग्राम एक्सप्रेस का मुंबई से सिवनी होते हुए नैनपुर तक विस्तार की संभावना

**सिवनी जिले के लोगों के लिए लंबे समय से चल रही एक बड़ी मांग अब पूरी होने की दिशा में बढ़ गई है। रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सिवनी को मुंबई से सीधी कनेक्टिविटी देने के लिए सेवाग्राम एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12139) के विस्तार पर गंभीरता से विचार शुरू कर दियाहै।**

30 जुलाई 2025 को सांसद डॉ. फग्गन सिंह कुलसते द्वारा भेजे गए पत्र के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया है कि सेवाग्राम एक्सप्रेस को वर्तमान में मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से नागपुर तक चलाया जाता है। प्रस्ताव है कि इसे सिवनी होते हुए नैनपुर तक बढ़ाया जाए।

रेल मंत्री ने संबंधित निदेशालय को विस्तृत जांच और रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इसका मतलब है कि रेलवे विभाग अब इस प्रस्ताव की तकनीकी, आर्थिक और परिचालन संबंधी सभी संभावनाओं का आकलन करेगा।




अगर यह विस्तार मंजूर हो जाता है तो सिवनी जिले के यात्रियों को नागपुर जाकर ट्रेन पकड़ने की जरूरत नहीं होगी। सीधे सिवनी से मुंबई के लिए रेल सेवा उपलब्ध होगी, जो व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन सभी क्षेत्रों में बड़ा बदलाव ला सकती है।

स्थानीय व्यापारी संगठनों का मानना है कि सिवनी-मुंबई सीधी ट्रेन सेवा से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी और जिले में निवेश के नए अवसर पैदा होंगे।

### लंबे समय से उठ रही थी मांग

सिवनी के लोग कई वर्षों से नैनपुर-सिवनी रेलखंड को लंबी दूरी की ट्रेनों से जोड़ने की मांग कर रहे थे। वर्तमान में इस खंड पर केवल कुछ ही यात्री और मालगाड़ियां चलती हैं। सेवाग्राम एक्सप्रेस के विस्तार से न केवल जिले के यात्रियों को फायदा होगा, बल्कि इस मार्ग की रणनीतिक महत्वता भी बढ़ जाएगी। रेलवे की रिपोर्ट आने के बाद यह तय होगा कि यह ट्रेन विस्तार कब से शुरू हो सकेगा। जानकारों का कहना है कि अगर सब कुछ योजना के मुताबिक चला तो आने वाले महीनों में सिवनी के रेलवे टाइमटेबल में एक नया इतिहास जुड़ सकता है।

## मेडिकल स्टोर संचालक छत से गिरा, मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर सीमा से नागपुर रोड स्थित मॉर्डन स्कूल के समीप ग्राम खैरी निवासी व एफ सी आई रोड गली नम्बर 2 व्यायाम शाला के बाजू में सिवनी निवासी मेडिकल स्टोर संचालक कृष्ण जन्माष्टमी के दिन शनिवार की शाम लगभग 5 बजे अपने घर की छत से गिर जाने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम निमेश पिता स्व. नरेंद्र सनोडिया उम्र 45 साल निवासी खैरीटेक ने अपने घर के ऊपरी हिस्से से नीचे गिर गया। परिजनों ने गंभीर रूप से घायल निमेष को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। पुलिस में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। निमेष ने आत्महत्या की या वे गिर गए यह जांच का विषय है। फिलहाल कारण अज्ञात है। वहीं पुलिस ने बताया कि शव का पंचनामा कर लिया है व शव का पोस्टमार्टम रविवार को किया जाएगा।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती, फिर शादी का झांसा देकर ठगे जेवरात, आरोपी गिरफ्तार

### बैकुंठपुर थाना क्षेत्र की युवती से आरोपी ने की थी ठगी

**रीवा। जिले के बैकुंठपुर थाना पुलिस ने सोशल साइट के माध्यम से दोस्ती कर ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दे आरोपी युवक सोशल साइट से लड़कियों को अपने झांसे में फंसा कर पहले दोस्ती करता और फिर शादी का झांसा देकर उनसे जेवरात की ठगी करता था। पकड़े गए आरोपी से बैकुंठपुर पुलिस ने पूछताछ की है जिसके बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है।**

इस पूरी कार्रवाई को लेकर बैकुंठपुर थाना प्रभारी जेपी पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र की एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सतना जिले के जैतवारा निवासी सुनील गुप्ता नामक युवक ने पहले उसे सोशल साइट के माध्यम से दोस्ती की फिर शादी का झांसा देकर उसके जेवरात ठग लिए है। जांच के दौरान बैकुंठपुर पुलिस ने शुभम गुप्ता निवासी जैतवारा को गिरफ्तार किया जिसने पूछताछ के दौरान अपना अपराध कबूल किया। बताया गया कि आरोपी ने युवती से पहले सोशल साइट के माध्यम से दोस्ती की फिर जान पहचान बढ़ाने के बाद उसे अपने झांसे में फसाया और शादी का प्रलोभन देकर अपने परिवार की रीति रिवाज बात कर उसे सोने की अंगूठियां सहित अन्य जेवरात ले लिए। कुछ दिनों बाद आरोपी शुभम ने युवती को नकली जेवरात वापस कर दिए। रक्षाबंधन में जब युवती ने उन्हीं जेबरातों को निकाल कर पहना तो उसे पता चला कि शुभम द्वारा वापस किए गए जेवरात नकली है जिसके बाद उसने ठगी की शिकायत बैकुंठपुर थाने में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक द्वारा कई अन्य युवतियों के साथ भी इसी तरह की ठगी की गई है जिस संबंध में जांच की जा रही है।

## सरकारी ब्लड रिक्वायरमेंट फॉर्म का अवैध इस्तेमाल: मैहर अस्पताल पर उठे सवाल

**मैहर।** सिविल अस्पताल में हो रही अनियमितताओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। अस्पताल का ब्लड रिक्वायरमेंट फॉर्म अवैध तरीके से एक निजी नागपुर अस्पताल में इस्तेमाल किया जा रहा है। यह फॉर्म मरीजों को ब्लड स्टोरेज से खून दिलवाने के लिए दिया जाता है,लेकिन सिविल अस्पताल प्रभारी के संरक्षण में चल रहे एक निजी मल्टी स्पेशलिस्ट नागपुर हॉस्पिटल में इसका धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। जब ब्लड बैंक के अधिकारी डॉ.देवेंद्र पटेल से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि यह सरकारी फॉर्म कब और किसने दिया। इस घटना से यह सवाल उठ रहा है कि अगर सरकारी फॉर्म का अवैध इस्तेमाल हो सकता है,तो क्या सरकारी दवाइयों की भी कालाबाजारी हो रही है? स्थानीय लोगों ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी से इस मामले का संज्ञान लेकर जांच करने और मैहर अस्पताल में चल रही अनियमितताओं को रोकने की मांग की है।

## 61 लाख नगद सहित 70 लाख की संपत्ति बरामद

# फरियादी ही निकला कैश वैन लूटकांड का मास्टर माइंड, पुलिस ने किया खुलासा





**छतरपुर।**

2 दिन पहले स्वतंत्रता दिवस के दिन जिले के गौरिहार थाना क्षेत्र में बैंक की कैश वैन लूटे जाने की सनसनीखेज वारदात सामने आई थी, जिसे गंभीरता से लेकर छतरपुर पुलिस ने मात्र दो दिनों में मामले का खुलासा कर दिया है। उक्त वारदात का मास्टरमाइंड कैश वैन का चालक निकला है, जिसने अपने भाइयों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ लूटे गए 61 लाख रुपये नगद, मोबाइल, कार, बाइक सहित कुल 70 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की है। रविवार को पुलिस अधीक्षक ने जिला मुख्यालय पर पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में कार्रवाई की विस्तृत जानकारी पत्रकारों को दी।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि दो दिन पूर्व 15 अगस्त को गौरिहार थाना क्षेत्र में ग्राम गहबरा-सिचहरी मार्ग पर लूट की वारदात हुई थी, जिसमें फरियादी के तौर पर एटीएम कंपनी हिटैची के फ्रेंचाइजी संचालक मनीष कुमार पुत्र भान सिंह अहिरवार, निवासी महोबा, उत्तर प्रदेश की रिपोर्ट पर गौरिहार थाना में लूट का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। एसपी श्री जैन ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आसपास के क्षेत्र में नाकाबंदी कर दी गई, वहीं पुलिस और साइबर टीम द्वारा तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्य एकत्र किए गए। पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार के साथ एसपी ने खुद घटनास्थल का निरीक्षण किया और महोबा पुलिस से समन्वय बनाया। इसी बीच पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन श्रीमती हिमानी खन्ना ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर 30 हजार के इनाम की उद्घोषणा की। एकत्रित किए गए तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों से संदेही के तौर पर फरियादी मनीष का नाम सामने आया, जिसके बाद उसकी बैंक डिटेल की पड़ताल की गई। जाँच में सामने आया कि संदेही मनीष का पहले से इंडिया वन एटीएम फ्रेंचाइजी से करीब 17 लाख रुपये के लेनदेन का विवाद चल रहा है और वह करीब 53 लाख के कर्ज में दबा हुआ है। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर जब मनीष से पूछताछ की गई तो उसने अपने भाई पुष्पेंद्र अहिरवार, प्रदीप अहिरवार, दोनों पुत्र भान सिंह अहिरवार, निवासी नौगाँव, तथा ममेरे भाई रवि पुत्र रामआसरे अहिरवार, निवासी मलका, थाना गढ़ीमलहरा के साथ मिलकर साजिश रचने और वारदात को अंजाम देने का जुर्म कबूल कर लिया।

पूछताछ में मनीष ने बताया कि घटना दिनांक से एक दिन पहले उसने क्षेत्र की विभिन्न एटीएम मशीनों में पैसे भरने के लिए महोबा, उत्तर प्रदेश की एक्सिस बैंक से पैसे निकाले थे। 15 अगस्त को वह 61 लाख से अधिक राशि लेकर अपनी कार से कस्टोडियन के साथ एटीएम में पैसे भरने के लिए जा रहा था, जहाँ रास्ते में पहले से निर्धारित षड्यंत्र के तहत प्रदीप और रवि ने मोटरसाइकिल से उसकी वैन का पीछा करते हुए उसे रोका और इसके बाद कट्टा अड़ाकर पैसों से भरा बैग लेकर रफूचक्कर हो गए।

### बरामद हुई 70 लाख की संपत्ति

एसपी अगम जैन ने बताया कि उक्त घटना को अंजाम देने वाले चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में ले लिया गया है। मुख्य आरोपी मनीष सहित सभी के पास से लूटी गई राशि 61 लाख रुपये के अलावा 315 बोर का देशी कट्टा, पाँच मोबाइल फोन, कार और मोटरसाइकिल सहित कुल 70 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की गई है। एसपी ने बताया कि एक आरोपी प्रदीप अहिरवार पर लूट, चोरी और दुष्कर्म जैसे 5 अपराध पहले से दर्ज हैं।

## गांधी मेमोरियल अस्पताल के गायनी वार्ड में बड़ा हादसा टला

# छत का प्लास्टर गिरा, मां-बेटी बाल-बाल बची

**रीवा।** शहर के गांधी मेमोरियल अस्पताल के गायनी वार्ड में शुक्रवार की देर रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक प्राइवेट रूम की छत से अचानक प्लास्टर का बड़ा हिस्सा भरभराकर नीचे गिर गया। गनीमत रही कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ, वरना यह हादसा गंभीर रूप ले सकता था। वार्ड में भर्ती प्रसूता और उसकी नवजात बच्ची पूरी तरह सुरक्षित हैं, लेकिन अस्पताल की जर्जर हालत एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। बता दे सिरमौर



तहसील के बेलवा गांव निवासी नीरज सिंह की पत्नी रूबी सिंह को प्रसव पीड़ा के चलते गांधी अस्पताल के गायनी वार्ड स्थित निजी कक्ष में भर्ती कराया गया था। सफल प्रसव के बाद मां और बेटी को वहीं रखा गया था। रात लगभग 11 बजे अचानक तेज आवाज के साथ छत का प्लास्टर गिर गया, जो ठीक प्रसूता के बेड के पास आकर गिरा। ध्वनि सुनकर स्टाफ और सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे और तुरंत मां-बेटी को दूसरे वार्ड में स्थानांतरित किया गया। घटना के बाद कुछ देर तक वार्ड में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। बताया जा रहा है कि प्रसूता पुलिस विभाग में पदस्थ है।बॉक्स चंद दिनों में तीसरी लापरवाहीयह पहली बार नहीं है जब अस्पताल परिसर में इस तरह की घटना सामने आई हो। पिछले सप्ताह ही मेडिकल कॉलेज के नवनिर्मित भवन में फॉल सीलिंग गिरने की घटना ने प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया था। इसके अगले ही दिन सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की छत से भी फॉल सीलिंग गिरने की खबर आई थी। अब गांधी मेमोरियल के प्राइवेट वार्ड में इस घटना ने अस्पतालों की निर्माण गुणवत्ता और प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## ऐतिहासिक दरगाह में तोड़फोड़, गुंबद पर लगा झंडा भी बदला

**रीवा।** जिले के गुढ़ थाना अंतर्गत ग्राम गोरगी में एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां असामाजिक तत्वों ने ऐतिहासिक गाजी मियां दरगाह परिसर में तोड़फोड़ कर धार्मिक ध्वज फहरा दिया। शनिवार की सुबह जब स्थानीय लोग मजार पर पहुंचे, तो क्षतिग्रस्त परिसर और गुंबद पर लगे भगवा झंडे को देखकर आक्रोशित हो उठे। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई।सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए गुढ़ थाना प्रभारी शैल यादव सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके से साक्ष्य एकत्र कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।स्थानीय लोगों के अनुसार गाजी मियां की यह दरगाह न केवल मुस्लिम समुदाय के लिए आस्था का प्रतीक रही है, बल्कि हिन्दू श्रद्धालु भी यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। वर्षों से यहां दोनों समुदायों के बीच सौहार्द और सांस्कृतिक समन्वय की मिसाल देखने को मिलती रही है। ऐसे में इस तरह की घटना को ग्रामीण धार्मिक सद्भाव पर सीधा हमला मान रहे हैं। अधिकारियों ने लोगों से बातचीत कर अमन-चैन कायम रखने का आहवान किया। असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने के साथ ही मजार का सुधार कार्य कराए जाने के आश्वासन के बाद यहां स्थिति सामान्य हुई। बताया जा रहा है कि यहां पूर्व में ही कुछ असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगड़ने का काम किया था। बॉक्स गुंबद को क्षतिग्रस्त कर लगाया झंडाबता दे असामाजिक तत्वों ने दरगाह के चबूतरे और गुंबद को नुकसान पहुंचाया, और फिर गुंबद पर भगवा ध्वज फहरा दिया। घटना से गोरगी सहित आसपास के गांवों में तनाव का माहौल बन गया। हालांकि, पुलिस की त्वरित कार्रवाई से स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।बॉक्स सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिशपुलिस का मानना है कि यह कृत्य सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने और सांप्रदायिक तनाव फैलाने की साजिश हो सकता है। फिलहाल घटनास्थल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और संदिग्धों की तलाश जारी है। शहर काजी मुफ्ती मुहम्मद अजहरी भी इस घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह मजार हजारों साल पुरानी है।सभी समाज के लोग यहां आते हैं। यहां लोगों की मन्नते पूरी होती हैं। मजार शरीफ को डैमेज किया गया है। मीनार में भी तोड़फोड़ की है। गुंबद में लगा ध्वज भी बदला है। प्रशासन मुस्तैद है।

**इनका कहना है**

**असामाजिक तत्वों ने मजार को नुकसान पहुंचाकर वैमनस्यता फैलाने का काम किया है। है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। जो तोड़फोड़ हुई है. उसका मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। स्थिति पूरी तरह से शांतिपूर्ण है।**
**डॉ. अनुराग तिवारी एसडीएम गुढ़**

# मुकुंदपुर सहित छः ग्राम पंचायतों को रीवा में शामिल करने की कवायद से मचा सियासी संग्राम

**स्थानीय ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, कहा मैहर हमसे बहुत दूर है, रीवा ही जिला मुख्यालय होना चाहिए: प्रस्ताव पर गरमाई राजनीति पर स्थानीय जनता में बंटा मत**






**रीवा।**

प्रदेश की प्रशासनिक सीमाओं में बदलाव की एक संभावित पहल ने विंध्य क्षेत्र की राजनीति में हलचल मचा दी है। मामला मैहर जिले की छह ग्राम पंचायतों – मुकुंदपुर, आनंदगढ़, पापरा, परसिया, आमीन और धोबहट को रीवा जिले में शामिल करने के प्रस्ताव से जुड़ा है। यह प्रस्ताव न केवल राजनीतिक गलियारों में गूंज रहा है, बल्कि इन क्षेत्रों के आमजन में भी गहरी चर्चा का विषय बन गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के माध्यम से यह प्रस्ताव प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग को भेजा गया था। आयोग ने संबंधित क्षेत्रों का परीक्षण कर मैहर कलेक्टर से अभिमत भी मांगा है। प्रस्ताव आते ही क्षेत्रीय राजनीति गरमा गई है। सत्तापक्ष हो या विपक्ष, दोनों ने इस कदम पर विरोध जताया है। खासकर मुकुंदपुर स्थित व्हाइट टाइगर सफारी को लेकर विवाद और भी गहरा हो गया है।वही दूसरी ओर मुकुंदपुर, आनंदगढ़, आमीन, धोबहट, परसिया और पापरा पंचायतों के ग्रामीणों ने रीवा जिले में शामिल होने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सतना कलेक्टर ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए इस ज्ञापन में ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि रीवा नजदीक और सुविधाजनक है, जबकि मैहर मुख्यालय से दूरी, पहुंच और संसाधनों की भारी कमी के कारण आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि प्रशासन ने उनकी बात नहीं सुनी तो वे आगामी विधानसभा और पंचायत चुनावों का सामूहिक बहिष्कार करेंगे। साथ ही जन आंदोलन, चक्का जाम और धरना प्रदर्शन जैसे कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे।बॉक्स ग्राम सभा से ऐसा कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ : वार्ड पंचमुकुंदपुर ग्राम पंचायत के वार्ड पंच ने बताया कि जिस प्रस्ताव का हवाला देकर छह पंचायतों को रीवा में ना मिलाने की बात की जा रही है, वह पूर्णतः असत्य है। उनका कहना है कि ग्राम सभा में ऐसा कोई निर्णय लिया ही नहीं गया। यह सरपंच पर नेताओं का दबाव पर हुआ है। बॉक्स इतिहास भी रीवा के साथ, भूगोल भीस्थानीय वरिष्ठ नागरिक सीता शरण गुप्ता ने कहा, मुकुंदपुर रीवा से केवल 17 किलोमीटर दूर है, जबकि मैहर जिला मुख्यालय 75 किलोमीटर दूर है। तहसील अमरपाटन भी 50 किलोमीटर की दूरी पर है। जब 1947 में देश आजाद हुआ था, और विंध्यप्रदेश बना था तब मुकुंदपुर रीवा जिले में ही आता था और 1952 में इसे विधानसभा क्षेत्र भी बनाया गया था। रीवा और मुकुंदपुर का ऐतिहासिक संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि मुकुंदपुर सभी ग्राम पंचायत के लोग रीवा में शामिल होने के लिए व्याकुल है। वही आनंदगढ़ के पूर्व सरपंच मृत्युंजय द्विवेदी ने भी रीवा में शामिल होने की वकालत की है। उनका कहना है कि लोग वर्षों से सुविधाओं की कमी से परेशान हैं। रीवा नजदीक है, वहाँ से जरूरी सेवाएं जल्दी मिल सकती है।वहीं कई लोग राजनीतिक चाल चल रहे हैं। सभी ग्राम पंचायत को रीवा में शामिल होना चाहिए। बॉक्सव्हाइट टाइगर सफारी बना विवाद की जड़बताया जा रहा है कि इस पूरे विवाद की पृष्ठभूमि में मुकुंदपुर स्थित विश्वविख्यात व्हाइट टाइगर सफारी की भूमिका भी कम नहीं है। व्हाइट टाइगर सफारी आ जाने के कारण क्षेत्र में पर्यटक गतिविधियों का विकास हुआ है और राजस्व भी बढ़ा है, प्रशासन को मुकुंदपुर से अच्छा राजस्व प्राप्त हो रहा है अक्टूबर 2023 से पूर्व यह सफारी सतना जिले के अंतर्गत आती थी, लेकिन मैहर को जिला घोषित किए जाने के बाद यह नई जिले की सीमा में आ गई। इसके बावजूद यह आज भी रीवा जिले के आधिकारिक पोर्टल पर दर्शाई जाती है, जिससे पूर्व में भी विवाद उत्पन्न हो चुका है। क्षेत्रीय लोगों को कहना है कि उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के प्रयासों के कारण टाइगर सफारी मुकुंदपुर में स्थापित हुई है।

## बारिश में ढह गया कच्चा मकान, मलबे में दबे तीन मासूम, अस्पताल में भर्ती

**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलखन गांव के नेबुहा टोला में देर रात एक कच्चा मकान ढह जाने से घर में सो रहे तीन मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शुक्रवार रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है, जब पूरा परिवार घर में सो रहा था। तेज बारिश और जर्जर निर्माण के चलते अचानक मकान भरभरा कर गिर गया। हादसे में मलबे के नीचे दबे बच्चों को ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला और तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित बुद्धसेन कोल के अनुसार, बीते कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण उनका कच्चा मकान काफी कमजोर हो गया था। रात के सन्नाटे में जब अचानक मकान गिरा, तो चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चों को निकालने में मदद की। घटना में तीनों बच्चों के सिर और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि हादसे की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस, सरपंच और ग्राम सचिव को दी गई, लेकिन घटना के कई घंटे बाद तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

# राधा नाम से गूंजी कान्हा की बांसुरी की तान

## श्री सनातन धर्म महासभा की सुरमयी संध्या कान्हा की बांसुरी

हरिभूमि, जबलपुर।

बडा नटखट है रे कृष्ण कन्हैया, का करे यशोदा मैया, अच्युतम केशवं श्रीकृष्ण दामोदर, कौन कहे बंसी बजने से काम, वो तो मीरा का भी श्याम राधा का भी श्याम, ईश्वर तेरो नाम, श्याम तेरी मुरली पुकारें राधा भयी बाबरी, मधुवन में राधिका नाचे रे, सहित अनेक कर्ण प्रिय भजन की बांसुरी की धुन संस्कारधानी के बांसुरी वादक मुरलीधर नागराज ने सनातन धर्म महासभा के तत्वाधान में शहीद स्मारक प्रेक्षाग्रह गोलबाजार जबलपुर में कान्हा की बांसुरी का कार्यक्रम सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए, कार्यक्रम का शुभारंभ श्री नृसिंह पीठाधीश्वर पूज्य जगद्गुरु डॉ स्वामी नृसिंहदेवाचार्य जी महाराज* के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया। कान्हा की बांसुरी में देश के ख्यातिलब्ध कलाकार मुरलीधर नागराज ने सुमधुर बांसुरी कला का प्रस्तुतीकरण किया।

कान्हा चित्रकला स्पर्धा एवं लड्डू गोपाल श्रृंगार प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पारितोषक वितरण किया।



कान्हा की बांसुरी में विधायक नीरज सिंह, रत्नेश सोनकर पं रोहित दुबे श्री गोपाल लालजी मन्दिर हनुमानताल ट्रस्ट के न्यासी बाबू विश्वमोहन, गिरिराज चाचा, महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, गुलशन मखीजा, लकी भाटिया, प्रवेश खेड़ा ,विष्णु पटेल, शरद काबरा, बी बी शर्मा,राममूर्ति मिश्रा, संदीप जैन गुड्डा, राजेन्द्र यादव, डॉ हितेश अग्रवाल,विनोद मलानी, मदन जेठा, हरीश सभरवाल, नरेंद्र पाल मलिक, रजनी कैलाश साहू, अर्चना सिसौदिया, प्रतिभा भापकर, नीता चावला अंजू भार्गव, आभा साहू, सोनल सेठी, सुनीता पटेल, गीता साहू, जगदीश साहू , नीरज मिश्रा, मनोज पटेल, डा एच पी तिवारी, डा संदीप मिश्रा, पदाधिकारियों,सदस्यों की उपस्थिति रही। सुरों के साथ बांसुरी की तान में तबले पर लोकेश मालवीय कीपैड पर ब्रज कोरी ने संगत की।

## शिक्षकों को दिया जाए चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों को 35 वर्ष की सेवा उपरान्त चतुर्थ समयमान वेतनमान दिया जाना चाहिए। इस मुद्दे को लेकर संगठन के द्वारा राज्य शासन को पत्र लिखा जा चुका है परंतु इतने गंभीर मुद्दे पर शासन द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया है जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है। संगठन के प्रदेष अध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, मीनुकान्त शर्मा, हेमंत ठाकरे, राकेष श्रीवास, फिलिप अन्थोनी, मनमोहन चैधरी, रऊफ खान, एनोस विक्टर, सुरेन्द्र चैधरी, उमेष सिंह ठाकुर, गुडविन चाल्स, संतोष चैरसिया, विनोद सिंह, राजकुमार यादव, सुधीर अवधिया, आदि ने आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय से माँग की है की शिक्षकों को भी चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ दिया जाय।



# संत निरंकारी मिशन ने चलाया वननेस वन अभियान

**चलाया गया स्वच्छता अभियान**

**जबलपुर।** संत निरंकारी मिशन की हरित चेतना और पर्यावरण के प्रति अटूट समर्पण को निरंतर आगे बढ़ाते हुए रविवार को वननेस वन परियोजना के पांचवें चरण के अंतर्गत देशभर में अनेक नए स्थलों को इस जन.सहभागिता अभियान से जोड़ा गया। देश भर के हज़ारों सेवादार एवं श्रद्धालु एकजुट होकर वृक्षारोपण के माध्यम से प्रकृति के प्रति अपनी निष्ठा और संरक्षण के संकल्प को दोहराया। संत निरंकारी मण्डल की शाखा जबलपुर द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों में वृहद वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान चलाया गया। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में वर्ष 2021 में आरंभ हुई वननेस वन परियोजना मात्र वृक्षारोपण का उपक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन और सह.अस्तित्व की भावना को जागृत करने वाला एक महत्वपूर्ण अभियान है। यह हमें ऐसा भाव सिखाता है कि हम प्रकृति से पृथक नहीं अपितु उसी का अभिन्न अंग हैं। अतः इसका संरक्षण करना वास्तव में स्वयं के जीवन और भविष्य की रक्षा करना है। संत निरंकारी मण्डल की शाखा जबलपुर ने रविवार को प्रातः 7:30 से 9 बजे तक सेवादारों और साध संगत की लगभग 250 से अधिक की संख्या में तीन टोलियो में बंटकर जबलपुर रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म क्रं 1 के सामने सेवादार सचिन पाल, अनिल ननवानी, मोहित चौधरी, कविता के नेतृत्व में साफ सफाई कर वृक्षों का रोपण व संरक्षण किया गया।



# झूलेलाल मंदिर में भव्य चालीसा व्रत महोत्सव

**जबलपुर।** आस्था और श्रद्धा का अनुपम संगम रविवार को झूलेलाल मंदिर परिसर में देखने को मिला। अवसर था भव्य चालीसा व्रत महोत्सव का, जिसमें भक्तगणों ने पूरे उल्लास और भक्ति भाव से भाग लिया। इस पावन अवसर पर मंदिर समिति की ओर से 108 मीटर लंबा पवित्र अंगवस्त्र झूलेलाल साईं को अर्पित किया गया। यह अर्पण सामूहिक श्रद्धा, अखंड विश्वास और सनातन संस्कृति के गौरव का प्रतीक बन गया! कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा यह विशाल 108 मीटर अंगवस्त्र। आयोजकों के अनुसार 108 का अंक हिन्दू परंपरा में विशेष स्थान रखता है। जपमाला की 108 मनकियाँ हों या मंदिर शिखरों पर 108 कलश—यह संख्या पूर्णता और ब्रह्मांडीय ऊर्जा का द्योतक है। इसीलिए अंगवस्त्र अर्पण को समाज की सामूहिक आस्था और अखंड भक्ति का अद्वितीय प्रतीक माना गया! पूरे महोत्सव के दौरान झूलेलाल चालीसा का अखंड पाठ, पूज्य बहराणा साहिब पूजन, स्वामी प्रदीप महाराज, पंडित वेदांत शर्मा द्वारा किया गया हुआ। भक्तजन अपनी वाणी और सुर में चालीसा का सामूहिक गान कर रहे थे। वातावरण "झूलेलाल साईं की जय" के उद्घोष से गूँज उठा। श्रद्धालु महिलाएँ, बच्चे और बुजुर्ग भक्ति में लीन होकर आराधना करते दिखाई दिए। स्वामी अशोकानंद महाराज ने बताया चालीसा महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति और आस्था का उत्सव है। 108 मीटर अंगवस्त्र अर्पण कर हमने झूलेलाल साईं से समाज की शांति, समृद्धि और उन्नति की प्रार्थना की है। अतिथियों विधायक अशोक रोहाणी, करतार सिंह बठीजा, शमन असवानी, राजेश नंदवानी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को एकता, सेवा और भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

**108 मीटर का पवित्र अंगवस्त्र अर्पित**

# मानव अधिकार अपराध नियंत्रण संगठन ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन एवं ब्रह्म कुमारी आश्रम द्वारा नशा मुक्ति, स्वच्छ जबलपुर, स्वदेशी वस्तुओं का क्रय पर ज़ोर, जबलपुर पर्यटन को बढ़ाने के संकल्प के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को ब्रह्मकुमारी आश्रम मदन महल में शहर के मुख्य इनफुलेंजर का सम्मान किया गया। जिसमें पेज मेरा जबलपुर, हमारा जबलपुर, जेबीपी पेज, अपना प्यारा जबलपुर, जबलपुर पब्लिक, मिस्टर फ़ौज, विचित्र जबलपुर, जबलपुर वाले, जबलपुर रिलाइडेड, ए टू जेड जबलपुर, जबलपुर ब्लॉगर, जबलपुर नज़ारे, घूमते जबलपुर, जबलपुरिया पेज के संचालक का स्वागत किया गया और हम सबने मिलकर इसे उत्साह और प्यार से मनाया और हम मिलकर राष्ट्रहित में नशा मुक्ति, शहर पर्यटन और स्वदेशी वस्तुओं से शहर विकास की नई नींव पर ज़ोर दिया, इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), डॉ. आनंद बहरानी, एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. आनंद बहरानी, डॉ. अशोक मेथवानी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. श्रीकान्त साहू, एड. रोशन मध्यानी, बिनिता मैदान, आमोद गुप्ता शामिल हुए।



# भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ भव्य श्रीकृष्ण पर्व

## स्वरलहरियों और नृत्यांगनाओं ने बाँधा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का समां

**जबलपुर।** श्रीकृष्ण पाथेय न्यास, भोपाल एवं संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश शासन के संयुक्त तत्वावधान में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्री राधा कृष्ण मंदिर, केसरवानी समाज, बड़ा फुहारा प्रांगण में भव्य श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन दिव्य उल्लास एवं भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर प्रदेश का एकमात्र महिला बैंड, नाट्य लोक संस्था "श्री जानकी बैंड ऑफ वूमेन" ने अपने परिकल्पक एवं निर्देशक दविन्दर सिंह ग्रोवर के नेतृत्व में मनोहारी प्रस्तुति दी।अच्युतम केशवं राम नारायणं, "कन्हैया याद है कुछ भी हमारी" तथा "आनंद उमंग भयो, जय हो नंदलाल की"आदि मधुर भजनों की गूंज से संपूर्ण वातावरण भक्ति-रस में सराबोर हो उठा और उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर होकर कृष्णमय हो गए। संगीत प्रस्तुति देने वाले कलाकार – मुस्कान सोनी धोपे, उन्नति तिवारी, अनामिका बाजपेई, अदिति पटेल, माही सोनी, चेतना बैन, मानसी सोनी, चांदनी सेन, भूमिका झरिया एवं आरती दुबे ने अपने स्वर-साधना से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया और मंदिर प्रांगण को स्वरलहरियों से आलोकित कर दिया। संगीत के साथ ही अंकिता गिनारा झा के निर्देशन में आराध्या जैन, समृद्धि अय्यर, समृद्धि गुजराती एवं नताशा केशरी ने कृष्ण लीलाओं का जीवंत चित्रण नृत्य-नाट्य रूप में प्रस्तुत किया। उनकी अभिव्यक्ति और लयबद्ध गतियों ने दर्शकों को वृंदावन की पावन लीलाओं का सजीव अनुभव करा दिया। इस आध्यात्मिक पर्व के साक्षी बने गणमान्य जन – रवि गुप्ता (प्रबंध न्यासी), विनोद केसरवानी (अध्यक्ष), वीरेंद्र केसरवानी (ट्रस्टी), श्यामसुंदर केसरवानी (ट्रस्टी), एड. राजेंद्र गुप्ता (ट्रस्टी), डॉ. नीरज केसरवानी (ट्रस्टी), रामकुमार केसरवानी (रम्मन दादा), एड. राकेश कुमार केसरवानी, यत्नेश केसरवानी, मनीष केसरी, प्रमोद केसरवानी (पिंकू), इंजीनियर गौरव गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालु इस आयोजन में उपस्थित रहे और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दिव्य क्षणों का आनंद लिया।





## भव्यता और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुई श्रीश्री माँ मनसा पूजा

**जबलपुर।** श्रीश्री माँ मनसा पूजा समिति, विजय नगर द्वारा आयोजित माँ मनसा पूजा का वार्षिक आयोजन रविवार को नेक्टर लॉन, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया चौक (शाही पैलेस के पीछे), विजय नगर में अत्यंत श्रद्धा, भव्यता एवं भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और माँ मनसा के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे दिन पूजा स्थल पर भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। प्रातः एवं संध्या दोनों समय वैदिक विधियों से पूजा-अर्चना, भोग अर्पण तथा भंडारे का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर दिव्य वातावरण का अनुभव किया। समिति के स्वयंसेवकों ने सेवा-भाव से संपूर्ण व्यवस्था को सफलतापूर्वक संचालित किया। आयोजन में विशिष्ट अतिथियों के रूप में दीपंकर बनर्जी एवं आशीष बनर्जी उपस्थित रहे।कार्यक्रम को तापस कुमार चक्रवर्ती, भोला नाथ रॉय, समीर बरन पाल, आशीष चक्रवर्ती, तापस दत्ता, श्रीमती अनुभा रॉय, श्रीमती शर्मिला पाल, श्रीमती तनुश्री दास एवं श्रीमती अपर्णा चक्रवर्ती का, जिन्होंने तन, मन और धन से आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग किया।

# पावर मैनेजमेंट कंपनी के 13 अभियंता व कार्मिक पुरस्कृत

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया ने गत दिवस एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के 13 अभियंता व कार्मिकों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया। इन कार्मिकों ने प्रधानमंत्री कुसुम-अ योजना के अंतर्गत 299.51 मेगावाट क्षमता के 195 व कुसुम-स योजना के अंतर्गत 63.10 मेगावाट के 11 पावर परचेस एग्रीमेंट, अतिशेष विद्युत का विक्रय कर कंपनी को लाभ पहुंचाने, कंपनी की आर्थिक क्षति से बचाने, देयकों का सूक्ष्म परीक्षण कर कंपनी के 15 करोड़ रूपए बचाने, विद्युत वितरण कंपनियों की संगठनात्मक संरचना के पुनरीक्षण में महत्वपूर्ण कार्य करने और अतिथि गृह के संचालन में लगनपूर्वक करने जैसे उत्कृष्ट व बेहतर कार्यों का निष्पादन किया।

इस अवसर पर पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी, पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी व पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में विद्युत कार्मिक उपस्थित थे।

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के 13 पुरस्कृत होने वाले अभियंता व कार्मिकों में महाप्रबंधक रजनीश रेजा, प्रबंधक विनोद राउत, रोहित माने, कुमार शुभम, विकास मीरचंदानी, सहायक प्रबंधक विनोद राउत, मैनेजर नीलेश कुमार व हेमंत सोनी, मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव जवाहर लाल विश्वकर्मा, मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव सार्थक लाजरस, मैनेजमेंट एक्जीक्यूटिव संजीव सिंह बघेल व उप महाप्रबंधक कहकशां सिद्दीकी व सिविल परिचारक सुनील स्वामी शामिल हैं।






# आई.पी.ए.पी ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**जबलपुर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी आई.पी.ए.पी. ने अपने राष्ट्रीय कार्यालय में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर पार्टी ने देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी का संबोधन समारोह में ध्वजारोहण के पश्चात डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने कहा की देशभक्ति, एकता और सामाजिक न्याय के प्रति आई.पी.ए.पी.की अटल प्रतिबद्धता दोहराई। समारोह में लीलाधर झारिया, श्रीमती निशा खम्परिया, कमलेश तिवारी, रमेशचंद्र राय और तल्लीन सिंह बाबा ने भी अपने विचार साझा किए। समारोह में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती अर्चना तिवारी, लीलाधर झारिया, कमलेश तिवारी, राजेश खम्परिया, राकेश खम्परिया, मनोज सरिया, रमन पालीवाल, के.सी. गौतम, प्रवीण शर्मा, तल्लीन सिंह बाबा, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सबके सहयोग के लिए जाने जाते हैं एडवोकेट जमुना प्रसाद अग्रवाल

जबलपुर।

ख्यातिलब्ध अधिवक्ता स्वर्गीय जमुना प्रसाद अग्रवाल की स्मृति में राइट टाउन स्थित चौराहे का लोकार्पण समारोह रविवार 17 अगस्त की शाम को हुआ। मुख्य अतिथि महापौर श्री जगत बहादुर सिंह (अन्नू) सहित सभी अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समारोह की अध्यक्षता श्री रिकुंज विज अध्यक्ष नगर निगम जबलपुर ने की। विशिष्ट अतिथि नगर निगम के नामकरण प्रभारी सुभाष तिवारी रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि समाज में ऐसे व्यक्तित्व कम जन्म लेते हैं जो समाज के लिए जीवन जीने की प्रधानता रखते हुए जीते हैं। अतिथियों ने कहा कि यह बड़े ही प्रसन्नता का विषय है कि आज से यह चौक स्वर्गीय जमुना प्रसाद अग्रवाल जी के नाम से जाना जाएगा। उन्होने हमेशा परहित का भाव प्रथम रखते हुए अपना कार्य किया है इसकी चर्चा आज भी सुनने एवं सुनाने मिल जाती है। उनके परिवार में भी उनके द्वारा दिए गए संस्कारों की झलक देखने मिलती है। परिवार के प्रत्येक व्यक्ति में सबके सहयोग की भावना प्रबलता से मिलती है इसलिए समाज आज उन्हे स्मरण कर गौरवान्वित है। आज इस कार्यक्रम में आई लोगों की भीड़ इसकी परिचायक है कि परिवार का सामाजिक जुड़ाव कितना है। कार्यक्रम में विशेष रुप से स्वयं सेवक संघ के प्रांत संघ चालक डॉ- प्रदीप दुबे, विधायक अभिलाष पांडे, कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया, भाजपा विधायक नीरजसिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रोफेसर आशुतोष दुबे, वरिष्ठ पत्रकार रवि वाजपेयी भी शामिल रहे। कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति सेवानिवृत हाईकोर्ट जस्टिस श्रवण शंकर झा, क्षेत्रीय पार्षद अयोध्या तिवारी, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम और क्षेत्रीय पार्षद अमरीश मिश्रा और एमआईसी सदस्य एवं पार्षदगण रहे। कार्यक्रम के सम्माननीय अतिथि संजय अग्रवाल अध्यक्ष हाईकोर्ट एडवोकेट बार एसोसिएशन और डी के जैन अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन एवं मनीष मिश्रा अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन रहे। भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत कर अपने उद्बोधन में कहा कि आज आप सबके प्रेम ने हमारे पूरे परिवार को अविभूत कर दिया है। इस अवसर पर डॉ सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष नर्मदा पंचकोषी समिति, सचिन अग्रवाल एडवोकेट, शीर्ष अग्रवाल एडवोकेट , स्पर्श अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल सहित समस्त अग्रवाल परिवार ने सबका तिलक लगा कर स्वागत किया।





# डाक विभाग की रीढ़ है पोस्टमैन, यूनियन के द्वारा ही कर्मियों के वेलफेयर का होता है निर्धारण

**जबलपुर।** नेशनल यूनियन डाक कर्मचारी संघ के तत्वाधान में पोस्टमैन एमटीएस जबलपुर संभाग का द्विवार्षिक अधिवेशन होटल लवली इन जबलपुर में रविवार को संपन्न हुआ।

जिसमें डाक विभाग में कार्यरत पोस्टमैन एवं एमटीएस को कार्य स्थल एवं फील्ड में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई, तत्पश्चात नेशनल यूनियन डाक कर्मचारी संघ के नवीन कार्यकारिणी का गठन सदस्यों की सर्वसम्मति से किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश त्रिपाठी अध्यक्ष, अजय नायक सचिव, विशाल साहू मंचासीन थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश त्रिपाठी ने कहा डाक विभाग में आईडीसी लागू होने एवं सॉफ्टवेयर 2.0 अपडेट होने के बाद डाककर्मियों को आ रही समस्याओं के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वार्ता करके समाधान निकाला जाएगा। इसके साथ ही आठवें वेतनमान आयोग के गठन होने पश्चात उसमें विसंगतियों पर चर्चा करके नेशनल यूनियन द्वारा समाधान का पूर्ण प्रयास किया जाएगा। डाक विभाग की रीढ़ अगर कोई है तो वह पोस्टमैन ही है। जिसमें विशाल साहू अध्यक्ष, राजकुमार तिवारी कार्यकारी अध्यक्ष, राजकुमार द्विवेदी एवं दिनेश विश्वकर्मा उपाध्यक्ष, संजय दुबे संभागीय सचिव, विकास पटेल उप संभागीय सचिव, सर्वेश कुमार सोनी, रामविशाल, चेतन चौरसिया सहायक संभागीय सचिव, राकेश कुमार पटेल संभागीय कोषाध्यक्ष, गोविंद सिंह सहायक संभागीय सचिव, आशीष गुप्ता, संजय पटेल, सुपेंद्र मरावी संगठन सचिव, टेकराम दहायत ऑडिटर चुने गए।



## पतंजलि की कार्डियोग्रिट गोल्ड

# हृदय रोग का आयुर्वेदिक इलाज अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल में छपा शोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि ने दावा किया है कि आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान के मेल से बड़े से बड़े रोग का इलाज संभव है। पतंजलि ने बताया है कि कंपनी के वैज्ञानिकों ने एक शोध में पाया कि कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कीमोथेरेपी की दवा डॉक्सोरूबिसिन से होने वाले हृदय रोग (कार्डियोटॉक्सिसिटी) को कार्डियोग्रिट गोल्ड नाम की आयुर्वेदिक दवा से ठीक किया जा सकता है। यह शोध दुनिया के सामने आयुर्वेद की ताकत को और मजबूती से पेश करता है।

### आयुर्वेद की वैज्ञानिकता साबित करता है यह शोधः आचार्य



पतंजलि आयुर्वेद के सीईओ आचार्य बालकृष्ण ने कहाकि यह शोध न सिर्फ आयुर्वेद की वैज्ञानिकता को साबित करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि अगर प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों को वैज्ञानिक तरीके से परखा जाए तो आधुनिक चिकित्सा की जटिल समस्याओं का हल निकाला जा सकता है। कार्डियोग्रिट गोल्ड में योगेंद्र रस, अर्जुन, मोती पिष्टी, अकीक पिष्टी जैसी जड़ी-बूटियां और भस्म शामिल हैं, जो प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथों में हृदय रोगों के लिए प्रभावी बताई गई हैं।

**परंपरा और विज्ञान का अनमोल तोहफा**

उन्होंने आगे कहाकि यह शोध पतंजलि के वैज्ञानिकों की मेहनत का नतीजा है और यह आयुर्वेद को फिर से स्थापित करने का एक बड़ा कदम है। जब पूरी दुनिया आयुर्वेद को अपनाने के लिए उत्सुक है, यह शोध लोगों को आयुर्वेद पर भरोसा करने का एक मजबूत कारण देता है।

### जर्नल ऑफ टॉक्सिकोलॉजी में प्रकाशित हुआ शोध

*पतंजलि ने दावा किया है, परिणामों से पता चला कि कार्डियोग्रिट गोल्ड ने इन जीवों की खाना खाने की क्षमता बढ़ाई, हृदय जैसी मांसपेशियों की स्थिति में सुधार किया और हानिकारक तत्वों के स्तर को कम किया। साथ ही इन जीवों की लंबाई और प्रजनन क्षमता में भी बढ़ोतरी हुई। इस दवा ने डॉक्सोरूबिसिन के स्तर को भी कम किया, जो साबित करता है कि यह हृदय रोगों को कम करने में कारगर है। यह शोध दुनिया के प्रसिद्ध रिसर्च जर्नल जर्नल ऑफ टॉक्सिकोलॉजी में प्रकाशित हुआ है।*

## आयुक्त से मिला क्रेडाई, समाधान का मिला आश्वासन

# अवैध कालोनियों पर सख्ती और निवेश अनुकूलता के लिए नगर निगम तैयारः क्रेडाई



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

क्रेडाई भोपाल के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण से मुलाकात कर उन्हें राजधानी को स्वच्छता सर्वेक्षण में अद्वितीय स्थान प्राप्त होने पर बधाई दी और लंबित मुद्दों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। क्रेडाई के प्रतिनिधिमंडल ने लंबे समय से लंबित विभिन्न नगरीय विसंगतियों और विकास से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए विस्तृत चर्चा की।

बैठक में आयुक्त ने स्पष्ट आश्वासन दिया कि नगर निगम और शासन स्तर पर सभी लंबित बिंदुओं का ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्रोत्साहन देने की दिशा में शीघ्र निराकरण किया जाएगा। क्रेडाई ने भवन अनुमति, शुल्क और अधोसंरचना अनुमोदन से जुड़ी प्रक्रियाओं में त्वरित निपटान की मांग की, अप्रासंगिक शुल्कों को हटाकर, दरों का यथोचित पुनर्निर्धारण करने और उद्योग-अनुकूल नीति लाने की आवश्यकता पर बल देने की मांग की। नल-जल, सीवेज और सडक़ कार्यों के समन्वय को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर जोर दिया। इसके अलावा पुराने लंबित प्रकरणों में पारदर्शी और एकमुश्त समाधान की नीति लागू करने को कहा। साथ ही डिजिटल प्रणाली से अनुमतियों की प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता बढ़ाने को कहा।

## एफकॉम ने हासिल की 11,889 लाख रुपए की आय

**चेन्नई।** एफकॉम होल्डिंग्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी की कुल आय 11,889.0 लाख, सालाना वृद्धि 198.1 फीसदी, एबिटडा 3,664.7 लाख, सालाना वृद्धि 2,401.8 फीसदी, शुद्ध लाभ 2,707.0 लाख, सालाना वृद्धि 4,255.5 फीसदी रहीं। एफकॉम होल्डिंग्स लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, कैप्टन दीपक परसुरामन ने कहाकि हमारे निवेशक समुदाय की अधिक बार अपडेट की मांग और हमारी पारदर्शिता की प्रतिबद्धता के अनुरूप निर्णय है।

# आईएसएस पर एआई डॉक्टर करेगा अंतरिक्ष यात्रियों का इलाज



**वॉशिंगटन।** नासा गूगल के साथ मिलकर काम कर रहा है, ताकि अंतरिक्ष यात्रियों को स्वास्थ्य सेवा में मदद मिल सके। गूगल अपने एआई टूल्स का इस्तेमाल करके एक एआई आधारित मेडिकल असिस्टेंट बना रहा है। यह असिस्टेंट उन अंतरिक्ष यात्रियों की देखभाल करेगा जो अपने मिशन के लिए हफ्तों या महीनों तक अंतरिक्ष में रहते हैं। स्पेस मिशन के लिए एक डॉक्टर को अपने साथ ले जाना काफी मुश्किल भरा होने के साथ महंगा भी होता है। इसलिए नासा अब टेक्नोलॉजी की मदद ले रहा है।

### कैसे काम करता है?

यह एआई डॉक्टर मेडिकल सहायता के लिए कई तरह से काम करता है। आप इसे मैसेज लिखकर, फोटो भेजकर या बोलकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। गूगल अपने वेरटेक्स एआई क्लाउड नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहा है, जिससे ये एआई डॉक्टर तेजी से काम कर सके। इस ऐप से सोर्स कोड का मालिकाना हक नासा के पास होगा और गूगल को स्वास्थ्य संबंधी डाटा मिलेगा। इससे इस एआई डॉक्टर को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

### कैसे रहे शुरुआती नतीजे?

सीएमओ-डीए के शुरुआती टेस्ट में काफी अच्छे नतीजे मिले हैं। यह डॉक्टर टखने की चोट, कान में दर्द और दूसरी समस्याओं का पता लगाने में कामयाब रहा। रिपोर्ट में सामने आया कि टखने से जुड़ी समस्याओं के लिए 88%, पीठ दर्द के लिए 74% और कान के दर्द के लिए 80% तक सही रहा।

### क्यों ली जा रही है एआई की मदद?

जब नासा के अंतरिक्ष मिशन छोटे होते हैं तो वो एस्ट्रोनॉट्स की मदद कर सकते हैं, लेकिन लंबी यात्राओं के लिए उन्हें बेहतर मदद की जरूरत होती है। इसे समस्या से निपटने के लिए एक एआई तैयार किया जा रहा है और इसका नाम क्रू मेडिकल ऑफिसर डिजिटल असिस्टेंट है। यह एआई इन परेशानियों से निपटेगा और उनकी सेहत पर खुद से नजर रखेगा।

# मानसून जल्दी आने से पेंट कंपनियों की वृद्धि प्रभावित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- कड़ी प्रतिस्पर्धा ने जून तिमाही में कंपनियों की वृद्धि हुई प्रभावित
- नए खिलाड़ियों की आक्रामक मूल्य निर्धारण वाली प्रतिस्पर्धा

इस साल मानसून के समय से पहले आने और बाजार में आने वाले नए खिलाड़ियों की आक्रामक मूल्य-निर्धारण वाली कड़ी प्रतिस्पर्धा ने प्रमुख पेंट विनिर्माता कंपनियों की जून तिमाही की आमदनी पर प्रतिकूल असर डाला है। हालांकि, देश की चार प्रमुख पेंट कंपनियों.... एशियन पेंट्स, बर्जर पेंट्स, कन्साई नेरोलैक पेंट्स और अक्सो नोबेल इंडिया ने बताया कि शहरों में बिक्री बेहतर हुई है और कीमतों में बढ़ोतरी से उन्हें कुछ राहत मिली है। कंपनियों को उम्मीद है कि इस बार दिवाली थोड़ी पहले होने की वजह से अगस्त और सितंबर में उनकी बिक्री अच्छी रहेगी। एशियन पेंट के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित सिंगले ने कहा कि मानसून जल्दी आने से अप्रैल और मई में हुई अच्छी बिक्री पर असर पड़ा। हालांकि, शहरों में मांग में सुधार देखा गया है और उन्हें उम्मीद है कि यह आगे भी जारी रहेगा। सीईओ ने यह भी कहा कि बाजार में मुकाबला बहुत जबर्दस्त है, क्योंकि कई नई कंपनियां आ गई हैं और पुराने खिलाड़ी भी भी अच्छा कर रहे हैं। एशियन पेंट की बिक्री की मात्रा में जून तिमाही में 3.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन मूल्य के हिसाब से यह 1.2 प्रतिशत कम रही। तिमाही के दौरान एशियन पेंट्स की बिक्री 1.19 प्रतिशत घटकर 7,848.83 करोड़ रुपये रही।

उम्मीदः मौजूदा 5 टैक्स स्लैब में से 12 फीसदी स्लैब को हटाकर दो हिस्सों में बांटा जाएगा

# जीएसटी काउंसिल की अगली मीटिंग सितंबर माह में होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जीएटी काउंसिल की दो दिवसीय बैठक सितंबर में होने की संभावना है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बैठक में मौजूदा 5 टैक्स स्लैब (0 परसेंट, 5 परसेंट, 12 परसेंट, 18 परसेंट, 28 परसेंट) में से 12 परसेंट स्लैब को हटाकर स्लैब को स्टैंडर्ड और मेरिट दो हिस्सों में बांट दिया जाएगा, इससे जीएसटी को लेकर जटिलताएं कम हो जाएगी। मौजूदा समय में जीएसटी की संरचना को चार मुख्य प्रकारों में बांटा गया है। 5 परसेंट स्लैब- चाय, चीनी, कॉफी और एडिबल जैसी जरूरी चीजें। 12 परसेंट स्लैब- मक्खन, घी, प्रोसेस्ड फूड, बादाम, मोबाइल, फलों का रस, सब्जियों, फलों, मेवे वगैरह शामिल हैं। 18 परसेंट स्लैब- हेयर ऑयल, टूथपेस्ट, आइसक्रीम और पास्ता जैसी रोजमर्रा की चीजें। 28 परसेंट स्लैब- कार, महंगे कपड़े-जुते, एयर कंडीशनर जैसी लग्जरी वस्तुएं और टोबैको उत्पाद इस स्लैब में शामिल हैं।

### आम जनता को टैक्स के बोझ से राहत

विश्व बैंक की 2018 की एक रिपोर्ट में भारत में वस्तु एवं सेवा करप्रणाली को दुनिया की सबसे जटिल और दूसरा सबसे महंगा टैक्स सिस्टम करार दिया गया है। दुनिया के 49 देशों में सिंगल स्लैब और 28 देशों में दो स्लैब हैं। केवल पांच ही ऐसे देश हैं, जहां चार या उससे अधिक टैक्स स्लैब हैं. लगभग 21 परसेंट वस्तुएं 5 परसेंट की श्रेणी में, 19 परसेंट वस्तुएं 12 परसेंट श्रेणी में तथा 44 परसेंट वस्तुएं 18 परसेंट स्लैब में आती हैं।

### जीएसटी में सुधार से उपभोक्ताओं व एमएसएमई को होंगे फायदे

*केंद्र ने जीएसटी दरों के 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के मौजूदा स्लैब को खत्म करने और केवल 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत जीएसटी दरें रखने का प्रस्ताव दिया है। इसके तहत 12 प्रतिशत स्लैब में से 99 प्रतिशत को 5 प्रतिशत स्लैब में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है।*

*इसके साथ ही 28 प्रतिशत स्लैब में से 90 प्रतिशत वस्तुओं को 18 प्रतिशत स्लैब में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा हानिकारक व लक्जरी वस्तुओं पर 40 फीसदी स्लैब बनाए जाने की संभावना है।*

*सुधार से उपभोक्ताओं की जेब में अधिक पैसा आएगा लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ भोपाल के अध्यक्ष बलदेव खेमानी ने कहा कि यह प्रतिबद्ध था कि जीएसटी से आम जनता पर कर नहीं बढ़ेगा।*

### सेंट्रल बैंक ने बच्चों को किया सम्मानित



**भोपाल।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने स्वतंत्रता दिवस का समारोह आंचलिक कार्यालय परिसर, 9 अरेरा हिल्स, भोपाल में बड़ उत्साह एवं देशभक्ति के वातावरण मे मनाया। इस अवसर पर भोपाल अंचल प्रमुख, धीरज गोयल ने ध्वजारोहण किया और सभी उपस्थित स्टाफ सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। उन्होंने सर्वप्रथम 79 वीं स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें न केवल देश के गौरवशाली इतिहास की याद दिलाता है बल्कि हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग एवं प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया ।

# महा-सुनामी की चेतावनी! उठेंगी 1,000 फीट ऊंची लहरें!

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में इस वक्त एक विनाशकारी महा-सुनामी की चेतावनी से दहशत का माहौल है। अमेरिकी प्रशांत तट के कुछ हिस्सों पर ये मेगा आ सकती है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, कैस्केडिया सबडक्शन जोन में एक भीषण भूकंप आने की आशंका है। इसके बाद महा सुनामी की लहरें 1,000 फीट की ऊंचाई तक उठेंगी। सुनामी का यह खतरा कैस्केडिया सबडक्शन जोन में आने वाले शक्तिशाली भूकंप के कारण पैदा होगा। सुनामी के कारण अमेरिका का कुछ हिस्सा 6.5 फीट तक डूब सकता है। वर्जीनिया टेक के शोधकर्ताओं ने भविष्यवाणी की है कि अगले 50 वर्षों के भीतर कैस्केडिया सबडक्शन जोन में 8.0 या उससे अधिक तीव्रता का भूकंप आने की 15% आशंका है। नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज की कार्यवाही में प्रकाशित स्टडी के अनुसार, 8 की तीव्रता का ये शक्तिशाली भूकंप तटीय एरिया को 6.5 फीट तक डुबो सकता है।



### 1700 में आया था बड़ा भूकंप

वर्जीनिया टेक रिसर्च टीम के अनुसार, कैस्केडिया सबडक्शन जन उत्तरी अमेरिका की सबसे खतरनाक फॉल्ट लाइनों में से एक है। सदियों से समुद्री जुआन डे फूका प्लेट के उत्तरी अमेरिकी प्लेट के नीचे धकेले जाने से टेक्टोनिक तनाव बढ़ता है। जब किसी बड़े भूकंप के दौरान यह तनाव कम होता है, तो तटीय क्षेत्रों में अचानक जमीन धंस सकती है। इससे बाढ़ और विकराल रूप ले सकता है। इस फॉल्ट पर आखिरी बड़ा भूकंप 1700 में आया था। इससे जापान तक सुनामी का असर हुआ था।

### सुनामी के सबसे ज्यादा जोखिम वाले क्षेत्र

वर्जीनिया टेक के रिसर्च में दक्षिणी वाशिंगटन, उत्तरी ओरेगन और उत्तरी कैलिफोर्निया को सीएसजेड महा-सुनामी से बाढ़ के प्रति सबसे ज्यादा संवेदनशील क्षेत्रों के रूप में पहचाना गया है। हालांकि, अलास्का और हवाई भी सुनामी का काफी सामना करते हैं। लेकिन वे भौगोलिक रूप से कैस्केडिया सबडक्शन जोन से दूर हैं। अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि भूकंप के कारण 30,000 से अधिक मौतें हो सकती हैं। 1,70,000 से अधिक स्ट्रक्चर को नुकसान पहुच सकता है। जबकि 81 अरब डॉलर से अधिक का आर्थिक नुकसान हो।

## एफपीआई ने शेयर बाजार से निकाले 20,975 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त के पहले पखवाड़े में भारतीय शेयर बाजार में लगभग 21,000 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। अमेरिका-भारत व्यापार तनाव, कंपनियों के पहली तिमाही के उम्मीद से कमजोर नतीजों तथा रुपये में गिरावट के बीच एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इसके साथ ही 2025 में अबतक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से कुल 1.16 लाख करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं।

**फायनेंस**

फाइनेंस- आधारकार्ड पे लोन लेबर कार्ड, मार्कशीट, पैन कार्ड, पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, कृषि आदि लोन 50000/- से 500000/- तक 2% ब्याज 50% छूट संपर्क:- 9310481187 (रायपुर /18/अगस्त/25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।


**मकर** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की

# बॉडी है या नोटिस बोर्ड! शख्स ने पूरे शरीर पर बनवाए टैटू, खर्च किए 2 करोड़


**ओटावा।** टैटू बनवाने का शौक नया नहीं है। याद करिए 90 के दशक का वो दौर जब लोग डब्ल्यूडब्ल्यूएफ देखकर पहलवानों की तरह टैटू बनवाना चाहते थे। धीरे-धीरे ये शौक भारत में भी फैल गया। पर कुछ लोगों को टैटू बनवाना सिर्फ शौक नहीं है, बल्कि उनके लिए जुनून जैसा हो जाता है। ऐसा ही एक कनाडा के व्यक्ति के साथ भी है जिसके शरीर पर इतने टैटू हैं कि उसे देखकर आपको लगेगा कि वो उसका शरीर है या कोई नोटिस बोर्ड। शख्स ने टैटू बनवाने पर 2 करोड़ से ज्यादा रुपए खर्च कर दिए, मगर उसने ये भी बताया कि किस हिस्से पर बनवाने में सबसे ज्यादा दर्द हुआ। टैटू बनवाना आजकल एक आम फैशन ट्रेंड है, लेकिन कनाडा के रेमी के लिए यह सिर्फ एक शौक नहीं, बल्कि उनकी पूरी जिंदगी का जुनून बन चुका है। रेमी को दुनिया का सबसे ज्यादा टैटू बनवाने वाला पिता कहा जाता है। उन्होंने अपने शरीर पर इतने टैटू बनवाए हैं कि कई जगहों पर 10 से 30 से ज्यादा लेयर बन चुकी हैं। उनका दावा है कि इतनी लेयर, घंटे और सेशन किसी इंसान ने अब तक नहीं करवाए। रेमी का टैटू बनवाने का सफर साल 2001 में शुरू हुआ, जब उन्होंने पहला फेशियल पियर्सिंग करवाया।



### बॉडी आर्ट नहीं, बल्कि एक लाइफस्टाइल है

पहले एक रेस्तरां में शेफ के तौर पर काम करने वाले रेमी अब हफ्ते में कई बार टैटू पार्लर जाते हैं और हर बार अपने शरीर पर नई आर्ट जोड़ते हैं। अब तक वे अपने बॉडी आर्ट पर 2,15,000 (करीब 2.3 करोड़) खर्च कर चुके हैं। रेमी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। जहां कुछ लोग उनके लुक्स पर ट्रोल करते हैं, वहीं उनके कई फैंस उनकी इस यात्रा को प्रेरणादायक मानते हैं। रेमी ने इंटरव्यू में बताया कि टैटू बनवाते समय उन्हें सबसे ज्यादा दर्द अंदरूनी जांघ, गुप्तांग और नितंबों के अंदरूनी हिस्से में हुआ। उन्होंने कहा – मेरे शरीर के लगभग सभी हिस्सों पर कई लेयर में टैटू हैं और मुझे यकीन है कि मेरे जितना किसी ने टैटू नहीं करवाया। उनके लिए दर्द कोई बड़ी रुकावट नहीं है। उन्होंने बताया कि उनके गुप्तांग कई बार टैटू हो चुके हैं, और उनके कंधों के नीचे पर 16 और 17 बार, यानी कुल 33 बार टैटू सेशन हुए हैं। रेमी का कहना है कि आर्मपिट का दर्द उतना भयानक नहीं, जितना लोग बताते हैं। उनके लिए यह सिर्फ बॉडी आर्ट नहीं, बल्कि एक लाइफस्टाइल है। वे मानते हैं कि अपने शरीर को अपनी पसंद के मुताबिक बदलना, खुद को एक्सप्रेस करने का सबसे बड़ा तरीका है।

## शब्द पहेली - 5961



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 5960 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5971

★★★★☆ कठिन


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5970 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |



# द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की पहली झलक आई सामने

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान के बड़े बेटे आर्यन खान भी अब ओटीटी पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, आर्यन पिता की तरह एक्टिंग में नहीं, बल्कि निर्देशक के तौर पर बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। आर्यन अपना डेब्यू ओटीटी से कर रहे हैं। रविवार को उनके डेब्यू शो 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की पहली झलक सामने आ गई है। 1 मिनट 26 सेकंड के इस वीडियो में आर्यन खान सबसे पहले नजर आते हैं। वो अपने इस शो के बारे में बताते हैं। आर्यन अपने पिता शाहरुख खान की फिल्म 'मोहब्बतें' का सुपरहिट डायलॉग 'एक लड़की थी दीवानी सी...' बोलते हैं।

लाइफ Style

# निधि

## 300 लड़कियों को हराकर किया डेब्यू

रश्मिका मंदाना, श्रीलीला, उर्वशी रौतेला समेत कई ऐसी यंग एक्ट्रेसेज है, जिन्होंने अपनी डबल उम्र के सुपरस्टार संग बड़े पर्दे पर काम किया है। यहां हम आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने 22 साल बड़े एक्टर संग रोमांस किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड डेब्यू के लिए इस एक्ट्रेस ने 300 लड़कियों को हराकार रोल हासिल किया। श्रीलीला 'पुष्पा 2' से लाइमलाइट में आई। रश्मिका मंदाना ने सलमान खान संग सिकंदर में काम किया।उर्वशी रौतेला ने नंदमुरी बालाकृष्ण और सनी देओल संग काम किया। इन सभी जोड़ियों में काफी एज गैप था। इंडस्ट्री में एक और ऐसी एक्ट्रेस जिसने 22 साल बड़े सुपरस्टार संग रोमांस किया। अब तक एक भी ब्लॉकबस्टर नहीं दे पाई है, लेकिन बॉलीवुड से लेकर साउथ तक इसका जलवा है। इसकी कई पैन इंडिया फिल्म रिलीज हुईं हैं। प्रभास के अपॉजिट भी दिखाई देंगी। इस एक्ट्रेस का नाम निधि अग्रवाल है। निधि का सफर एक छोटे शहर की लड़की से बड़े स्क्रीन की चमकदार हीरोइन बनने तक इंस्पिरेशन से भरा है। उन्होंने 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'मुन्ना माइकल' के जरिए फिल्मी दुनिया में कदम रखा था. निधि को इस रोल के लिए 300 से ज्यादा लड़कियों के बीच से चुना गया था। निधि अग्रवाल की बचपन से ही डांस में रुचि थी। बैले से लेकर कथक और बेली डांस तक, निधि ने हर स्टेप को बड़ी मेहनत और लगन से सीखा। ये डांस का हुनर बाद में उनके अभिनय में जान डालता गया।



हॉलीवुड मसाला




# द गॉडफादर ने बनाया इंटरनेशनल स्टार

**लॉस एंजिल्स।** जब भी हॉलीवुड के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं की बात होती है, तो रॉबर्ट डी नीरो का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। डी नीरो सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक ऐसा नाम हैं, जिन्होंने अपने अभिनय से सिनेमा को एक नई पहचान दी। उन्होंने सिर्फ किरदार नहीं निभाए, बल्कि उन्हें जिया, उनमें सांस ली और दर्शकों को यह यकीन दिला दिया कि पर्दे पर जो दिख रहा है, वह अभिनय नहीं, हकीकत है। डी नीरो का फिल्मी का1रियर 1968 की फिल्म 'ग्रीटिंग्स' से शुरू हुआ। लेकिन, 1974 में आई 'द गॉडफादर पार्ट II' ने उन्हें इंटरनेशनल लेवल पर स्टार बना दिया।



# बीमार एक्ट्रेस को डॉक्टर की बजाय झाड़-फूंक करवाने ले गई टीम

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस झाओ लुसी के साथ कुछ ऐसा हुआ है, जो आपका दिल दहला देगा। 26 साल की एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर अपनी दर्दनाक आपबीती सुनाई है। रोजी झाओ के नाम से फैंस के बीच पॉपुलर एक्ट्रेस ने बताया है कि वह डिप्रेशन की बीमारी से जूझ रही हैं। लेकिन, हैरान करने वाली बात ये है कि उनकी इस मानसिक हालत में भी उनकी टैलेंट एजेंसी टीम ने उनका इलाज किसी एक्ट्रेस से करवाने की बजाय झाड़-फूंक का सहारा लिया है। झाओ ने आरोप लगाया है कि टैलेंट एजेंसी उनकी हालत के लिए 'भूत-प्रेत' को जिम्मेदार मानती है और इसे भगाने के लिए उन्हें मजबूर किया गया। मुझे एक होटल में बंद कर दिया और एक ओझा को बुलाकर मेरा भूत भगाने के लिए कह गया। 'द रोमांस ऑफ टाइगर एंड रोज' और 'हिडन लव' जैसी पॉपुलर सीरीज में काम कर चुकी झाओ लुसी को साल 2016 में 'वैरायटी' के सुपरहिट शो 'मार्स इंटेलिजेंस एजेंसी' में डेब्यू के साथ ही सफलता मिली थी।



# भारत माता की जय का लगाया नारा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर एक बार फिर सोशल मीडिया की हैडिंग में छा गई हैं। जन्माष्टमी उत्सव से उनका एक वीडियो सामने आया है। जहां वह दही हांडी फोड़ती दिख रही हैं। इस दौरान वह भारत माता की जय का नारा भी लगाती हैं। मगर इस वीडियो के देखने के बाद कुछ लोग उन्हें ट्रोल भी करने लगे। उनकी फिल्म परमसुंदरी 29 अगस्त को रिलीज हो रही है। जाह्नवी कपूर घाटकोपर के एक दही हांडी कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान वह ट्रेडिशन अवतार में पहुंचीं। वह कलश उठाती हैं फूलों से भरी मटकी को फोड़ती हैं। उनके इर्द-गिर्द काफी भीड़ भी नजर आ रही हैं। इस कार्यक्रम के बाद जान्हवी कपूर का एक वीडियो भी इंस्टाग्राम पर काफी वायरल हुआ। दही हांडी फोड़ते हुए जाह्नवी कपूर भारत माता की जय का नारा भी लगाती हैं।



# कंगना के विवादित बयान पर छिड़ी बहस

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री से राजनेता बनीं कंगना रनौत अपने बेबाक बयानों के लिए जानी जाती हैं। इस बार उन्होंने निशाना साधा है भारत में बढ़ती डेटिंग ऐप कल्चर पर। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने डेटिंग एप्स को समाज का गटर बताते हुए कहा कि ये प्लेटफॉर्म 'असफल लोगों' के लिए हैं, न कि असली 'अचीवर्स' के लिए। कंगना के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। कई लोग जहां उनके विचारों से सहमत नजर आए, वहीं बहुतों ने उन्हें पुरानी सोच वाली और एकतरफा बताया। कंगना के इस बयान पर सोशल मीडिया दो हिस्सों में बंट गया है। कुछ लोगों ने कहा कि वो सही कह रही हैं और आज के रिश्तों में गहराई की कमी है। वहीं बाकी यूजर्स ने उन्हें जजमेंटल बताया और कहा कि डेटिंग एप्स से उन्होंने अपने सच्चे जीवनसाथी को पाया है।

टीवी मसाला



# 7.50 लाख के सवाल पर ली 2 लाइफ लाइन! फिर भी हार गईं कल्याणी

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के चौथे एपिसोड में दो कंटेस्टेंट को हॉटसीट पर बैठने का मौका मिला। पहली कंटेस्टेंट कल्याणी ने शानदार खेल दिखाया, लेकिन 7.50 लाख रुपए के लिए पूछे गए सवाल से न सिर्फ उन्हें दुविधा हुई, बल्कि ऑडियंस का अंदाजा भी गलत साबित हुआ। सवाल जितना आसान लगता है, उतना है नहीं। कल्याणी ने 5 लाख के सवाल पर पहली लाइफ लाइन इस्तेमाल की. सवाल था- लगातार 16 सालों तक भुवनेश्वरी कुमारी ने किस खेल में राष्ट्रीय महिला एकल खिताब जीता है? विकल्प हैं- बैडमिंटन, टेबल टेनिस, स्क्वाश और टेनिस. कंटेस्टेंट ने विकल्प सी. स्क्वाश चुनकर 5 लाख रुपएजीते. उन्होंने बताया कि वे मां-बाप को भारत-भ्रमण के लिए 5 लाख रुपए देना चाहती हैं। उन्होंने आगे सुपर संदूक में 70 हजार जीते, जिससे एक लाइफ लाइन जिंदा कर ली।कल्याणी 7.50 लाख के सवाल पर अटक गईं। सवाल है- तुर्कमेनिस्तान में 'नर्क का द्वार' उपनाम वाले एक गैस क्रेटर का स्थानीय नाम क्या है, जहां लगभग आधी सदी से लगातार आग जल रही है?ए. दोजख, बी. जहन्नम, सी. कुआं, डी. दरवाजा। कंटेस्टेंट ने सवाल का सही जवाब देने के लिए पहले '50-50 लाइफ लाइन का इस्तेमाल किया। दो गलत जवाब हटने के बाद उन्हें 'जहन्नम-दरवाजा' विकल्प मिला। उन्होंने एक और लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया। ज्यादातर ऑडियंस ने विकल्प 'जहन्नम' चुना। वे जनता के साथ जाती हैं और विकल्प बी को चुनती हैं, मगर यहां जनता गलत साबित होती है। 'दरवाजा' सही जवाब है। वे 5 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। वे काफी निराश थीं।

## फिर से निभाना चाहते हैं श्रीकृष्ण का किरदार


**नई दिल्ली।** टीवी धारावाहिक 'महाभारत' में जब नितीश भारद्वाज ने श्रीकृष्ण का किरदार निभाया, तब उन्होंने केवल एक भूमिका नहीं निभाई, बल्कि करोड़ों लोगों के दिलों में कृष्ण को जगा दिया। आज भी जब लोग उन्हें देखते हैं तो सहज ही उन्हें कृष्ण कहकर पुकारते हैं। उन्होंने कहा कि अब मेरी समझ और गहरी हो गई है। अगर मौका मिला तो मैं कृष्ण को पहले से भी बेहतर निभाऊंगा। नितीश भारद्वाज कहते हैं कि मेरे लिए जन्माष्टमी कोई बाहरी त्योहार भर नहीं है। मेरे लिए यह दिन अपने अंदर झांकने का होता है। मैं ध्यान करता हूं, गुरु से मिले मंत्र का जाप करता हूं और आत्मचिंतन करता हूं। पूजा-पाठ और परंपराएं जरूरी हैं, लेकिन असली कृष्ण हमें अपने अंदर ही मिलते हैं। बचपन की यादों को ताजा करते हुए अभिनेता बताते हैं कि तब दही हांडी केवल खेल नहीं था, बल्कि समाज को जोड़ने वाला त्योहार था। कृष्ण की माखन चोरी की लीला यही सिखाती है कि समाज के सभी लोग मिल-जुलकर रहें।



# कभी कुश्ती करते थे सुरेश वाडेकर प्रतियोगिता जीतकर बने गायक

**नई दिल्ली।** भारतीय संगीत जगत में कुछ आवाजें ऐसी होती हैं जो सीधे दिल को छू जाती हैं। सुरेश वाडेकर की आवाज उन्हीं में से एक है। एक ऐसा नाम, जो शास्त्रीय गायकी की गहराई से लेकर फिल्मी संगीत के हर रंग में निखरकर सामने आया। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि सुरेश वाडेकर पहले पहलवान बनना चाहते थे? कुश्ती के दांव-पेंच से लेकर माइक के सामने सुर साधने का उनका सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है।

**प्रारंभिक जीवन :** सुरेश ईश्वर वाडेकर का जन्म 7 अगस्त 1955 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक मध्यमवर्गीय मराठी परिवार में हुआ था। उनके पिता ईश्वर वाडेकर मुंबई के लावर पड़ेरेल के गिरगांव इलाके में स्थित कपड़ा मिल में वर्कर थे, वहीं उनकी माता जी मजदूरों के लिए खाना बनाती थीं। परिवार जल्द ही गिरगांव में बस गया, जहां सुरेश का बचपन बीता।



### कुश्ती की प्रतियोगिताओं में लेते थे हिस्सा

बचपन से ही उनका रुझान शारीरिक खेलों की तरफ था। खासकर कुश्ती में उनकी गहरी दिलचस्पी थी। स्कूल और कॉलेज में वो अक्सर प्रतियोगिताओं में भाग लेते और अव्वल आते। उनका सपना था कि वो एक दिन पहलवान बनें, लेकिन किस्मत ने उनके लिए कुछ और ही सोच रखा था। सुरेश को खेलों के रुचि के साथ-साथ छोटी उम्र से ही भजन और संगीत सुनने का भी शौक था। पिता भी भजन गाया करते थे, जिससे घर में संगीत के संस्कार पनपने लगे। कम उम्र में ही उनके पिता ने उनकी गायकी में प्रतिभा देख ली और प्रारंभिक संगीत शिक्षा शुरू कर दी।

### पहलवान से कैसे बन गए गायक?

8 वर्ष की उम्र में सुरेश वाडेकर की संगीत प्रतिभा परंपरागत गुरु अचायरी जियालाल वसंत ने पहचानी और उन्हें ट्रेन करना शुरू किया। उन्होंने गुरुकुल पद्धति में शास्त्रीय संगीत की शिक्षा दी एवं गुरु के संरक्षण में स्कूली पढ़ाई भी की। बाद में प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से उन्होंने साल 1968 में प्रभाकर प्रमाणपत्र प्राप्त किया। इसके बाद वो मुंबई के आर्य विद्या मंदिर में संगीत शिक्षक के रूप में जुड़े और पेशेवर रूप में शिक्षा देना शुरू किया। कॉलेज के दिनों में उन्होंने संगीत प्रतियोगिता में भाग लिया और वहीं से उनके जीवन की दिशा बदल गई। जिस प्रतियोगिता में उन्होंने भाग लिया था, वो प्रतिष्ठित 'संगीत नाटक अकादमी' द्वारा आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने के बाद उन्हें संगीत को कॅरियर बनाने की प्रेरणा मिली।

# बेहद खूबसूरत हीरोइन, सिर्फ 5 फिल्मों में किया था काम, शादी के बाद छोड़ा कॅरियर

**मुंबई।** बॉलीवुड की दुनिया फिल्मी के साथ-साथ चकाचौंध से भरी हुई है। यहां कई कलाकारों ने कॅरियर के पीक पर आकर रिस्क लिया। कुछ के लिए ये फायदेमंद साबित हुआ और कुछ की नैया डूब गई। आज हम आपको एक ऐसी ही अदाकारा के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने एक्ट्रेस तब्बू के साथ डेब्यू किया था। फिर ए-लिस्टर एक्टर के साथ शादी की और पीक पर करियर छोड़ दिया। मगर रिश्ता ज्यादा दिन चला नहीं और इनका तलाक हो गया। पति को भी जेल हो गई। और मौत भी ठीक वैसे हुई, जैसे इनकी सास ने इस दुनिया को अलविदा कहा था। आइए जानते हैं कि ये कौन हैं।

### देव आनंद की हीरोइन थीं

इस अदाकारा ने 1985 में आई 'हम नौजवान' से डेब्यू किया था। इसमें तब्बू और देव आनंद भी थे। इसके बाद इन्होंने सफलता के कदम चूम और इंसाफ की आवाज (1986), सड़क छाप (1987) और अनुभव (1987) में काम करने का मौका मिला। इनका नाम ऋचा शर्मा था, जो संजय दत्त की पहली पत्नी थीं।



### ऋचा शर्मा की डेब्यू मूवी

ऋचा शर्मा का जन्म 1964 में दिल्ली में हुआ था। लेकिन, बाद में वह फैमिली के साथ न्यूयॉर्क चली गई थीं। वह देव आनंद की बहुत बड़ी फैन थीं। अमेरिका में उनसे मिलीं तो हीरोइन बनने की इच्छा जता दी। हालांकि, वह 13-14 साल की थीं। जिस कारण देव आनंद फिल्मों में लेने से उन्हें कतरा रहे थे। मगर बाद में उन्होंने 1985 में आई मूवी में कास्ट कर लिया।

## खाने की खुशबू और मिठास भी दिखी 'लंच बॉक्स' में

# कुकिंग और खानपान पर बनी हैं ये बॉलीवुड फिल्में

*मुंबई। फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' की रिलीज डेट आगे बढ़ गई है। यह फिल्म हीर (दिविता जुनेजा) पर आधारित है, जिसका सपना है शेफ बनना। अपने कुकिंग स्किल्स के जरिए भारतीय व्यंजनों को वह विदेश में पहुंचाने की कोशिश करती है। कुकिंग और खानपान की थीम पर और भी कई फिल्में काफी चर्चित हैं।*

**बावर्ची :** साल 1972 में रिलीज हुई फिल्म बावर्ची में अभिनेता राजेश खन्ना को बावर्ची के रूप में दिखाया। फिल्म में राजेश खन्ना एक संयुक्त परिवार के लिए काम करने वाले बावर्ची की भूमिका में नजर आए। खानपान की थीम पर बनी इस फिल्म में भारतीय संस्कार, परंपराओं और पारिवारिक ढांचे को भी बड़ी खूबसूरती से दिखाया गया है। फिल्म का निर्देशन ऋषिकेश मुखर्जी ने किया।

**चीनी कम :** हिंदी सिनेमा के मेगा स्टार अमिताभ बच्चन की फिल्म चीनी कम की अनोखी प्रेम कहानी भी खाने से जुड़ी हुई है। यह फिल्म साल 2007 में रिलीज हुई। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने 64 साल के शेफ का किरदार निभाया था। फिल्म में शेफ बने अमिताभ बच्चन को खुद से 30 साल छोटी तब्बू से प्यार हो जाता है। उनके बीच प्यार पनपने की वजह हैदराबादी पुलाव है, जो अमिताभ बहुत अच्छा बनाते हैं। फिल्म में अमिताभ बच्चन के इसी खूबी से तब्बू उनकी फैन बन जाती है।

### स्टेनली का डब्बा

यह फिल्म साल 2011 में रिलीज हुई। स्टेनली का डब्बा एक ऐसे बच्चे स्टेनली की कहानी है, जो अपने स्कूल कभी भी टिफिन बॉक्स नहीं लेकर इसलिए नहीं आता है, क्योंकि स्कूल के खड़ूस प्रिंसिपल को अपने स्टूडेंट्स के टिफिन बॉक्स खाने की गंदी आदत है। स्टेनली जब स्कूल में टिफिन नहीं लाता है, तो प्रिंसिपल उससे खार खाने लगता है। अमोल गुप्ते के निर्देशन में बनी इस फिल्म दिव्या दत्ता, पार्थ गुप्ते, दिव्या जगदाले, राज जुत्शी की मुख्य भूमिकाएं थी। इस फिल्म को कई इंटरनेशनल अवॉर्ड भी मिल चुके हैं।








**लंच बॉक्स :** खाने की खुशबू और मिठास इरफान खान की फिल्म 'लंच बॉक्स' में भी दिखी। यह फिल्म साल 2013 में रिलीज हुई। फिल्म में बहुत खूबसूरत और प्यारी सी लव स्टोरी को पेश किया गया था। फिल्म में निम्रत कौर और दिवंगत एक्टर इरफान खान लीड रोल में हैं।

**शेफ :** फिल्म 'शेफ' (2017) की कहानी एक पिता और बेटे के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें पिता अपनी जॉब की वजह से बेटे और परिवार की तरफ ध्यान नहीं दे पाता है। इसकी वजह से दोनों के रिश्तों में कड़वाहट आने लगती है। लेकिन इसके बाद वो अपनी नौकरी को छोड़कर परिवार के पास वापस आ जाता है और अपना खुद का फूड ट्रक बिजनेस खोलता है। इस फिल्म में सैफ अली खान ने शेफ की भूमिका निभाई थी।

***शर्मा जी नमकीन** : दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर ने अपनी आखिरी फिल्म 'शर्माजी नमकीन' (2022) में एक ऐसे व्यक्ति शर्मा जी की भूमिका निभाई थी, जिसे कंपनी से सेवानिवृत होने के बाद घर में खाली बैठना पसंद नहीं है। टाइमपास के लिए शर्मा जी किट्टी पार्टी में खाना बनाने का काम शुरू कर देते हैं। शर्मा जी के हाथ का बना खाना सभी को बहुत पसंद आता है। खाना बनाने का काम शर्मा जी अपने बच्चों से छुपाकर रखते हैं, लेकिन एक दिन उनकी पोल खुल जाती है।*

***तरला** : यह फिल्म 07 जुलाई 2023 को ओटीटी पर रिलीज हुई। यह खाने पर बनी फिल्म है। इसमें हुमा कुरैशी लीड रोल में हैं। दरअसल फिल्म, शेफ तरला दलाल की बायोपिक है और हुमा ने लीड रोल किया है। तरला दलाल भारत की पहली महिला शेफ थी, जिन्हे पाक कला के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।*


# एशिया कप में भारत का दबदबा, 5 कप्तानों की कप्तानी में रचा खिताबी इतिहास

एशिया कप 2025 का आगाज 9 सितंबर से यूएई में होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम भारत ही रही है। भारत ने पिछले 16 में से 8 बार खिताब अपने नाम किया है। जबकि दूसरे नंबर पर श्रीलंकाई टीम है, जो 6 बार एशिया कप की ट्रॉफी अपने नाम करने में सफल रही है।

## भारत ने 8 बार जीता खिताब, श्रीलंका ने 6 बार ट्रॉफी अपने नाम की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एशिया कप के 17वें सीजन का आगाज 9 सितंबर से यूएई में होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम भारत ही रही है। भारत ने पिछले 16 में से 8 बार खिताब अपने नाम किया है। जबकि दूसरे नंबर पर श्रीलंकाई टीम है जो 6 बार एशिया कप की ट्रॉफी अपने नाम करने में सफल रही है। तो 2 बार पाकिस्तान ने ये खिताब जीता है। वहीं भारत को 8 बार खिताब जिताने के पीछे 5 कप्तानों का योगदान रहा है। 1984 से शुरू हुए एशिया कप का पहला खिताब भी भारत ने ही जीता था। 2023 में हुए आखिरी सीजन में भी भारत विजयी रहा था। एक नजर एशिया कप खिताब जीतने



### सुनील गावस्कर

सुनील गावस्कर एशिया कप का खिताब जीतने वाले पहले कप्तान थे। उन्होंने ये उपलब्धि 1984 में हासिल की थी। भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को धूल चटाकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था और यहीं से टीम इंडिया ने एशियाई टीमों पर अपना दबदबा बनाना शुरू किया था।

### दिलीप वेंगसरकर

1986 की खराब परफॉर्मेंस के बाद दिलीप वेंगसरकर भारत को 1988 में एक बार फिर एशिया कप का चैंपियन बनाया। इस बार टूर्नामेंट में 4 टीमों ने हिस्सा लिया था।





### मोहम्मद अजहरुद्दीन

1988 से 1995 तक एशिया कप पर भारत का राज रहा है। इस दौरान कुल तीन बार टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। 1988 के बाद अजहरुद्दीन ने एशिया कप 1991 में टीम इंडिया की कमान संभाली और चैंपियन बनाया। इसके बाद 1995 में फिर भारत ने उनकी अगुवाई में ट्रॉफी जीती।



### एमएस धोनी

2004 और 08 के तो फाइनल तक टीम इंडिया पहुंची थी, लेकिन दोनों ही बार श्रीलंका ने उन्हें हराकर खिताब अपने नाम किया। इसके बाद 2010 में एमएस धोनी की कप्तानी में भारत फिर चैंपियन बना और 15 साल का सूखा खत्म किया।


### रोहित शर्मा



2018 में विराट कोहली की गैरमौजूदगी में रोहित शर्मा को एशिया कप में टीम इंडिया को लीड करने का मौका मिला। इसके बाद 7वीं बार उनकी कप्तान को एशिया कप का खिताब मिला। इसके बाद 2023 में भी रोहित की कप्तानी में भारत ने ट्रॉफी जीती।

---

## खबर संक्षेप



### भाटिया ने बनाया 'होल इन वन', जीती कार

**मैरीलैंड (अमेरिका)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने तीसरे दौर में चार अंडर 66 का कार्ड खेला, जिसमें एक बर्डी और एक 'होल इन वन' भी शामिल रहा। इससे वह संयुक्त 22वें स्थान पर बने हुए हैं। इस प्रदर्शन की बदौलत उन्हें फेडेक्स कप में शीर्ष 30 में बने रहने और अगले हफ्ते टूर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिला। भाटिया 16वें होल पर बर्डी और 17वें होल पर 'होल इन वन' के साथ संयुक्त 37वें स्थान से संयुक्त 22वें स्थान पर पहुंच गए। पीजीए टूर पर भाटिया का पहला 'होल इन वन' था, जिससे उन्हें एक बीएमडब्ल्यू आईएक्स मिलेगी और साथ ही चार साल की इवांस स्कॉलरशिप भी मिलेगी।

### डेनिश ओपनः अहलावत संयुक्त 28वें स्थान पर



**कोपेनहेगन (डेनमार्क)।** भारतीय खिलाड़ी वीर अहलावत ने तीसरे राउंड में एक अंडर 70 का कार्ड खेला, जिससे वह फुरेसियो गोल्फ क्लब में चल रही डेनिश गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर पहुंच गए। अहलावत के लिए यह एक दिलचस्प राउंड था क्योंकि उन्होंने शुरुआत से ही लगातार 14 पार लगाए। इसके बाद उन्होंने 15वें होल पर बोगी की, लेकिन 18वें होल पर ईगल लगाकर एक अंडर 71 का स्कोर बनाकर राउंड का अच्छा समापन किया। इससे पहले अहलावत का स्कोर 73-68 था और अब तीन राउंड के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर है। वह चौथे राउंड में अच्छा प्रदर्शन करके डीपी वर्ल्ड टूर पर लगातार दूसरे सप्ताह कम से कम शीर्ष 30 में स्थान बना सकते हैं। इस बीच रासमस होजगार्ड ने अंतिम राउंड से पहले एक स्ट्रोक की बढ़त बनाए रखी।

### ला लिगा : बार्सिलोना ने जीत से की शुरुआत




**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने खिताब के बचाव की शुरुआत मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत के साथ की। उसने मालोर्का को मिले दो रेड कार्ड का फायदा उठाया। पिछले सत्र में बार्सिलोना के शानदार आक्रमण का नेतृत्व करने वाले राफिन्हा और लामिने यामल को एक बार फिर अपना प्रभाव छोड़ने में सिर्फ सात मिनट लगे। यामल के कर्लिंग क्रॉस पर राफिन्हा ने टीम की तरफ से पहले गोल किया। फेरान टोरेस ने 23वें मिनट में बार्सिलोना की बढ़त दोगुनी कर दी। इस गोल के खिलाफ हालांकि मालोर्का ने शिकायत की थी, क्योंकि उनके एक खिलाड़ी के सिर में गेंद लगने के बाद वह जमीन पर गिर गया था। यामल ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में टॉप कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया।

---

## द हंड्रेड 2025: वेल्स के खिलाफ ओवल टीम ने बनाएं 226 रन

# कॉक्स ने मचाया कोहराम, 29 गेंद में 13 बाउंड्री और 86 रन, गेंदबाजों पर बरपाया कहर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

द हंड्रेड 2025 के 16वें मैच में ओवल इनविंसिबल्स के बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स ने अपनी तूफानी बैटिंग से कोहराम मचा दिया। वेल्स के खिलाफ मुकाबले में जॉर्डन कॉक्स ने 29 गेंद में नाबाद रहते हुए 86 रन कूट दिए। अपनी इस पारी में जॉर्डन ने 10 छक्के और 3 चौके भी लगाए। इस दौरान उन्होंने 5 गेंद में 4 सिक्स लगाकर गेंदबाज की हालत खराब कर दी। जॉर्डन की इस शानदार बल्लेबाजी के लिए कारण ही ओवल की टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 226 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में वेल्स की टीम 143 रन ही बनाई, जिससे ओवल को 83 रन से जीत मिली।

वेल्स के खिलाफ इस मुकाबले में जॉर्डन ने किसी भी गेंदबाज को नहीं बख्शा। अपनी इस पारी में 10 छक्के के साथ उन्होंने लियाम लिविंगस्टोन के 10 छक्कों के रिकॉर्ड की बराबरी की। हैरानी की बात ये है कि कॉक्स ने अपनी पहली आठ गेंदों पर सिर्फ आठ रन बनाए थे, लेकिन जैसे ही उन्होंने अपना गियर बदला जॉर्डन ने मैदान पर तबाही मचा दी।




### ओवल इनविंसिबल्स ने बनाया बड़ा स्कोर

*मैच में 226 रन बनाते ही ओवल इनविंसिबल्स की टीम ने इतिहास रच दिया है। टीम ने इसी के साथ द हंड्रेड टूर्नामेंट के लीग का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया है। इससे पहले द हंड्रेड लीग में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड मैनचेस्टर ओरिजनल्स की टीम के नाम था। ओरिजनल्स की टीम ने साल 2022 में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स की टीम के खिलाफ 208 रन बनाए थे। लेकिन अब ये कीर्तिमान टूट चुका है और ओवल इनविंसिबल्स की टीम ने नई इबारत लिखी है।*

### जॉर्डन कॉक्स ने खेली दमदार पारी

*ओवल इनविंसिबल्स की टीम के लिए ओपनिंग की जिम्मेदारी विल जैक्स और तवांडा मुयेये ने संभाली। इन दोनों प्लेयर्स ने अच्छी बल्लेबाजी की और पहले विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रख दी थी। इसके बाद तीसरे नंबर पर जॉर्डन कॉक्स ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का नमूना पेश किया। उन्होंने 29 गेंदों में कुल 86 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और 10 छक्के शामिल रहे। वह अंत तक आउट नहीं हुए। सैम करन के बल्ले से 34 रन निकले। इन प्लेयर्स की वजह से ही टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल हो पाई।*

### वेल्श फायर के बल्लेबाज रहे फायर

वेल्श फायर की टीम के लिए कप्तान जॉनी बेयरस्टो ने जरूर 28 गेंदों में 50 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल रहे। लेकिन उनके अलावा बाकी के खिलाड़ी रन बनाने के लिए तरसते रहे। इसी वजह से पूरी टीम सिर्फ 143 रन ही बना सकी। ओवल इनविंसिबल्स के लिए टॉम करन ने सबसे ज्यादा चार विकेट अपने नाम किए और उन्होंने टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

### एलिसा ने लगाया शतक

**ब्रिस्बेन।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली की नाबाद 137 रन की पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को भारत ए के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नौ विकेट से जीत दर्ज की। भारत ने शुक्रवार को दूसरे मैच में दो विकेट से जीत हासिल कर तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली थी। भारतीय टीम ने पहले मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की थी। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 52 और विकेटकीपर यास्तिका भाटिया के 54 गेंदों में 42 रन की बदौलत 216 रन बनाए, लेकिन पूरी टीम 47.4 ओवर में आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ए की कप्तान ताहलिया मैकग्रा ने आठ ओवर में 49 रन देकर तीन विकेट चटकाए।



---

## डीपीएल

# ढुल ने खेली तूफानी पारी लगाए 8 चौके और 7 छक्के



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यश ढुल के शानदार शतक की बदौलत सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के बारिश से प्रभावित मैच में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 15 रन से हरा दिया। यश ढुल ने 56 गेंद पर 101 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल हैं। युगल सैनी ने 28 गेंदों में 63 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया, जिससे सेंट्रल दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में सात विकेट पर 197 का विशाल स्कोर खड़ा किया। स्ट्राइकर्स के लिए हर्षित राणा ने बेहतरीन गेंदबाजी की और चार ओवर में सिर्फ 35 रन देकर तीन विकेट लिए। अर्जुन राप्रिया ने हैट्रिक ली, लेकिन वह दो ओवर में 30 रन देकर काफी महंगे साबित हुए।

■ राणा ने 4 ओवर में 35 रन देकर चटकाए 3 विकेट

### मौकों का पूरा फायदा उठाना चाहता हूंः यश

भारत के पूर्व अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान यश ढुल शीर्ष स्तर की क्रिकेट में जगह बनाने के अपने सपने को पूरा करने के लिए मौकों का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं, जैसा कि उन्होंने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग में शानदार शतक जड़कर किया था। ढुल ने बारिश से प्रभावित इस मैच में शतक जमाया, जिससे सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 15 रन से हराया। ढुल ने कहा, 'मैं इस बारे में सोचता हूं कि मुझे जो अवसर मिला है उसका मैं कैसे फायदा उठाऊं। अगर आप भविष्य के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं तो आप वर्तमान में अच्छा नहीं खेल सकते।' उन्होंने कहा, 'मैं केवल मौजूदा अवसरों पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मैं लाल गेंद से भी अभ्यास कर रहा हूं। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) में सफेद गेंद से लाल गेंद के क्रिकेट में बदलाव के बारे में जो सीख मिली उससे मुझे काफी फायदा मिल रहा है।' पिछले वर्ष जुलाई में एक जन्मजात समस्या के कारण हृदय की सर्जरी के कारण ढुल को विश्राम लेना पड़ा और उसके बाद उन्होंने मजबूत वापसी करने पर ध्यान केंद्रित किया।

---

## सिंकफील्ड कप

# गुकेश करेंगे क्लासिकल शतरंज में वापसी, प्रज्ञाननंदा की स्थिति मजबूत



एजेंसी ⏭ सेंट लुई (अमेरिका)

विश्व चैंपियन डी. गुकेश सोमवार से शुरू हो रहे सिंकफील्ड कप से संक्षिप्त अंतराल के बाद क्लासिकल शतरंज में वापसी करेंगे जबकि भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर. प्रज्ञाननंदा ग्रैंड शतरंज टूर के पांचवें चरण की इस प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल कर अपनी कुल पांचवीं रैंकिंग मजबूत करना चाहेंगे। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि अब उन्हें क्लासिकल शतरंज पसंद नहीं है। कार्लसन के नहीं खेलने के बावजूद इस प्रतियोगिता में कई शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### गुकेश का क्लासिकल शतरंज में शानदार रिकॉर्ड

अमेरिका के फैबियानो कारुआना, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा तथा अच्छी फॉर्म में चल रहे आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन भारतीय जोड़ी के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की पूरी संभावना रखते हैं। गुकेश को रैपिड शतरंज में वर्तमान फॉर्म को देखते हुए प्रबल दावेदारों में शामिल नहीं किया जा सकता लेकिन यहां नहीं भूलना चाहिए कि भारतीय ग्रैंड मास्टर का क्लासिकल शतरंज में शानदार रिकार्ड रहा है।

### प्रज्ञाननंदा जीतने के लिए तत्पर



इस बीच प्रज्ञाननंदा ने अगले वर्ष के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करके अपनी स्थिति पहले ही मजबूत कर ली है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से विश्व खिताब के लिए गुकेश के प्रतिद्वंदी का फैसला होगा। गुकेश और प्रज्ञाननंदा दोनों ने अगले महीने उज्बेकिस्तान में होने वाली ग्रैंड स्विस प्रतियोगिता में भाग लेने का निर्णय लिया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि वे सब कुछ जीतने के लिए तत्पर हैं। प्रज्ञाननंदा ग्रैंड शतरंज टूर की तालिका में वर्तमान में गुकेश से आगे हैं, लेकिन निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इस प्रतियोगिता में उनका सामना अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों से होगा। यह प्रतियोगिता दस खिलाड़ियों के बीच नौ राउंड में खेली जाएगी, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 350,000 अमेरिकी डॉलर है।

---

### मेजर लीग सॉकर : इंटर मियामी जीता, मेस्सी ने किया शानदार गोल

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** लियोनेल मेस्सी ने चोट से उबरकर दर्शकों से भारी समर्थन के बीच एक गोल किया जबकि एक गोल करने में मदद की, जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) फुटबॉल टूर्नामेंट में एलए गैलेक्सी पर 3-1 से जीत दर्ज की। मेस्सी चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए थे। मैच के बाद मियामी के डिफेंडर मैक्सिमिलियानो फाल्कन ने मेस्सी की तारीफ करते हुए कहा, 'हमें इसकी आदत हो गई है। आपने देखा होगा कि उसने क्या किया, गोल पर साफ नजर रखते हुए गेंद हासिल की और गोल कर दिया।' अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने हमवतन रोड्रिगो डी पॉल की मदद से गोल करके दर्शकों को रोमांचित किया।



मेस्सी को दो अगस्त को नेकाक्सा के खिलाफ लीग कप मैच में हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। इंटर मियामी उनके बिना लीग कप क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया, लेकिन एमएलएस मुकाबले में उसे अपने राज्य के प्रतिद्वंद्वी ऑरलैंडो सिटी से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा।

---

टूर्नामेंट की शुरुआत नौ सितंबर से यूएई में

# एशिया कपः पाकिस्तान ने की टीम घोषित, बाबर और रिजवान बाहर

एजेंसी ⏭ लाहौर



पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने इस महीने के आखिर में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला और उसके बाद एशिया कप के लिए रविवार को 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को जगह नहीं दी गई।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपनी वेबसाइट पर टीम की घोषणा की, जिसमें तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद वसीम और बाएं हाथ के गेंदबाज सलमान मिर्जा शामिल हैं। एशिया कप की शुरुआत नौ सितंबर से यूएई में टी-20 प्रारुप में होगी। इससे पहले सलमान अली आगा की अगुवाई वाली पाकिस्तान की टीम 29 अगस्त से सात सितंबर तक शारजाह में अफगानिस्तान और मेजबान यूएई के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी। पाकिस्तान को आठ टीमों के एशिया कप टूर्नामेंट में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के साथ ग्रुप ए में रखा गया है, जिसमें यूएई और ओमान भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।

### पाकिस्तान टीम

सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकिम।

---

## नेशंस कप के लिए खिलाड़ियों का ऐलान, मुख्य कोच बनने के बाद नए चेहरों पर खेला दांव

# कोच जमील के कैंप में छेत्री को नहीं मिली जगह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारतीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच बनने के बाद पहली टीम का चयन करते हुए खालिद जमील ने कुछ नए चेहरों पर दांव खेला है। इनमें सेना के डिफेंडर सुनील बेंचमिन भी शामिल हैं, जिन्होंने डूरंड कप के दौरान ध्यान खींचा।

खालिद जमील की टीम से बड़ा नाम गायब है। ये बड़ा नाम सुनील छेत्री हैं, जो 2024 में संन्यास ले चुके थे। इस साल संन्यास से वापस लौटे। वह अब 29 अगस्त से ताजिकिस्तान के हिसोर में होने वाले मध्य एशियाई टूर्नामेंट के लिए भारत 35 खिलाड़ियो की संभावित सूची में भी शामिल नहीं हैं। इस बात का कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है कि छेत्री को टीम में क्यों नहीं शामिल किया गया है। न तो खिलाड़ी की ओर से और न ही महासंघ की ओर से कुछ कहा गया है। महासंघ ने कहा कि, चयन संबंधी सवाल मुख्य कोच से पूछे जाने चाहिए। जमील ने भी कोई बयान नहीं दिया। छेत्री को ऐसे समय पर नजरअंदाज किया गया है जब उनके क्लब बेंगलुरु एफसी ने हाल ही में इंडियन सुपर लीग को लेकर अनिश्चितता के कारण पहली टीम और कर्मचारियों के वेतन रोक दिए हैं। फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड और अखिल भारतीय फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के बीच समझौते के विस्तार को लेकर गतिरोध और सुप्रीम कोर्ट में लंबित एक मामले के कारण आईएसएल का भविष्य अधर में है।

### सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिपः भारत की टीम घोषित

**नई दिल्ली।** भारत अंडर-17 महिला टीम के मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन ने भूटान के थिम्पू में 20 से 31 अगस्त तक होने वाली सैफ अंडर-17 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए रविवार को 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की।



अलेक्जेंडरसन ने इस महीने की शुरुआत में भारत की अंडर-20 टीम को दो दशक में पहली बार एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर में पहुंचाया था। वह अब अंडर-17 टीम का नेतृत्व करेंगे, जो अक्टूबर में किर्गिज गणराज्य में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर से पहले सैफ चैंपियनशिप में खेलेगी। सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में चार टीमें भारत, भूटान, नेपाल और बांग्लादेश डबल राउंड-रॉबिन लीग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम छह मैच खेलेगी और सबसे अधिक अंक हासिल करने वाली टीम चैंपियन बनेगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत नेपाल (20 अगस्त) के खिलाफ करेगा। उसके बाद वह बांग्लादेश (22 अगस्त), भूटान (24 और 27 अगस्त), नेपाल (29 अगस्त) और आखिर में बांग्लादेश (31 अगस्त) का सामना करेगा। सभी मैच चांगलिमिथांग स्टेडियम में खेले जाएंगे।

## 40 जिलों में शुरू होगा कैम्पेन, दो माह तक चलेगा

# आज से स्कूलों में बनेंगे बच्चों के आधार कार्ड

**हरिभूमि जबलपुर।**

प्रदेश में स्कूली बच्चों के आधार कार्ड बनाने का काम अब स्कूलों में ही किया जाएगा। इसके लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ समन्वय करके आधार कार्ड बनवाने की व्यवस्था शुरू कराई है। आधार कार्ड बनाने का काम सोमवार 18 अगस्त से शुरू होगा। सरकारी स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए आधार नामांकन और अपडेट शिविर लगाये जाएंगे। इस अभियान का नाम विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार रखा गया है।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने बताया कि 18 अगस्त से प्रारंभ होने वाला अभियान का पहला चरण मध्यप्रदेश के 40 जिलों में एक साथ शुरू होगा और एक से दो महीने तक चलेगा। आधार शिविरों की प्रभावशीलता को अधिकतम करने के लिए (यूआईडीएआई) ने जिलों में उन पिन कोड की पहचान की है, जहां सबसे ज्यादा एमबीयू लंबित हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने मुख्य रूप से इन पिन कोड के अंतर्गत आने वाले सरकारी स्कूलों को शिविरों के लिए चुना है। शेष 15 जिलों में दूसरा चरण सितंबर के पहले सप्ताह में शुरू होगा।

### अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट पर बेस्ड है प्रोसेस

स्कूल शिक्षा विभाग की यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) पर केंद्रित है। इसमें बच्चों के आधार कार्ड में उंगलियों के निशान, आईरिस स्कैन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है। पहला अपडेट तब आवश्यक है जब बच्चा 5 वर्ष का हो जाए। पहला एमबीयू 5 से 7 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर निःशुल्क रखा गया है। विद्यार्थी की उम्र 7 वर्ष की आयु से अधिक होने के बाद शुल्क लागू होगा। दूसरा एमबीयू तब आवश्यक है, जब विद्यार्थी 15 वर्ष का हो जाएगा। तीसरा एमबीयू 15 से 17 वर्ष की आयु के बीच पूरा होने पर निशुल्क है, लेकिन 17 वर्ष की आयु के बाद शुल्क लागू होगा।

### जरूरी हो गया बायोमैट्रिक्स आधार कार्ड

विभाग के अफसरों के अनुसार अपडेटेड बायोमैट्रिक्स वाला आधार कार्ड, स्कूल प्रवेश, प्रवेश परीक्षा, छात्रवृत्ति और डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजनाओं जैसी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जरूरी है। इसीलिए सरकार विद्यार्थियों की आधार आईडी भी 100 प्रतिशत बनाने का लक्ष्य रख रही है। आईडी विद्यार्थियों को उनके सभी शैक्षणिक क्रेडिट जैसे स्कोर कार्ड, मार्कशीट, ग्रेड शीट, डिग्री, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और सह-पाठ्यचर्या संबंधी उपलब्धियों को डिजिटल रूप से एकत्र करने, मैनेजमेंट और एक्सेस करने में मदद करती है। यह आईडी शिक्षा जगत में छात्र के लिए एक स्थायी डिजिटल पहचान के रूप में कार्य करती है। स्कूलों द्वारा आईडी बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले पोर्टल में दर्ज छात्र का नाम, आधार कार्ड में दर्ज नाम से मेल खाना चाहिए।

### छात्रों के लिए फायदेमंद रहेगा अभियान

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने बताया कि विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार अभियान के अंतर्गत बनेगा। सरकारी स्कूलों में आधार शिविर न केवल छात्रों को अपना अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करवाने में सुविधा प्रदान करेंगे बल्कि आवश्यक होने पर आधार में नाम सुधार, अपार आईडी बनाने के लिए और मोबाइल नंबर अपडेट के लिए भी उन्हें सुविधा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को अपने-अपने जिलों में आधार शिविर योजना का प्रचार करने के लिए कहा गया है।

---

**28 जिलों में हवाई पट्टी बनाने कलेक्टरों से मांगे प्रस्ताव**

# जबलपुर सहित प्रदेश के 4 बड़े शहरों की चारों दिशाओं में बनेंगे हेलीपैड



**हरिभूमि जबलपुर।**

मध्यप्रदेश के 5 बड़े शहरों में राज्य सरकार यहां चारों ओर 3 से 4 नए हेलीपैड तैयार कराएगी। इसके साथ ही जिन 28 जिलों में हवाई पट्टियां नहीं हैं, वहां एयरस्ट्रिप का निर्माण कर विमानन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। दूसरी ओर, जहां पहले से एयरस्ट्रिप है वहां की हवाई पट्टियों को विस्तारित कर औद्योगिक और घरेलू उड़ाने के लिए तैयार किया जाएगा। विमानन विभाग ने इसके लिए कलेक्टरों को पत्र लिखकर एक माह में प्रस्ताव मांगा है ताकि इस पर निर्णय लिए जा सकें।

### कलेक्टरों से 15 दिनों में मांगा प्रस्ताव

विमानन विभाग ने जबलपुर, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर के कलेक्टरों को पत्र लिखकर कहा है कि इन शहरों में वीवीआईपी मूवमेंट अधिक होता है। ऐसे में वीवीआईपी के सुरक्षा मानक, इनके आने-जाने से आमजन को होने वाली परेशानी को कम करने के लिए इस शहरों के चारों ओर तीन से चार हेलीपैड बनाया जाना है। कलेक्टरों के निर्देश दिए हैं कि वे 15 दिन में प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजें। इसमें हेलीपैड के लिए जमीन चयन करते समय सरकारी जमीन को प्रॉयोरिटी में रखना है। निजी जमीन का भी उपयोग किया जा सकता है। हेलीपैड के लिए विश्वविद्यालय, कॉलेज, औद्योगिक इकाई के परिसर का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### 28 जिलों में हवाई पट्टी नहीं, वहां प्रस्ताव मांगे

विमानन विभाग ने कहा है कि प्रदेश के 28 जिलों में अभी हवाई पट्?टी नहीं है। वहां शासकीय जमीन को प्राथमिकता देते हुए जमीन का चयन कर प्रस्ताव भेजा जाए। यह भी ध्यान देना है कि हवाई पट्टी का एरिया दो हजार वर्गमीटर से कम नहीं होना चाहिए। उसके चारों ओर बाउंड्रीवाल भी होना चाहिए। विमानन विभाग ने कहा कि इन 28 जिलों में 100 किमी के दायरे में हवाई पट्टी होना चाहिए। इसके मद्देनजर ये प्रस्ताव 15 दिन में चाहे गए हैं।

### नपा, तहसील मुख्यालयों में भी बनेंगे बनेंगे हेलीपैड

विमानन विभाग ने बाकी जिलों से कहा है कि नगरपालिका, तहसील मुख्यालय से 50 किमी के दायरे में हेलीपैड बनाया जाना है। इसलिए हेलीपैड की आवश्यकता, उपयोगिता और व्यवहारिकता को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव तैयार कर 15 दिन में सरकार को भेजें। इन स्थानों पर हेलीपैड के साथ वेटिंग रूम भी बनाए जाएंगे। गौरतलब है कि प्रदेश में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, दतिया, सतना में एयरपोर्ट बन चुके हैं।

---

# करंट से लमती में युवक की मौत पर मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** शहर के माढ़ोताल थानान्तर्गत ग्राम लमती में गत दिनों बिजली का तार टूट कर सड़क पर लटके 440 वोल्ट के चालू तार की चपेट में आने से एक युवक की मृत्यु होने की घटना सामने आई है। कटंगी निवासी 20 वर्षीय सौरभ ठाकुर पिता गुड्डा ठाकुर लमती के एक फॉर्म हाउस से मजदूरी करके रात्रि में अपने घर कटंगी लौट रहा था तभी तार में झुलसने उसकी मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों ने आक्रोशित होकर क्षेत्रीयजनों के साथ चुंगीनाका में प्रदर्शन कर विद्युत विभाग को दोषी ठहराते हुये कार्यवाही की मांग की। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण की सुनवाई करते हुये आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार टंडन की एकलपीठ ने प्रथम दृष्टया मानव अधिकारों के उल्लंघन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर एवं मप्र.पू.क्षे.वि.वि.कम्पनी के एमडी से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

# दिन दहाड़े ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नगदी पार

**जबलपुर।** खितौला थाना अंतर्गत पालीवाल कालोनी में दिनदहाड़े मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने के जेवर और नगदी की रकम चोरी कर ले गये। घटना के संबंध में खितौला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पाली वाल कालोनी निवासी 20 वर्षीय राजदीप दुबे की मां संगीता दुबे, छोटा भाई ऋषिराज अपने घर पर थे लगभग 4 बजे मां घर के पीछे सुरेश यादव के यहां भजन में चली गयी थीं. वह गेहूं पिसाने चला गया था शाम लगभग 5 बजे गेहू पिसाकर वापस आया घर के दरवाजे का ताला टूटा था दरवाजे खुले थे अंदर जाकर देखा आलमारी का दरवजा खुला था लाकर में चाबी लगी थी लाकर खुला था जिससे सोने के लगभग ढाई तोला हार, 4 नग चूड़ी वजनी ढेड़ तोला, 2 पासबुक, नगदी 30 हजार रूपये गायब थे, कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर सोने के जेवर एवं नगदी चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा धारा-331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# फल व्यापारी से बीस हजार की ऑनलाईन ठगी

**जबलपुर।** हनुमानताल थानान्तर्गत चांदनी चौक के समीप रहने वाले एक फल व्यापारी के निजी बैंक के खाते से किसी ने ऑनलाईन ट्रांजेक्शन कर बीस हजार रूपऐ निकाल लिये। ठगी के शिकार फल व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने जांच के आधार पर पूर्णे महाराष्ट्र के एक जालसाज पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। घटना के संबंध में हनुमानताल पुलिस ने बताया कि चांदनी चौक हनुमानताल निवासी शकील जिलानी फलों का थोक कारोबार करता है। शकील का निजी खाता एचडीएफसी बैंक दमोहनाका में है। वह उस खाते के माध्यम से व्यापार में ऑनलाईन पेमेंन्ट करता है। गत २ नवम्बर २०२४ को शकील के मोबाईल पर बीस हजार रूपए निकाले जाने का मैसेज अलर्ट आया। किसी ने उसके खाते से उसकी आईडी का इस्तेमाल कर दो बार में बीस हजार रूपए निकाले थे। ऑनलाईन ठगी का शिकार शकील ने जब बैंक शाखा जाकर अपना स्टेटमेंट निकालवाया तो पता चला कि किसी ने उसकी आईडी का इस्तेमाल कर पैसे निकाले हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240